3 राजधानी
एम्स सर्वर हैक मामले में केस दर्ज

6 अभिमत
गुजरात में भाजपा की विजय संभव

9 राष्ट्रीय
मध्य प्रदेश में कांग्रेस को झटका

10 विदेश
नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत की ओर

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 24
नई दिल्ली, शनिवार, 26 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



हमने लेथम को शॉट गेंदें ज्यादा डालीं: धवन
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# भारत का इतिहास सिर्फ गुलामी का नहीं

- भारत का इतिहास वीरता का रहा है लेकिन इसे जानबूझकर दबा दिया गया: प्रधानमंत्री
- हम अपने गुमनाम बहादुरों को याद कर गलतियों को सुधार रहे हैं



**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपनी विरासत का जश्न मनाकर और औपनिवेशिक काल के दौरान साजिश के तहत लिखे गए इतिहास के पन्नों में खोए अपने गुमनाम बहादुरों को याद करके अपनी पिछली गलतियों को सुधार रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास वीरता का रहा है लेकिन इसे जानबूझकर दबा दिया गया जबकि जरूरत, आजादी के बाद भारत को गुलाम बनाने वाले विदेशियों के एजेंडे को बदलने की थी। मोदी यहां स्थित विज्ञान भवन में पूर्ववर्ती अहोम साम्राज्य के जनरल लचित बोड़फूकन की 400वीं जयंती पर साल भर आयोजित कार्यक्रमों के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, भारत का इतिहास सिर्फ गुलामी का इतिहास नहीं है। भारत का इतिहास योद्धाओं का इतिहास है, अत्याचारियों के विरूद्ध अभूतपूर्व शौर्य और पराक्रम दिखाने का इतिहास है। भारत का इतिहास वीरता की परंपरा का रहा है। उन्होंने कहा, लेकिन दुर्भाग्य से हमें आजादी के बाद भी वही इतिहास पढ़ाया जाता रहा जो गुलामी के कालखंड में साजिशन रचा गया था। देश के कोने-कोने में भारत के सपूतों ने आतताइयों का मुकाबला किया लेकिन इस इतिहास को जानबूझकर दबा दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद जरूरत थी कि गुलाम बनाने वाले विदेशियों के एजेंडे को बदला जाता, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

उन्होंने लचित बोड़फूकन की वीरता का उल्लेख करते हुए सवाल किया कि क्या उनका शौर्य मायने नहीं रखता और क्या देश की संस्कृति व पहचान के लिए मुगलों के खिलाफ युद्ध में लड़ने वाले असम के हजारों लोगों का बलिदान कोई मायने नहीं रखता? उन्होंने कहा, हम सब जानते हैं कि अत्याचारों से भरे लंबे कालखंड में अत्याचारियों पर विजय की भी हजारों गाथाएं हैं। जय, त्याग और तर्पण की गाथाएं हैं। इन्हें इतिहास की मुख्यधारा में जगह ना देकर पहले जो गलती हुई, अब देश उसे सुधार रहा है। मोदी ने कहा कि लचित बोड़फूकन की जयंती को मनाने के लिए दिल्ली में किया गया यह आयोजन इसी का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज गुलामी की मानसिकता को छोड़ अपनी विरासत पर गर्व करने के भाव से भरा हुआ है और भारत ना सिर्फ अपनी सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मना रहा है बल्कि अपनी संस्कृति के ऐतिहासिक नायक-नायिकाओं को भी गर्व से याद कर रहा है। मोदी ने कहा कि बोड़फकून ऐसे वीर योद्धा थे, जिन्होंने दिखा दिया कि हर आतंकी का अंत हो जाता है लेकिन भारत की अमर ज्योति अमर बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बोड़फूकन का जीवन देश के सामने उपस्थित कई वर्तमान चुनौतियों का डटकर सामना करने के साथ ही यह प्रेरणा भी देता है कि परिवारवाद, भाई-भतीजावाद नहीं, बल्कि देश सबसे बड़ा होना चाहिए। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बोड़फूकन की 400वीं जयंती के उपलक्ष्य में यहां लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, राज्यपाल जगदीश मुखी और केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ज्ञात हो कि लचित बोड़फूकन के 400वें जयंती वर्ष समारोह का उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसी साल फरवरी में असम के जोरहाट में किया था।लचित बोड़फूकन असम के पूर्ववर्ती अहोम साम्राज्य में एक सेनापति थे। सरायघाट के 1671 के युद्ध में उनके नेतृत्व के लिए उन्हें जाना जाता है। इस युद्ध में औरंगजेब के नेतृत्व वाली मुगल सेना का असम पर कब्जा करने का प्रयास विफल कर दिया गया था।इस विजय की याद में असम में 24 नवंबर को लचित दिवस मनाया जाता है। सरायघाट का युद्ध गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के तटों पर लड़ा गया था।

# आबकारी नीति घोटाले में आरोप पत्र पेश, सिसोदिया का नाम नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली







- सीएम केजरीवाल ने घोटाले को बताया पूरी तरह फर्जी उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को फंसाने का लगाया आरोप
- चार्जशीट में गिरफ्तार दो व्यापारियों समेत सात आरोपियों के नाम शामिल

**सीबीआई** ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार व्यापारियों-विजय नायर और अभिषेक बोनिपल्ली समेत सात आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को अदालत में अपना पहला आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष यह कि जांच एजेंसी की एफआईआर में मुख्य आरोपी के तौर पर दर्ज उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का नाम इस आरोपपत्र में नहीं है।

इस चार्जशीट को लेकर हमलावर हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति घोटाला मामले को पूरी तरह फर्जी करार दिया और आरोप लगाया कि इसमें उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को फंसाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि 800 अफसरों को चार महीने की जांच में सिसोदिया के खिलाफ कुछ नहीं मिला। मनीष ने शिक्षा क्रांति से देश के करोड़ों गरीब बच्चों को अच्छे भविष्य की उम्मीद दी। मुझे दु:ख है कि ऐसे शख्स को झूठे केस में फंसा कर बदनाम करने की साजिश रची गई। उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने भी उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्य सचिव नरेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सक्सेना और कुमार की वजह से उन्हें बेवजह फंसाया गया। भाजपा नीत केंद्र सरकार ने उनके आवास पर सीबीआई और ईडी को छानबीन के लिए भेजा, लेकिन कभी कुछ नहीं मिला। आप प्रवक्त सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर राजनीतिक फायदे के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

अधिकारियों ने बताया कि सात आरोपियों को भादंसं की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) तथा भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम में रिश्वतखोरी के प्रावधान के आरोपित किया गया है। सीबीआई के आरोप पत्र में नायर और बोनिपल्ली के अलावा जिनके नाम हैं, उनमें इंडिया एहेड न्यूज के प्रबंध निदेशक मूथा गौतम, हैदराबाद निवासी शराब कारोबारी एवं रोबिन डिस्टिलियरीज एलएलपी में बोनिपल्ली के साझेदार अरुण आर पिल्लई, इंडो स्पीरिट के मालिक समीर महेंद्रू और आबकारी विभाग के उपायुक्त कुलदीप सिंह तथा सहायक आयुक्त नरेंद्र सिंह शामिल हैं। सिसोदिया का नाम इस आरोपपत्र में नहीं है, जबकि सीबीआई की प्राथमिकी में वह नामजद हैं। अधिकारियों ने बताया कि नायर एवं बोनिपल्ली को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था लेकिन हाल में एक विशेष अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। उनके अनुसार हालांकि वे प्रवर्तन निदेशालय के मामले में अब भी हिरासत में हैं।

सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि लाइसेंसधारियों के साथ साजिश, पैसे के लेन-देन, व्यवसायिक समूह बनाने तथा राष्ट्रीय राजधानी में विवादास्पद आबकारी नीति के निर्माण एवं उसके क्रियान्वयन में व्यापक साजिश जैसे विभिन्न आरोपों संबंध में प्राथमिकी में नामजद आरोपियों एवं अन्य की भूमिका की जांच जारी है। ( शेष पेज 8 )

# ऑस्ट्रेलियाई महिला की हत्या में भारतीय मूल का व्यक्ति पकड़ा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- क्वींसलैंड पुलिस आरोपी राजविंदर सिंह पर रखा था 10 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर (5.5 करोड़ रुपये) का इनाम

**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने वर्ष 2018 में ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में रहने वाली महिला की हत्या करने के आरोप में भारतीय मूल 38 वर्षीय व्यक्ति को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी राजविंदर सिंह चार साल से फरार था। क्वींसलैंड पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर का इनाम रखा था। सिंह ऑस्ट्रेलिया में नर्स का काम करता था।

जानकारी के अनुसार, आरोप है कि भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई नागरिक राजविंदर सिंह ने 21 अक्टूबर 2018 को ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एक ऑस्ट्रेलियाई महिला टोयाह कोर्डिंगले की उस समय बेहरमी से हत्या कर दी थी जब वह अपने कुत्ते के साथ क्वींसलैंड के वांगेटी बीच पर टहल रही थी। इसके बाद आरोपी पत्नी और तीन बच्चों को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया से भाग गया था। सीबीआई, इंटरपोल और स्पेशल सेल के साथ चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन में सर्विलांस की मदद से आरोपी को पकड़ा लिया। इंटरपोल ने सिंह के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। इसके साथ ही भारत में सीबीआई और इंटरपोल ने एक गैर-जमानती वारंट भी जारी किया था। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग ने 4 नवंबर 2022 को ट्विटर के माध्यम से बताया कि आरोपी के खिलाफ 10 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर (लगभग 5.5 करोड़ रुपये) के इनाम की घोषणा की गई थी, जो अब तक का सबसे बड़ा इनाम था। स्पेशल सेल के मुताबिक शुक्रवार को सुबह छह बजे सीबीआई, इंटरपोल और ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियों द्वारा साझा किए गए इनपुट के आधार पर एक आरोपी को करनाल जीटी रोड के पास से पकड़ा गया।

## आनंद तेलतुंबडे को मिली जमानत के खिलाफ एनआईए की याचिका खारिज

**नई दिल्ली ( भाषा )।** उच्चतम न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में सामाजिक कार्यकर्ता आनंद तेलतुंबडे को मिली जमानत के खिलाफ राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि वह तेलतुंबडे को जमानत देने से संबंधित बंबई उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करेगी। उच्च न्यायालय ने इस बात का संज्ञान लेते हुए 18 नवंबर को तेलतुंबडे की जमानत अर्जी मंजूर कर ली थी कि प्रथम दृष्टया तेलतुंबडे के खिलाफ एकमात्र मामला एक आतंकवादी समूह के साथ कथित संबंध और उसे दिए गए समर्थन से संबंधित है, जिसके लिए अधिकतम 10 साल जेल की सजा है। उच्च न्यायालय ने, हालांकि, एक सप्ताह के लिए अपने जमानत आदेश पर रोक लगा दी थी, ताकि मामले की जांच कर रही एजेंसी एनआईए उच्चतम न्यायालय का रुख कर सके। तेलतुंबडे (73) इस मामले में गिरफ्तार कुल 16 आरोपियों में तीसरे आरोपी हैं, जिन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया गया है।

# असम-मेघालय सीमा पर तनाव बरकरार, फिर हिंसा-आगजनी

- शिलांग में गैर आदिवासी लोगों की दुकानें व कारोबारी प्रतिष्ठान बंद
- असम पुलिस की लोगों को मेघालय की यात्रा नहीं करने की सलाह



**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी/शिलांग

**असम-मेघालय** सीमा पर गुरुवार देर रात फिर आगजनी और तोड़फोड़ की गई। शिलांग के एक हिस्से में प्रदर्शन और कैंडल मार्च खत्म होने के तुरंत बाद यहां हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बस और एक जीप पर पेट्रोल बम फेंके तथा पुलिसकर्मियों पर भी पथराव किया। इसमें चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। बीते मंगलवार को हुई हिंसा के बाद से तनाव की स्थिति बनी हुई है।

शिलांग के ख्यांदाइलाद, लेवदुह और कुछ अन्य क्षेत्रों में गैर-आदिवासियों द्वारा संचालित दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान हिंसा की आशंका के चलते गुरुवार से एहतियातन बंद कर दिए गए हैं। असम पुलिस के अधिकारियों ने शुक्रवार को नया परामर्श जारी कर अपने नागरिकों को मेघालय की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। गुवाहाटी के पुलिस उपायुक्त (पूर्व) सुधाकर सिंह ने कहा कि स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। यही कारण है कि हम लोगों को (मेघालय की) यात्रा नहीं करने की सलाह दे रहे हैं। कचार के पुलिस अधीक्षक नोमाल महट्टा ने भी कहा कि असम से इस जिले के रास्ते मेघालय आ रहे लोगों एवं गाड़ियों पर भी ऐसी ही पाबंदी लगाई गई है। मेघालय के लोगों के लिए राहत की बात यह रही कि असम पेट्रोलियम मजदूर यूनियन (एपीएमयू) ने पड़ोसी राज्य से टैंकरों एवं संबंधित कर्मियों की सुरक्षा का आश्वासन मिलने के बाद ईंधन की आपूर्ति बहाल करने का फैसला किया। ( शेष पेज 8 )

# गणतंत्र दिवस पर मिस्र के राष्ट्रपति होंगे मुख्य अतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- भारत ने मिस्र के साथ राजनीतिक व रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए बढ़ाया कदम

**भारत** ने मिस्त्र के साथ राजनीतिक और रक्षा संबंधों को बढ़ाने और मजबूत करने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। यह पहला मौका होगा जब मिस्र का कोई राष्ट्रध्यक्ष गणतंत्र दिवस के भव्य आयोजन का मुख्य अतिथि होगा।

सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अक्टूबर में काहिरा यात्रा के दौरान मिस्त्र के राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। अल सिसी वर्ष 2014 से मिस्त्र के राष्ट्रपति हैं। मिस्र अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। मालूम हो कि भारत और मिस्त्र ने इस साल राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई है। मिस्त्र के राष्ट्रपति ने भारत का आखिरी बार दौरा वर्ष 2016 में किया था। सिसी ने अक्टूबर 2015 में नई दिल्ली में तीसरे भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। उसी वर्ष दोनों नेताओं ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के मौके पर भी मुलाकात की थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस साल सितंबर में मिस्र का दौरा किया था और अपने मिस्त्र के समकक्ष जनरल मोहम्मद जकी के साथ उनके द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के पूरे परिदृश्य पर बातचीत की थी। दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रशिक्षण, रक्षा सह-उत्पादन और उपकरणों के रखरखाव पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किया था। मिस्त्र ने भारत में डिजाइन और निर्मित तेजस हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) खरीदने के प्रति रूचि दिखाई थी। ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,294 | ↑ | 21 | |
| निफ्टी | 18,513 | ↑ | 29 | |
| सोना | 52,517 | ↓ | 154 | /10g |
| चांदी | 61,387 | ↑ | 606 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक में दो चुनाव अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने कर्नाटक की तीन विधानसभा सीटों की मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने और हटाने की समीक्षा करने का अधिकारियों को शुक्रवार को निर्देश दिया। इसके साथ ही आयोग ने राज्य में चुनावी धोखाधड़ी के आरोपों को लेकर दो अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया।चुनाव निकाय ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक जनवरी, 2022 के बाद शिवाजीनगर, चिकपेट और महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में किए गए बदलाव (नाम शामिल करने और हटाने) की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा करने का निर्देश दिया ताकि वे दावे व आपत्तियां दर्ज करा सकें। कांग्रेस ने एक दिन पहले चुनाव निकाय में एक याचिका दायर की थी।

# आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में भी लागू होगी पुलिस कमिश्नर प्रणाली

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कैबिनेट के फैसले**

- कैबिनेट ने तीनों जिलों में कमिश्नरेट के गठन के प्रस्ताव को प्रदान की मंजूरी



**योगी** कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। अब यूपी के तीन और जिलों में कमिश्नरेट के गठन का रास्ता साफ हो गया है। गाजियाबाद, आगरा और इलाहाबाद को कमिश्नरेट बनाए जाने के प्रस्ताव पर योगी कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज जिले में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की जाएगी। यूपी के चार जिलों. लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और नोएडा में पहले से ही पुलिस कमिश्नरेट की व्यवस्था लागू है।

प्रदेश सरकार के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लोकभवन में मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करके आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज के संपूर्ण जिला क्षेत्र में पुलिस आयुक्ता प्रणाली लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तीनों जिलों को पहले मेट्रोपोलिटन एरिया घोषित किया जाएगा और उसके बाद इन क्षेत्रों में यह प्रणाली लागू की जाएगी। डीजीपी की ओर से इस इस संबंध में 23 नवंबर को शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें कहा गया था कि जनपद आगरा, गाजियाबाद एवं प्रयागराज में नगरीय क्षेत्रों की जनसंख्या 10 लाख से अधिक है। इसके दृष्टिगत दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-8 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पुलिस जनपदों आगरा, गाजियाबाद एवं प्रयागराज के अधीन आने वाले थानों के गठन सम्बन्धी अधिसूचना को निर्गत किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा पुलिस एक्ट की धारा-2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर सम्पूर्ण आगरा जनपद, सम्पूर्ण गाजियाबाद जनपद तथा सम्पूर्ण प्रयागराज जनपद में पुलिस आयुक्त तथा सहयोगी पदों का गठन किए जाने विषयक अधिसूचना को निर्गत किए जाने की स्वीकृति भी कैबिनेट द्वारा प्रदान की गई है। कैबिनेट ने तीनों महानगरीय क्षेत्रों में भविष्य में सृजित होने वाले नगरीय क्षेत्र के थानों को सम्मिलित किए जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में पहले से लखनऊ गौतमबुद्धनगर (नोएडा), कानपुर नगर और वाराणसी में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू है। राज्य के 75 जिलों में अब सात जिलों में पुलिस आयुक्तालय प्रणाली लागू हो जाएगी। जनवरी 2020 मे प्रदेश में सबसे पहले लखनऊ और गौतमबुद्धनगर (नोएडा) में यह व्यवस्था लागू हुई थी और इसके बाद मार्च 2021 में कानपुर नगर और वाराणसी में भी पुलिस आयुक्त प्रणाली की शुरुआत हुई। इससे इन जनपदों में अपराध नियंत्रण की स्थिति तथा कानून-व्यवस्था में गुणात्मक सुधार आया और नागरिक सेवाएं सुदृढ़ हुई है। इन जनपदों में पुलिस आयुक्त प्रणाली की सफलता के दृष्टिगत ही कैबिनेट द्वारा आगरा, गाजियाबाद एवं प्रयागराज में यह व्यवस्था लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## पीपीपी मॉडल पर होगा आधुनिक सुविधाओं वाले 23 बस अड्डों का निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कैबिनेट** ने राज्य के बड़े शहरों में 23 बस अड्डों को पीपीपी (निजी-सार्वजनिक सहभागिता) मॉडल पर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। ये बस अड्डे हवाई अड्डे की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे।

प्रदेश सरकार के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि लखनऊ आगरा और प्रयागराज के दो-दो बस अड्डे तथा बनारस, कानपुर, गोरखपुर समेत बड़े शहरों के 23 बस अड्डों को हवाई अड्डे की तर्ज पर पीपीपी मॉडल से बनाने के लिए कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि इसमें हर तरह की सुविधा मिलेगी और जो यात्री आएंगे उनके ठहरने की व्यवस्था भी रहेगी। मंत्री ने कहा कि इन बस अड्डों में अच्छे होटल और भोजनालय के इंतजाम के साथ वहां पर उन्हें सामान की खरीददारी के लिए मॉल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सिंह ने कहा कि जिस तरह हवाई अड्डों पर बेहतर शौचालय, बैठने के लिए अच्छी सुविधाएं और महिलाओं के लिए अलग सुविधाएं रहती हैं, उसी तरह पेयजल से लेकर आधुनिक सभी सुविधाएं इन बस अड्डों पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में यह प्रक्रिया अपनाई जाएगी, लेकिन प्रथम चरण में बड़े शहरों में 23 बस अड्डों के निर्माण से इसकी शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि इसकी निविदा जल्द ही जारी कर दी जाएगी।

## संसद सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने छह दिसंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र में सुचारू रूप से कामकाज सुनिश्चित करने, सत्र के दौरान विधाई कार्यो एवं महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए छह दिसंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मेघवाल ने भाषा को बताया, सर्वदलीय बैठक छह दिसंबर को सुबह 11 बजे बुलाई गई है। उन्होंने बताया कि इस बैठक (सरकार द्वारा बुलाई) में संसद सत्र के दौरान सुचारू रूप से कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग मांगा जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस बैठक के लिए लोकसभा एवं राज्यसभा में राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं को निमंत्रण भेजा है। इसमें कहा गया है कि संसद के आसन्न शीतकालीन सत्र में लिए जाने वाले संभावित विधाई कार्यो एवं महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए लोकसभा एवं राज्यसभा में राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं को आमंत्रित कर रहे हैं।

# जेवर एयरपोर्ट के तीसरे व चौथे चरण को केबिनेट की मंजूरी

## दस गांवों की 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा, इसमें 15 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को कई बड़े फैसले लिए हैं। जेवर के पास बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के तीसरे और चौथे चरण के निर्माण को यूपी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। तीसरे ओर चौथे चरण के एयरपोर्ट के लिए दस गांवों की 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। यह काम पूरा होने से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन जाएगा। इस एयरपोर्ट पर 6 रन-वे बनाए जाएंगे।

चारों चरण में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 4752 हेक्टेयर जमीन पर बनाया जाएगा। चार चरणों में जब इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनकर तैयार हो जाएगा तो इसकी क्षमता 250 मिलियन पैसेंजर प्रति वर्ष होगी। इसके साथ ही इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सबसे बडा कार्गो हब, एविएशन हब और एमआरओ बनाए जाएंगे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण आने वाले 70 साल के लिए किया जा रहा है।

इसके लिए पहले चरण की जमीन कंपनी को दे दी गई है। दूसरे चरण के लिए भूमि अधिग्रहण चल रहा है। नियाल के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि अब तीसरे और चौथे चरण का निर्माण करने के लिए मंजूरी मिल गई है।

डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि अब तीसरे और चौथे चरण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी। जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार करके शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। जमीन अधिग्रहण पर करीब 15 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। जमीन अधिग्रहण करने के लिए दस प्रतिशत धनराशि एडीएम लैंड के खाते में जमा कर दी जाएगी।

इसमें यूपी सरकार के अलावा नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी की भागेदारी होगी। इसके बाद किसानों से सहमति ली जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 1334 हेक्टेयर, दूसरे चरण में 1365 हेक्टेयर और अब तीसरे व चौथे चरण में क्रमशः 1318 और 735 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होगा। डॉ अरुणवीर सिंह कहते हैं, यह देश का सबसे बडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेगा।

चार चरणों में बनने वाले एयरपोर्ट के दो चरण के लिए जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। चार रनवे पैसेंजर उड़ानों के लिए बनाए जाएंगे। पांचवा रनवे कार्गो हब और छठा रनवे एमआरओ के लिए बनाया जाएगा। यहां पर हैलीपोर्ट भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एशिया का सबसे बड़ा एविएशन हब बनाया जाएगा। यहां पर हवाई जहाज के कलपुर्जे बनाने वाली इंडस्ट्री लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में वर्ष 2023 में हवाई जहाज उड़ान भरने लगेंगे। मिली जानकरी के मुताबिक साल 2023 से लेकर 2027 तक पहले चरण में 12 मिलियन पैसेंजर यहां से आवागमन करेंगे। वर्ष 2031 से 2033 तक 30 मिलियन पैसेंजर और 2033 से 2036 तक 50 मिलियन पैसेंजर इस हवाईअड्डे का उपयोग करेंगे। इस तरह वर्ष 2070 नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 225 मिलियन पैसेंजर यात्रा करने लगेंगे।

डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा 40 साल के लिए ज्यूरिख कंपनी को संचालन के लिए दिया गया है।

इसके बाद एयरपोर्ट के संचालन के लिए फिर से बिड होगी लेकिन पहले से संचालन करने वाली कंपनी को छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां प्रति पैसेंजर 4.97 रुपये यूपी सरकार, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी को मिलेंगे।

# नगर निगम ने जारी किया 16 स्थानों पर पार्किंग का ठेका

- खुली बोली के अनुसार मिलेगा टेंडर




**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लंबे समय बाद नगर निगम में शहर के 16 स्थानों पर पार्किंग का ठेका छोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

जिन पार्किंग का ठेका छोड़ा जा रहा है इनमें ऑपुलेंट मॉल के बाहर, वैशाली आरके टॉवर, श्री कृष्ण वाटिका वैशाली सेक्टर तीन, मोहननगर स्थित मीटा कंपनी से वर्ल्ड स्क्वायर मॉल तक, मोहननगर सरदार पटेल संस्थान के बराबर में, मदर डेरी तहसील कंपाउंड, शिवा टॉवर के बाहर, नेहरूनगर स्थित यशोदा अस्पताल के बाहर, श्यामप्रसाद मुकर्जी पार्क के बाहर, सरस्वती शिशु मंदिर क्रीड़ा स्थल, नवयुग मार्केट स्थित पंजाब नैशनल बैंक व इलाहाबाद बैंक के बाहर, पुरानी सब्जी मंडी, आरटीओ कार्यालय के बाहर, मुख्य कार्यालय नवयुग मार्केट स्थित पोस्ट ऑफिस से स्टेट बैंक तक, गौर मॉल के गेट के सामने, गौर मॉल के बराबर से एपल ट्री को जाने वाली सडक के किनारे खाली पटरी पर मोनू टी स्टाल से गौर मॉल परिसर की पिछली दीवार तक पार्किंग प्वॉइंट हैं। पार्किंग का ठेका टू बिड सिस्टम के तहत छोड़ा गया है।

पार्किंग का यह ठेका छोड़ने के लिए 11 बजे से ही नगर निगम में बोली लगाने के लिए बड़ी संख्या में रजिस्टर्ड ठेकेदारों ने हिस्सा लिया है।

खुली बोली का आयोजन एक बजे तक हुआ और इसके बाद पार्किंग के अधिकतम ऑफर का बंद लिफाफा खोल कर पार्किंग का ठेका फाइनल किया गया है।

# नोएडा के ट्विन टावर की तरह गाजियाबाद में भी 17 मंजिला इमारत होगी जमींदोज

- निर्माण में बरती गई थी अनियमितताएं

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नोएडा में ट्विन टावर की तर्ज पर अब गाजियाबाद में भी एक बहुमंजिला इमारत गिराई जाएगी, क्योंकि इसके निर्माण में भी भ्रष्टाचार हुआ है। दरअसल, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की जांच में पाया गया है कि वसुंधरा योजना में 17 मंजिली मर्लिन सोसायटी का निर्माण करने में तमाम अनियमितताएं बरती गईं। इसी कड़ी में बहुमंजिला इमारत का निर्माण करने के दौरान बिल्डर को अनुमति सिर्फ 114 फ्लैट बनाने की थी वहीं, बिल्डर ने 257 फ्लैटों का निर्माण कर दिया। जांच में भ्रष्टाचार की बात सामने आने पर इसे ढहाने का फैसला लिया गया है। ट्विन टावर ध्वस्त करने वाली कंपनी को ही इस इमारत को गिराने का टेंडर मिल सकता है। इसका इशारा अधिकारियों की ओर से किया गया है। नोएडा सेक्टर-93 ए स्थित ट्विन टावर को गिराने वाली कंपनी एडिफाइस को ही इसका जिम्मा दिया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि गाजियाबाद की इस सोसायटी में बेसमेंट से लेकर सभी फ्लोर में अवैध निर्माण किया गया है। ज्ञात हो इस साल ही नोएडा के ट्विंस टावर गिराये गए थे। इसके बाद लगातार अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की मांग बढ़ रही थी।

# भारत नवाचार और उद्यमशीलता का घरः उपराष्ट्रपति

- यूनेस्को-इंडिया-अफ्रीका हैकथॉन का समापन, 20 विजेताओं को बांटे पुरस्कार




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में 22 से 25 नवम्बर तक चल रहे यूनेस्को-इंडिया-अफ्रीका हैकथॉन 2022 का समापन हो गया।

यूनेस्को-इंडिया-अफ्रीका हैकथॉन 2022 के समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल उपस्थित रही। समापन पर 20 विजेता टीमों को उपराष्ट्रपति के द्वारा पुरस्कार के रूप में 3.3 लाख रुपये के चेक वितरित किए गये। उपराष्ट्रपति ने अपने सम्बोधन में कहा भारत नवाचार और उद्यमशीलता का घर है, उन्होंने हैकथॉन के विजेताओं को बधाई दी और इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 600 प्रतिभागियों की सराहना की।

उन्होंने कहा हैकथॉन एक ऐसा आयोजन है जहां लोग 24-48 घंटों के कम समय में तीव्र और सहयोगी इंजीनियरिंग में संलग्न रहते हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री भारत सरकार धर्मेन्द्र प्रधान, कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सूर्यप्रताप शाही, सांसद डा महेश शर्मा, विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह, मुख्य नवाचार अधिकारी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् भारत सरकार डॉ अभय जेरे, गौतमबुद्धनगर के पुलिस आयुक्त आलोक सिंह, मण्डलायुक्त मेरठ मण्डल मेरठ सेल्वा कुमारी जे0, जिलाधिकारी सुहास एलवाई, कार्यक्रम से जुड़े हुये भारत सरकार व अन्य देशों के वरिष्ठतम अधिकारी उपस्थित रहे।

### वसुधैव कुटुम्बकम को सुदृढ़ किया: पटेल

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत ने हमेशा पूरी दुनिया एक परिवार वसुधैव कुटुम्बकम के विचार को सुदृढ़ किया है और यह दुनिया को एक साथ और करीब लाने के लिए वैश्विक स्तर पर हमारे प्रयासों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। यूनेस्को.भारत.अफ्रीका हैकथॉन भारत के ऐसे ही सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है। भारत दुनिया को जोडने तथा सांस्कृतिक रूप से एक.दूसरे को करीब लाने वाला, जातीयताओं और विभिन्न मान्यताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने की दृढ़ इच्छा रखता है।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित सोनी/नीमा जलाल सोनी - LBJAI00003368110-बी 41, सेक्टर - 70, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा जिला, उत्तर प्रदेश- 201301 | प्लॉट नंबर एस 101 से एस 105, प्रथम तल, पिंक प्राइड, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास भांकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान- 303902 | 04-10-2022 रू. 48,66,677.00/- | 06-12-2021 |
| 2. | सुनील सिंह तंवर/गीता देवी- प्लॉट नंबर 29ए, गौतम एन्क्लेव, मनसा माता मंदिर, रोड, सोनी मैरिज गार्डन के पीछे, हरमादा, जयपुर, राजस्थान-302013 खाता नंबर :- LBJAI00005247669 | प्लॉट नंबर 11, पश्चिमी भाग, गौतम एन्क्लेव स्कीम, ग्राम हरमादा, सीकर रोड, बडराना, जयपुर, राजस्थान- 302015 | 08-10-2022 रू. 10,07,884/- | 04-07-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 25 नवम्बर, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर (नोएडा, फरीदाबाद) — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,

लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemd-ujs-uk@nic.in

पत्रांक : 3769/अल्पकालीन निविदा सूचना/2022-23 — दिनांक : 25.11.22

**अल्पकालीन निविदा सूचनाः**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं मे द्वितीय चरण के कार्यो हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान/उत्तराखण्ड पेयजल निगम पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो से मुहरबंद निविदायें दिनांक 12.12.2022 की सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में खोली जाएंगी, निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय/सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 09-12-2022 सायं 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकतें हैं।

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विकासनगर | कोटी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निमार्ण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 44000.00 | ₹1500 + GST | 04 माह | डी0 एवं उच्चत्तर |
| 2 | कालसी | लखवाड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निमार्ण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 33600.00 | ₹1500 + GST | 04 माह | डी0 एवं उच्चत्तर |
| 3 | कालसी | ठुरऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निमार्ण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 21300.00 | ₹1500 + GST | 04 माह | डी0 एवं उच्चत्तर |
| 4 | कालसी | निछिया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निमार्ण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 33900.00 | ₹1500 + GST | 04 माह | डी0 एवं उच्चत्तर |
| 5 | कालसी | झुटाया सैरी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निमार्ण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 25400.00 | ₹1500 + GST | 04 माह | डी0 एवं उच्चत्तर |

नोटः- निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्ते विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हैं।

"जल संचय-जीवन संचय" — अधिशासी अभियन्ता

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनूप कुमार शर्मा, अन्नू शर्मा, 56/9, वसंतकुंज, किशनगढ़, नई दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर :- LBLUC00004913502 | मकान नंबर 634/के-148 का प्लॉट के रूप में खुला हिस्सा, खसरा नंबर 148 क मिनजुमला, मोहल्ला हरदासी खेड़ा, वार्ड शहीद भगत सिंह, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 05-11-2022 रू. 20,30,442/- | 03-08-2022 |
| 2. | रोहित गुप्ता, स्वप्ना गुप्ता, 10 ए, ओल्ड विजय नगर कालोनी, निकट आगरा पब्लिक स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBAGR00001902629 | अपार्टमेंट नंबर जीडीआई0061004, गार्डन आइजल्स, विश टाउन, जेपी ग्रीन्स, सेक्टर-133, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 05-11-2022 रू. 28,89,145/- | 08-08-2022 |
| 3. | संदीप कुमार, राजेन्द, रूपा, 442, निकट वाल्मीकि चौक, घिटोरनी, दिल्ली, खाता नंबर :- LBHWR00004614177 | प्लॉट नंबर 134 के भाग पर मकान, खसरा नंबर 7/2, ग्राम मिस्सरपुर मुस्तकाम, परगना ज्वालापुर, तहसील और जिला हरिद्वार, उत्तराखंड | 05-11-2022 रू. 14,51,681/- | 03-08-2022 |
| 4. | सृष्टि गोयल, रेणु गोयल, ए-3-1003, कृष्णा अप्रा गार्डन, इंदिरापुरम, निकट शिप्रा मॉल, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, खाता नंबर :- LBMUZ00005158290 | खसरा नंबर 359 मिनजुमला के अंश प्लॉट नंबर 134 पर भू तल पर मकान, मोहल्ला किरण सिटी (मुस्तफाबाद), मुजफरनगर, उत्तर प्रदेश | 05-11-2022 रू. 15,53,450/- | 03-08-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 25 नवम्बर, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली (नोएडा, गुरूग्राम, गाजियाबाद) — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# यमुना के डूब क्षेत्र में चलेगा प्राधिकरण का बुलडोजर

- प्राधिकरण ने नोटिस जारी कर पांच दिन में तथ्य जुटाने को कहा



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण यमुना और हिंडन के डूब क्षेत्र में बने फार्महाउस मालिकों को कोई रियायत देने के मूड में नहीं है। इसके लिए फार्म हाउस संचालकों की ओर से दी गई आपत्ति के जवाब देने के बाद प्राधिकरण बड़े स्तर पर कार्रवाई करने जा रहा है।

अबकी बार कार्यवाही सेक्टर-150 की तरफ से होगी। इसके लिए प्राधिकरण ने एक नोटिस जारी करते हुए पांच दिन में तथ्य जुटाने के लिए कहा है। दरअसल, प्राधिकरण ने यमुना के डूब क्षेत्र में सेक्टर-150, 135 में बड़े स्तर पर बुलडोजर चलाकर फार्म हाउसों को ध्वस्त किए थे। शिकायत मिल रही है जिन फार्म हाउसों को तोड़ा गया था वहां निर्माण किया गया है। और उनमे व्यवसायिक गतिविधियां फिर से शुरू की गई है।

जबकि प्राधिकरण ने सार्वजनिक नोटिस जारी कर स्पष्ट किया था यहां किसी प्रकार का पक्का निर्माण नहीं हो सकता है। इस साल मई.जून में प्राधिकरण ने तीन क्लबों सहित 124 फार्महाउसों को ध्वस्त कर दिया गया था। प्राधिकरण ने इस क्षेत्र में 1000 फार्महाउस को अवैध घोषित किया है जिनको ध्वस्त किया जाएगा। हाल ही में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ माहेश्वरी ने भी स्पष्ट कर दिया था कि कार्यवाही जारी रहेगी।


## कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई (विद्युत)

उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम
हाऊस नं0-844, इन्दिरा नगर कालोनी, बसन्त विहार, देहरादून

पत्रांक 2154/निविदा/27 — दिनांक 24/11/2022

**कोटेशन सूचना**

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई (विद्युत), उत्तराखण्ड पेयजल निगम देहरादून के कार्यालय प्रयोग हेतु मासिक किराये के आधार पर डीजल चालित टैक्सी (मारुती डिजायर/बोलेरो/होंडा अमेज समतुल्य मॉडल) की आवश्यकता है। इस कार्य हेतु इच्छुक कोटेशनदाताओं से दिनांक 15.12.2022 की सांय 3:00 बजे तक कोटेशन आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सांय 3:30 बजे कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई (विद्युत) उत्तराखण्ड पेयजल निगम देहरादून इन्दिरा नगर देहरादून में खोली जायेगी।

नियम एवं शर्तें की प्रति दिनांक 14.12.2022 तक कार्य दिवस में इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय,
(योगेश कुमार), परियोजना प्रबन्धक

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड
## उत्तराखण्ड जल संस्थान

लेन नं.-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No.: 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 3770/ई-निविदा सूचना/2022-23 — **ई-निविदा संशोधन** — दिनांक: 25.11.2022

इस कार्यालय पत्रांक सं.-3609/ ई - निविदा सूचना /2022-23 दिनांक 16.11.2022 एवं ई-निविदा संशोधन पत्रांक संख्या-3727/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 22.11.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि | 29.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 30.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | 02.12.2022 at 11:00 Hrs |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि | 07.12.2022 at 11:00 Hrs |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि | 12.12.2022 Upto 17:00 Hrs |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज) | 12.12.2022 Upto 17:00 Hrs |
| 7 | बिड खोलने की तिथि | 13.12.2022 at 11:00 Hrs |

शेष नियम एवं शर्तें निविदा के अनुसार यथावत रहेगें।

"जल संचय-जीवन संचय" — अधिशासी अभियन्ता


# ग्रेनो में जल्द आने वाली हैं कई योजनाएं

- लंबे अर्से बाद बिल्डर ग्रुप हाउसिंग भूखंड योजना भी शीघ्र लांच होने जा रही है

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अगर आप ग्रेटर नोएडा में इंडस्ट्री, वाणिज्यिक, रिहायश या फिर शिक्षण संस्थान में निवेश करना चाहते हैं तो तैयारी कर लें। आपको शीघ्र मौका मिलने वाला है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बहुत जल्द इनकी स्कीमें लांच करने जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बृहस्पतिवार को इंडस्ट्री, वाणिज्यिक, बिल्डर व संस्थागत विभाग की समीक्षा की। सीईओ ने इन सभी विभागों को एक सप्ताह में स्कीमें लांच करने के निर्देश दिए। इन स्कीमों के ब्रोशर को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। बकाया भुगतान व प्रोजेक्ट पूरा न कर पाने के चलते अब तक जो भूखंड निरस्त हो चुके हैं, उनको कब्जे में लेकर इन स्कीमों में शामिल करते हुए आवंटित करने के निर्देश दिए हैं।

लंबे अर्से बाद बिल्डर ग्रुप हाउसिंग भूखंड योजना भी शीघ्र लांच होने जा रही है। संस्थागत की स्कीम में हॉस्पिटल, शिक्षण संस्थान, डाटा सेंटर के भूखंड शामिल रहेंगे। इसके साथ ही सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने फरवरी में प्रस्तावित इनवेस्टर समिट की तैयारियों की भी समीक्षा की। 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लक्ष्य को पाने के लिए रोडमैप तैयार कर तत्काल जुट जाने को कहा है। इसके लिए सीईओ ने विभागों को निवेश कराने के साप्ताहिक लक्ष्य भी दे दिए हैं। समीक्षा बैठक में एसीईओ अदिति सिंह, दीप चंद्र, प्रेरणा शर्मा, अमनदीप डुली व आनंद वर्धन और ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव समेत सभी वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## बच्ची की हत्या में आरोपी बदमाश मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** क्रासिंग रिपब्लिक थाने के एसएचओ अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम ने क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर 25 हजार के इनामी उस बदमाश के पैर में गोली मारकर लंगड़ा कर दिया जो नन्दग्राम थाना क्षेत्र से अगवा की गई 11 वर्षीय बच्ची खुशी की हत्या की वारदात में शामिल था।

रिछपाल की पुलिया जल प्लाट रोड पर हुई मुठभेड़ के दौरान घायल हुए बदमाश के पास से चोरी की बाइक, 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुए। एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी 25 हजार के इनामी है।



मुठभेड़ के घायल बदमाश को ले जाते पुलिसकर्मी।

# गाजियाबाद में कमिश्नरी व्यवस्था लागू होने से अपराध पर लगेगी लगाम

- गाजियाबाद में बड़े अपराधों का राजफाश होने की जगी आस




**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले में कमिश्नरी व्यवस्था लागू होने से अपराध में कमी आएगी। जिले में पुलिसबल व थानों के साथ संसाधनों में भी बढ़ोत्तरी होगी।

महिला सुरक्षा पर भी विशेष रूप से काम हो सकेगा। पुलिस को विशेषाधिकार मिलने से भी बेहतरी होगी। साथ ही जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के बैठने से मानिटरिंग सही प्रकार से होगी और पुलिसकर्मियों को बेहतर मार्ग दर्शन मिलेगा। जिले में कई बड़े व चर्चित अपराध हुए जिनकी गूंज प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक सुनाई थी। तमाम धरने.पद्रर्शन हुए बावजूद इसके जिले की पुलिस उनका राजफाश नहीं कर सकी। अब कमिश्नरेट सिस्टम लागू हुआ है।

इससे इन मामलों से पर्दाफाश की आस जगी है। नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन से 26 जून 2020 को बिल्डर विक्रम त्यागी संदिग्ध हालात में लापता हो गए। मुजफ्फरनगर के तितावी से खून से सनी उनकी इनोवा क्रिस्टा कार मिली। स्पेशल टास्क फोर्स ने भी छानबीन कर दो संदिग्धों के फोटो जारी किए। पुलिस ने 50 से अधिक अज्ञात शवों का डीएनए कराया। दो बार चार्जशीट भी दाखिल हो हुई। लोगों ने कई बार धरना.प्रदर्शन किया। इसी तरह विजय नगर थाना क्षेत्र से नवंबर 2021 में एक बच्ची लापता हो गई। पुलिस ने छानबीन के तमाम दावे किए लेकिन अब तक उसका पता नहीं लगा सकी। ट्रानिका सिटी थाना क्षेत्र की अंसल कालोनी में 26 मई 2021 को प्रापर्टी डीलर छोटे खान के यहां करीब एक करोड़ रुपये की डकैती हुई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सौ दिन में सभी सेवाएं ऑनलाइन, 5 रु. में भोजन

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जारी किया भाजपा का नगर निगम चुनाव संकल्प पत्र



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा ने दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए शुक्रवार को 20 पेज का संकल्प पत्र जारी किया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एमसीडी चुनावों के लिए 12 सूत्रीय घोषणा की है। जिसमें सभी सेवाएं सौ दिन में ऑनलाइन करने और महिलाओं द्वारा संचालित 50 जन रसोई खोलना शामिल है जहां पांच रुपए में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा कचरे का शत-प्रतिशत निपटारा करना शामिल है।

पीयूष गोयल ने कहा कि हरित व स्वच्छ दिल्ली के लिए शत प्रतिशत कचरे का इस्तेमाल कर ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा। हर झुग्गीवाले को फ्लैट मुहैया कराया जाएगा और 17,000 फ्लैट आवंटन के लिए बन कर तैयार हैं।

भाजपा व्यापार और स्वास्थ्य लाइसेंस से भी निजात दिलाएगी और फैक्टरी लाइसेंस खत्म कर देगी। प्रदेश आदेश गुप्ता ने यह भी ऐलान किया कि शहर में महिलाओं द्वारा संचालित 50 जन रसोई खोली जाएगी, जहां पांच रुपए में गरीब लोगों को भर पेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। एमसीडी स्कूलों में मेधावी छात्राओं को मुफ्त साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी और इस तरह के सभी स्कूलों को वर्ष 2027 तक स्मार्ट स्कूल के रूप में अपग्रेडेड का आधुनिक बनाया जाएगा। दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए गोयल ने कहा कि केजरीवाल सरकार का संवैधानिक दायित्व था कि वह नगर निगम का सहयोग करें लेकिन सरकार हर प्रकार से अपने इन दायित्वों का निर्वहन करने में असफल रही है। 42000 करोड़ रुपये संवैधानिक फाइनेंस कमीशन के आधार पर देना था, लेकिन केजरीवाल सरकार ने यह पैसे ना देकर नगर निगम के कामों को बाधित किया।

### 12 सूत्रीय घोषणा

ई-गवर्नेंस से निगम की सेवाएं मोबाइल में उपलब्ध कराने और कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं देने का वादा किया है। इसके अलावा प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देंगे एवं दिल्ली को सस्टेनेबल एवं ग्रीन सिटी बनाएंगे। केंद्र सरकार के सहयोग से 5 सालों में 7 लाख गरीबों को आवास मुहैया कराना। गृह निर्माण नियमों को सरल, सम्पति कर में और छूट एवं आरडब्ल्यूएए के साथ संयुक्त कार्य करेंगे।

सभी साप्ताहिक बाजारों का नियमितीकरण, रेहड़ी पटरी एवं असंगठित मजदूरों एवं उपेक्षित वर्गों को और सुविधाएं देना। फैक्ट्री लाइसेंस समाप्त करना और व्यापारियों को लाइसेंस फीस में ज्यादा छूट देना शामिला है।

वहीं झुग्गी झोंपड़ी, ग्रामीण इलाकों, अनाधिकृत कॉलोनियों एवं जे.जे. कलस्टर में बुनियादी सुविधाएं बढ़ाना। महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर, आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना। युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर एवं वर्ष 2027 तक निगम के सभी 1616 स्कूलों को स्मार्ट स्कूल में तब्दील करना।

नगर निगम की स्वास्थ्य सुविधाओं का आधुनिकरण और उन्हें जन औषधि केंद्रों से जोड़ना। पार्किंग की बेहतर सुविधा एवं स्ट्रे एनिमल्स की समस्या का निराकण करना। 1,000 स्थाई छठ घाट एवं वॉटर बॉडीज बनाएंगे एवं दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत का सृजन करेंगे।

## विद्यालयों में बनाए शौचालय गिना दीं कक्षाएं : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के विद्यालयों में कक्षाओं के निर्माण में अनियमितताओं पर सतर्कता निदेशालय की रिपोर्ट दर्शाती है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बच्चों की शिक्षा की नहीं बल्कि केवल उनको मिल रहे कालेधन की चिंता है। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि दिल्ली के स्कूलों में बने शौचालय की भी गिनती कक्षाओं के तौर पर कर दी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां संवाददाता सम्मेलन में इस मामले में सतर्कता निदेशालय की रिपोर्ट का हवाला दिया और मांग की कि केजरीवाल अपने भ्रष्ट मंत्रियों को बर्खास्त करें या इस्तीफा दें। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्ट गब्बर केजरीवाल ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के दिशानिर्देशों को धत्ता बताते हुए बिना निविदा निकाले कक्षाओं के निर्माण के लिए निजी कंपनी बब्बर एंड बब्बर के साथ साठगांठ की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने बिना निविदा निकाले विद्यालयों में निर्माण कार्य का दायरा बढ़ाया। उन्होंने आरोप लगाया कि उसने (सरकार ने) विद्यालयों में शौचालय बनाए और उनकी गिनती कक्षाओं के तौर पर की। उन्होंने आरोप लगाया, उन्हें बच्चों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है।

## केजरीवाल एमसीडी को लेकर देख रहे मुंगेरी लाल के सपने : ठाकुर



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर दिल्ली नगर निगम चुनाव में शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार अराजकता की पर्याय बन गई है। केजरीवाल सरकार के तीन यार हैं, दारु, घोटाले और भ्रष्टाचार। केजरीवाल एमसीडी को लेकर मुंगेरी लाल के सपने देख रहे हैं। ठाकुर ने दिलशाद कॉलोनी, वेलकम, ललिता पार्क, पटपड़गंज में सभाओं व जनसंपर्कों के माध्यम से प्रचार की कमान संभाली।

## पांच साल में आप करेगी कचरे का समाधान: गोपाल

- मंत्री ने कहा, भाजपा एमसीडी के 15 साल के कार्यकाल में पूरी तरह विफल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली इकाई के संयोजक एवं मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि एमसीडी में सत्ता में आने पर उनकी पार्टी पांच साल के भीतर शहर की कचरा प्रबंधन समस्या का समाधान कर देगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में अपने 15 साल के कार्यकाल में विफल रही है। पार्टी ने इस महीने की शुरुआत में चार दिसंबर को होने वाले एमसीडी चुनाव के लिए केजरीवाल की 10 गारंटी जारी की थी, जिसमें कूड़े के तीन पहाड़ों (लैंडफिल साइट) को हटाने और राजधानी में कचरा कुप्रबंधन की समस्या का समाधान करने का वादा किया गया है। यह पूछे जाने पर कि पार्टी कचरे के मुद्दे पर क्यों ध्यान केंद्रित कर रही है, उन्होंने कहा, यह सिर्फ आप नहीं बल्कि दिल्ली के लोग हैं जो इस मुद्दे को उठा रहे हैं। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने इससे पहले कहा था कि पार्टी कूड़े के तीन पहाड़ों के आकार को कम करने के समाधान खोजने के लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद लेगी। राय ने उनसे सहमति जताते हुए कहा कि ऐसे कई देश हैं जो कचरा प्रबंधन के लिए तकनीकी समाधान लेकर आए हैं। उन्होंने कहा, मैंने कुछ समय पहले स्वीडन का दौरा किया था और यह एक ऐसा देश है जो किसी समय प्रदूषित हुआ करता था। वहां, घरों से एकत्रित कचरा सीधे उपचार संयंत्रों में जाता है।

वे इसे ऊर्जा और उर्वरक में बदल देते हैं। पार्टी की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए राय ने एक साक्षात्कार में कहा कि वे ऐसे उपचार संयंत्र लगाएंगे, जहां घरों से इकट्ठा किया गया कचरा सीधे वहीं फेंका जाएगा और बिजली बनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि हम लैंडफिल साइट को साफ करने के लिए और मशीन लगाएंगे। आम आदमी पार्टी अगले पांच साल में वे काम करेगी जो भाजपा एमसीडी में अपने पिछले 15 सालों के शासन में नहीं कर पाई है।

## कांग्रेस का थीम सॉग

# लोगों की भागीदारी से बनाएंगे चमचमाती दिल्ली



**नई दिल्ली।** नगर निगम चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी का थीम सांग शुक्रवार को थिरकते हुए जारी किया। प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, प्रचार समिति के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, पार्टी के उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव और पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज थीम सांग लांच करते हुए तिरंगा हाथ में ले, मंच पर ही गुनगुनाने एवं थिरकने लगे।

थीम सांग के बाद हर वार्ड में प्रचार के लिए आटो रिक्शाओं को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। अनिल चौधरी ने कहा कि थीम सांग में उन्होंने कांग्रेस के 15 साल के इतिहास, शीला दीक्षित की चमचमाती दिल्ली का गुणगान किया है, जो कांग्रेस सरकार के योगदान से संभव हुआ था, जिसमें दौड़ती मेट्रो, चौड़ी सड़कें, स्वस्थ वातावरण और बेहतर सफाई व्यवस्था से सभी दिल्ली वाले खुशहाल और प्रगति में बराबर के भागीदार दिखाई दे रहे हैं। इस गीत के जरिये एक विश्वास के साथ लोगों को समझाने की कोशिश की गई है कि शीला की दिल्ली कांग्रेस वाली दिल्ली को फिर से स्वस्थ, स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त और लोगों की भागीदारी वाली दिल्ली बनाएंगे। अनिल ने बताया कि कांग्रेस थीम सांग में वर्तमान में आम आदमी पार्टी दूषित-प्रदूषित दिल्ली और भाजपा ने 15 सालों में एमसीडी को मोस्ट करप्ट डिपार्टमेंट के नाम से परिभाषित किया है, इसको भी दिखाया गया है।

# चांदनी चौक में लगी भीषण आग, 100 दुकानें खाक

- एक इमारत का हिस्सा गिरा, कोई घायल होने की सूचना नहीं



फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भागीरथ पैलेस स्थित इलेक्ट्रानिक मार्केट में बृहस्पतिवार रात को तीन इमारतों में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में करीब 100 दुकानें इसकी चपेट में आ गईं।

आग की वजह से एक इमारत का कुछ हिस्सा टूट कर गिर गया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन दुकानों में रखा सामान जल कर राख हो गया। दमकल की 31 गाड़ियों ने इस आग पर शुक्रवार दोपहर बाद काबू पाया।

धमाकों की रुक-रुक कर हो रही आवाजों और इमारतों के टूटे-फूटे हिस्सों के गिरने की चेतावनी को नजरअंदाज कर निराश व्यापारी, जिन्होंने बदबू को रोकने के लिए अपनी नाक और मुंह रूमाल से ढके हुए थे, अपनी जली हुई दुकानों में प्रवेश करने के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे थे ताकि वे कुछ भी हासिल कर सकें।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देश में बिजली और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के लिए सबसे बड़े थोक बाजार भागीरथ पैलेस क्षेत्र के महालक्ष्मी बाजार में जली हुई दुकानों से निकलने वाले धुएं के बीच, पुलिसकर्मियों को लोगों को प्रभावित इमारतों के पास न जाने की चेतावनी देते रहे। एक पुलिसकर्मी ने एक व्यापारी से कहा, इतने खतरनाक तरीके से पास मत खड़े रहो। इमारत अब भी जल रही है और कभी भी गिर सकती है। अगर हमें कुछ होता है तो ठीक है लेकिन आपको कुछ नहीं होना चाहिए। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि एक इमारत का हिस्सा गिर गया और एसी के कंप्रेशर फट गए। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा कि आग बुझाने का हर संभव प्रयास किया गया। फिलहाल कोई हताहत नहीं हुआ है।

एमसीडी का रण

# मुख्यमंत्री केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर भाजपा और आप में तनातनी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा के सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। साथ ही उन्होंने इस आरोप को खारिज किया कि उनकी पार्टी केजरीवाल को मारने की साजिश रच रही है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया है कि गुजरात विधानसभा और दिल्ली नगर निगम चुनाव (एमसीडी) में हार के डर से भाजपा केजरीवाल की हत्या की साजिश रच रही है। मनोज तिवारी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, आम आदमी पार्टी के नेता हर साल केजरीवाल की जान को खतरा होने का दावा करते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि क्या चल रहा है।

केजरीवाल दावा कर रहे हैं कि सिसोदिया को गिरफ्तार किया जाएगा, जबकि सिसोदिया, केजरीवाल की हत्या की साजिश रचे जाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी नेता संदीप भारद्वाज की मौत के लिए केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) का शीर्ष नेतृत्व जिम्मेदार है। भारद्वाज की मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा, आप ने भारद्वाज को एमसीडी चुनाव में टिकट का आश्वासन दिया, लेकिन टिकट किसी और को बेच दिया गया जिससे मजबूर होकर उन्हें आत्महत्या करनी पड़ी। किसी को आत्महत्या के लिए मजबूर करना उस व्यक्ति की हत्या करने के बराबर है।

## भाजपा कर रही केजरीवाल की हत्या की साजिश : सिसोदिया



**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर गुजरात और दिल्ली नगर निगम एमसीडी चुनाव में हार के डर के चलते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रचने का आरोप लगाने के एक दिन बाद शुक्रवार को इस मामले में जांच की मांग की और कहा कि वह निर्वाचन आयोग के समक्ष भी इस मामले में शिकायत दर्ज कराएंगे।

मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा सांसाद मनोज तिवारी ने केजरीवाल के खिलाफ बृहस्पतिवार को जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया, वह खुली धमकी है। उनकी भाषा अरविंद केजरीवाल की हत्या के लिए रची जा रही साजिश की ओर इशारा करती है। वह इस धमकी के खिलाफ उनकी पार्टी चुनाव आयोग में शिकायत करेगी और मनोज तिवारी पर एफआईआर दर्ज करवा कर इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करेगी। एमसीडी और गुजरात विधानसभा के चुनावों में जिस प्रकार का माहौल बना हुआ है और आम आदमी पार्टी को आपार जन समर्थन मिल रहा है। इससे भाजपा की हार निश्चित है। ऐसे में भाजपा के ऊपर हार का डर इस कदर हावी हो चुका है कि वह बौखला गई है।

# मतदाता सूची में नाम शामिल करने का अभियान

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की भारतीय उद्योग परिसंघ के साथ बैठक



डॉ. रणबीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मतदाता सूची में नए पात्र और छूटे मतदाताओं को शामिल करने के लिए दिल्ली निर्वाचन आयोग व्यापक अभियान चला रहा है। इस संबंध में दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नेताओं और अधिकारियों के साथ बैठक कर संबोधित किया। डॉ. रणबीर सिंह ने बैठक में सीआईआई के कर्मचारियों, उद्योग के सदस्यों और अन्य हितधारकों के बीच, विशेष सारांश संशोधन-2023 के बारे में जागरूकता बढ़ाने में उनका सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि विशेष सारांश संशोधन-2023 का प्राथमिक उद्देश्य एक जनवरी 2023 के संदर्भ में नए पात्र और छूटे हुए मतदाताओं को शामिल करना है, जिन्होंने एक जनवारी 2023 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है या पूरी कर लेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष सारांश संशोधन -2023 का एक अन्य उद्देश्य मतदाताओं के विवरण में सुधार के अवसर देना और मतदाता सूची में किसी भी गलत समावेशन होने पर आपत्तियां आमंत्रित करना भी है। दिव्यांग निवासियों को पीडब्ल्यूडी ऐप डाउनलोड करना चाहिए, जो कि भारतीय निर्वाचन आयोग की पूरी तरह से सुलभ मोबाइल ऐप है।

## एम्स सर्वर हैक मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली।** पुलिस की आईएफएसओ यूनिट ने एम्स सर्वर हैक मामलेमें अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। साथ ही इस मामले को लेकर एम्स की तरफ से कहा गया है कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां घटना की जांच कर रही हैं और डिजिटल रोगी देखभाल सेवाओं को वापस लाने में अस्पताल की मदद कर रही है।

एम्स का सर्वर बुधवार को हैक कर लिया गया था जिससे एम्स की सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित रही थीं। सर्वर हैक होने के कारण एम्स की ओपीडी और आइपीडी में आनेवाले मरीजों के इलाज में परेशानी हुई।

## आप के स्टार प्रचारकों ने 150 से ज्यादा नुक्कड़ सभा की

*__नई दिल्ली।__ एमसीडी चुनाव प्रचार के तहत आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों ने 150 से ज्यादा इलाकों में जनसंवाद, नुक्कड़ सभाएं की। इसमें उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता, आप नेता हरजोत बैंस, विधायक सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक समेत कई नेता प्रचारक शामिल रहे। आम आदमी पार्टी ने 40 क्षेत्रों में मैजिक, गिटार, डांस शो आदि गतिविधियां कर लोगों तक यह संदेश पहुंचाया कि एमसीडी में केजरीवाल सरकार के आने पर एमसीडी का भविष्य उज्जवल होगा। इस दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ आई और लोगों ने कहा कि एमसीडी में सिर्फ केजरीवाल चाहिए। आम आदमी पार्टी ने कहा कि जनता ने एमसीडी से बीजेपी का सूपड़ा साफ करने का मन बना लिया है। आम आदमी पार्टी पूरी दिल्ली में जनसंवाद, नुक्कड़ सभाएं, पदयात्रा और घर-घर जनसंपर्क कर एक-एक मतदाता को जुड़ने का काम कर रही है। लोगों से उनकी समस्याओं पर बात करती है और केजरीवाल की 10 गारंटी घर-घर पहुंचाने का काम करती है।*

# श्रद्धा हत्याकांडः आफताब का फिर हुआ पॉलीग्राफ टेस्ट



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

श्रद्धा वालकर की हत्या के मामले में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला शुक्रवार को पॉलीग्राफ परीक्षण के अगले सत्र के लिए यहां फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इससे पहले, बृहस्पतिवार को आफताब का करीब आठ घंटा लंबा पॉलीग्राफ परीक्षण हुआ था। हालांकि, उसकी तबियत ठीक नहीं होने के कारण प्रयोगशाला के अधिकारियों को बयान दर्ज करने में परेशानी हुई।

अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार को पूनावाला को रोहिणी स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में पॉलीग्राफ टेस्ट के एक और सत्र के लिए लाया गया क्योंकि ऐसा लगता है कि उसका स्वास्थ्य बेहतर है। पॉलीग्राफी जांच में रक्तचाप, नब्ज और सांस की दर जैसी शारीरिक गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जाता है और इन आंकड़ों का इस्तेमाल यह पता लगाने में किया जाता है कि व्यक्ति सच बोल रहा है या नहीं।

गौरतलब है कि पूनावाला ने अपनी सह जीवन साथी वालकर (27) की मई में कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी थी तथा उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए थे और उन्हें करीब तीन सप्ताह तक दक्षिण दिल्ली के महरौली में अपने घर में 300 लीटर के फ्रिज में रखा था और कई दिनों तक उन्हें शहर के अलग-अलग हिस्सों में फेंका था।

प्रयोगशाला के सूत्रों के अनुसार, बृहस्पतिवार को परीक्षण (पॉलीग्राफ) के दौरान, पूनावाला से मामले के बारे में पूछताछ की गई थी, उसने किस वजह से वालकर की हत्या की, क्या यह सुनियोजित घटना थी या उसने गुस्से में ऐसा किया, जैसा कि उसने अदालत में दावा किया था। पुलिस के अनुसार शव को काटने के लिए इस्तेमाल की गई आरी अभी तक बरामद नहीं हो सकी है। इस घटना ने उस समय राजनीतिक मोड़ ले लिया जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया कि कम से कम समय में आरोपी के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित की जाएगी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने आरोप लगाया है कि मुस्लिम प्रेमी द्वारा वालकर की हत्या की घटना का सांप्रदायिक दुष्प्रचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

## मुस्लिम बन हत्या का समर्थन करने वाला गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर की पुलिस ने दिल्ली के श्रद्धा वालकर हत्याकांड में मुस्लिम बनकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले एक हिंदू युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पिछली 22 नवंबर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक युवक ने एक यूट्यूब चैनल पर बातचीत में खुद को बुलंदशहर का राशिद बताते हुए श्रद्धा हत्याकांड में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। करीब 50 सेकंड के इस वीडियो में आरोपी को श्रद्धा वालकर हत्याकांड का समर्थन करते हुए यह कहते सुना गया कि दिमाग खराब हो तो आदमी किसी के 35 की जगह 36 टुकड़े भी कर देता है। उसने खुद के लिए भी ऐसा करना आसान बताया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए सिकंदराबाद थाना पुलिस को लगाया गया था।

## केआर मंगलम विश्वविद्यालय में एड्युड फिएस्टा का समापन

**नई दिल्ली।** केआर मंगलम विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'एड्युड फिएस्टा' का जोश और उल्लास के साथ समापन हो गया है। इस अंतर विश्वविद्यालय इवेंट में 33 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली के करीब 25 से अधिक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों समेत लगभग 3000 स्टूडेंट्स ने इस इवेंट में हिस्सा लिया।

समारोह के आखिरी दिन नृत्य-संगीत का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय की अंशिका ने भरतनाट्यम, देशबंधु कॉलेज के स्टूडेंट्स ने आदिशक्ति देवी स्तुति की प्रस्तुति ने मन मोह लिया। इसके बाद 'अंतरनाद' प्रतियोगिता हुई जिसमें सामाजिक विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये गए।

# विशेष पैकेज को लेकर वित्तमंत्री से मिले हरियाणा के मुख्यमंत्री

- प्रदेश में बुनियादी ढांच के विकास के लिए मांगी मदद



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय बजट में हरियाणा के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की मांग को लेकर शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से एनसीआर क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए हरियाणा को विशेष आर्थिक पैकेज देने की मांग रखी। हरियाणा के 14 जिलें ऐसे हैं जो एनसीआर क्षेत्र में शामिल हैं। इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव के लिए काफी मात्रा में संसाधन खर्च करने पड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार केएमपी एक्सप्रेस-वे, रेल आर्बिटल प्रोजेक्ट, पंचग्राम विजन के रूप में केएमपी कॉरिडोर के साथ 2.5 लाख हेक्टेयर के 5 शहरों का विकास, इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब, गन्नौर में अंतरराष्ट्रीय बागवानी बाजार व अन्य बड़ी परियोजनाओं पर पैसे खर्च कर रही है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 26 नवंबर, 2022



# नेक और उच्च विचारों के धनी थे बिहारी लाल शर्मा : सांसद शर्मा

## भाजपा आईटी प्रभारी गौतमबुद्ध नगर चंद्रमणि भारद्वाज के पिता को दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



स्वर्गीय बिहारी लाल शर्मा को श्रद्धांजलि देते सांसद डा. महेश शर्मा, भाजपा युवा नेता मंजीत ठाकुर व अन्य सदस्यगण।

**कस्बा** जहांगीरपुर गौतमबुद्ध नगर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डॉ. महेश शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी जिला आईटी प्रभारी गौतमबुद्ध नगर चंद्रमणि भारद्वाज व भगवती फर्नीचर एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक कुलदीप भारद्वाज के स्व. पिताजी मास्टर बिहारी लाल शर्मा को श्रद्धांजलि दी।

सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि वे मास्टरजी से बहुत बार मिल चुके हैं। उनके नेक और उच्च विचार, सरल स्वभाव हर किसी को आकर्षित करता था। उनका कई बार उन्हें आशीर्वाद प्राप्त हआ। उन्हें स्वर्गीय मास्टर जी की कमी महसूस हो रही है। स्वाभाविक है कि परिवार को उनके जाने का अधिक दुख है। सांसद ने स्व. मास्टर जी की दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को यह दुख सहने की भगवान से प्रार्थना की। भाजपा युवा नेता मंजीत ठाकुर ने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही हम अपने जीवन की दिशा तय करते हैं। हर घर में बुजुर्ग एक वृक्ष की तरह होते हैं। उनकी छाया में पूरा परिवार रहता है। उन्होंने कहा कि मास्टर बिहारी लाल जी ने सदा नेकी और ईमानदारी से जीवन जिया। उनका जाना समाज के लिए बड़ी क्षति है। कस्बे के ही मास्टर बिजेंद्र शर्मा सेवानिवृत प्रवक्ता ने भी उनके व्यक्तित्व पर कविता लिखी। यह कविता उन्होंने स्वर्गीय मास्टर बिहारी लाल शर्मा की रस्म पगड़ी पर सुनाई। बहुत ही भावुक कविता ने सभी की आंखें नम कर दीं। श्रद्धांजलि सभा में रिश्तेदारों के अलावा विभिन्न स्थानों से राजनैतिक पार्टी तथा सामाजिक संगठनों के जयप्रकाश शर्मा, चेयरमैन जहांगीरपुर, अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा गौतमबुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा, जिला पंचायत सदस्य नाहर सिंह, भाजपा युवा नेता मंजीत ठाकुर, अशोक शर्मा मंडल अध्यक्ष जेवर, संजीव शर्मा पूर्व मण्डल अध्यक्ष जेवर, कुलभूषण शर्मा प्रवक्ता, अविनाश शर्मा, दीपक नागर, सतीश सोलंकी, डा आदित्य, वरूण धीमान, बॉबी शर्मा जेवर, गजेन्द्र शर्मा ग्रेटर नोएडा, सतपाल तालान, मदन प्रधान, कुलदीप शर्मा कालूपुरा, शिवराज स्वराज, पुनीत मित्तल सहित सेंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# लोक अदालत में करीब 50 हजार केसों की 20 बेंच करेंगी सुनवाई

## गुरुग्राम में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी पूरी

**गुरुग्राम।** जिला में शनिवार 26 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ट्रैफिक चालान, सिविल, बैंक रिकवरी, वैवाहिक मामलों सहित अदालतों में लम्बित करीब 50 हजार केसों की सुनवाई होगी।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष ऑगस्टीन जार्ज मसीह की अध्यक्षता व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम के चेयरमैन एसपी सिंह के दिशा-निर्देश अनुसार इस लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया जा रहा है। लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए गुरुग्राम में 20 जजों की बेंच गठित की गई है। श्रीमती पटवर्द्धन ने बताया कि उपरोक्त 20 बेंचों में 3 बेंच मोटर वाहन एक्ट केसों के लिए व एक बेंच एलएसी के लिए गठित की गई है। पारिवारिक मामलों की सुलह के लिए भी एक बेंच लगाई जाएगी। लोक अदालत में लेबर से जुड़े मामलों के लिए दो बेंच बनाई गई हैं। ट्रैफिक मामलों की सुनवाई के लिए आठ बेंचों का गठन किया गया है। वहीं चेक बाउंस के मामलों की सुनवाई के लिए चार बेंच बनाने के साथ ही प्री लिटिगेशन के मामलों के लिए भी एक बेंच का गठन किया गया हैं।

पटवर्धन ने बताया कि इसके अतिरिक्त सभी राजस्व न्यायालय अर्थात रिवेन्यू कोर्ट, जिसमें तहसीलदार और एसडीएम सुनवाई करते हैं। उनका भी आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में सब डिवीजन सोहना व पटौदी में भी एक-एक बेंच का गठन किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### झाड़सा बांध से गंदगी व विलायती किक्कर हटाने की मांग



गुरुग्राम में झाड़सा बांध पर फैली गंदगी।

**गुरुग्राम।** झाड़सा बांध गंदगी व विलायती किक्करों के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। यहां से लोगों का निकलना दूभर हो रहा है। पटेल नगर सुधार मंडल के प्रधान दीपचंद की ओर से नगर निगम के संयुक्त आयुक्त को पत्र देकर इसमें सुधार की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि झाड़सा बांध पर विलायती किक्कर काफी संख्या में हैं। इस वजह से बांध पर लगाए गए पेड़-पौधे पनप नहीं पा रहे। कई जगह ट्रैक को भी घेर रखा है। इस वजह से सुबह-शाम घूमने वालों को काफी परेशानी होती है। इस किक्करों की छंटाई करवाई जाए। झाड़सा रोड से सोनिया सर्विस स्टेशन तक झाड़सा बांध पर काफी गंदगी हो चुकी है। इसलिए यहां पर सफाई भी करवानी सुनिश्चित की जाए। दीपचंद ने कहा कि पटेल नगर वासी अपनी तरफ से पेड़-पौधे लगाकर पानी देने और तार फेंसिंग करके पेड़-पौधों को जीवित रखने की पूरी कोशिश करते हैं। अगर बीचों-बीच नगर निगम बांध पर झाड़ू लगवाकर सफाई में सहयोग नगर निगम करे तो यह जगह लोगों के घूमने के लिए सुगम हो जाएगी। सोनिया सर्विस स्टेशन के पर एक स्प्रिंग गेट लगवाने की भी उन्होंने मांग की है। इससे पशु अंदर नहीं घुस पाएंगे।

### सीएम अंत्योदय परिवार उत्थान योजना: पात्रों को लाभ दें

**मेवात।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के लाभार्थियों को शीघ्र ही स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा इस कार्य की गति को तेज करने के निर्देश देते हुए एडीसी आनन्द कुमार ने शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में एडीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत हर पात्र व्यक्ति को लाभ मिले इसके लिए वे आपसी तालमेल से कार्य करें। एडीसी आनन्द कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी को जल्द से जल्द योजना का लाभ दिया जाना है। उन्होंने कहा कि विभाग लाभार्थी के आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए अधिकारी उसे जल्द से जल्द बैंक से ऋण मुहैया करवाने का कार्य करें ताकि लाभार्थी अपना कार्य शीघ्र शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी लाभार्थी के आवेदन को रिजेक्ट न करें। उन्होंने कहा कि केवल उसी आवेदन को रिजेक्ट करे। जिस पर प्रार्थी लिखित में रिजेक्ट करने बारे सहमति दें। उन्होंने कहा कि इस योजना की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग करते है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग इस कार्य की महत्वता को समझते हुए संबंधित अधिकारी बैंक से लगातार संपर्क करें, ताकि लाभार्थी को शीघ्र लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का मुख्य उद्देश्य लाभार्थी को तुरंत लाभ पहुंचाना है। उन्होंने विभाग व बैंक वाईज कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि जिले में पात्रों को योजना का लाभ देने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाने सख्त जरूरत है। जरूरतमंद परिवारों की आजीविका के साधन जुटाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत गरीब व जरूरतमंद लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी बैंक के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी गण मौजूद रहे।

# चंडीगढ़ पर हरियाणा का पूरा हक, विधानसभा भवन बनाने से कोई नहीं रोक सकता : खरक

## जमानत जब्त होने का बदला हरियाणा के हितों का विरोध करके ले रहे हैं केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



शमशेर खरक।

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश मीडिया सह-प्रमुख शमशेर सिंह खरक ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल हरियाणा के हितों पर लगातार कुठाराघात करने में लगे हुए हैं।

एसवाईएल का पानी और हरियाणा की अलग विधानसभा के मुद्दों पर केजरीवाल पलटी मार नीति अपनाते हुए हरियाणा के लोगों को धोखा दे रहे हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि अब हरियाणा में केजरीवाल की दाल गलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि आदमपुर की जनता ने जमानत जब्त कर उनको आइना दिखा दिया है कि हरियाणा में उनका कोई अस्तित्व नहीं है। खरक ने कहा कि चंडीगढ़ में जितना हक पंजाब का है उतना ही हरियाणा का है। अपने हक और आन-बान-शान के लिए हम पीछे हटने वालों में नहीं है। मीडिया सह-प्रमुख ने केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि वह किस मुंह से हरियाणा की आवाम से वोट मांगने का हक रखते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल अपने आपको हरियाणा का बेटा, हरियाणा का लाल कहते हैं और हरियाणा के हितों पर उनकी पार्टी विरोध करती है।

केजरीवाल की दोगली नीति को हरियाणा की जागरूक जनता समझ चुकी है। खरक ने कहा कि चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश है और यहां पर भूमि लेकर विधानसभा बनाना हमारा हक है और हमें इससे कोई भी रोक नहीं कर सकता। हम अपनी नई विधानसभा के लिए भूमि लेकर ही रहेंगे।

शमशेर सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ पर हरियाणा के दावे को लगातार कमजोर करने में जी जान से जुटी हुई है। हरियाणा के लोगों से इनके नेताओं का कोई मतलब नहीं है। खरक ने कहा कि वे कितना ही जोर लगा लें, हम चंडीगढ़ में तब तक डंटे रहेंगें, जब तक हमें एसवाईएल का पानी, हिन्दी भाषी क्षेत्र और नई राजधानी बनाने के लिए जमीन तथा वित्तीय सहायता नहीं मिल जाती।

# ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर सकेंगे गुरुग्राम विवि के विद्यार्थी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम यूनिवर्सिटी व ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच करार फाइल पर हस्ताक्षर करते दोनों संस्थानों के प्रमुख।

**मास्टर** ऑफ रिसर्च पीएचडी करने वाले छात्रों को विदेशों से पढ़ाई काफी महंगी पड़ती है। हर छात्र की विदेश से पीएचडी करने का सपना पूरा हो, इसके लिए गुरुग्राम यूनिवर्सिटी ने कदम बढ़ाया है। शुक्रवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने विश्वविख्यात दुनिया भर के शीर्ष दो प्रतिशत विश्वविद्यालयों में शामिल ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ डूअल डिग्री कोर्स को लेकर करार किया है। इसके तहत जीयू के छात्रों को विश्वविद्यालय में पढ़ने के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में भी मास्टर ऑफ रिसर्च व पीएचडी की पढ़ाई कराई जाएगी।

गुरुग्राम यूनिवर्सिटी की तरफ से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया की ओर से कुलपति एवं अध्यक्ष प्रोफेसर बार्नी ग्लोवर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह अकादमिक और अनुसंधान सहयोग से दो मित्र देशों को करीब लाने की संभावना है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस करार के तहत जीयू से मास्टर ऑफ रिसर्च पीएचडी करने वाले छात्र एक निश्चित अवधि तक जीयू में तथा उसके बाद वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में पढ़ेंगे। इन विद्यार्थियों को दोहरी डिग्री प्रदान की जाएगी। यानि डब्ल्यूएसयू व जीयू दोनों अपनी-अपनी डिग्री प्रदान करेंगे। जहां छात्रों को दोनों डिग्री मिलेंगी। मास्टर्स प्रोग्राम में छात्रों को डब्ल्यूएसयू में 25 प्रतिशत शुल्क छूट और पीएचडी कार्यक्रम में 100 प्रतिशत शुल्क छूट मिलेगी। इसके लिए उन्हें 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने होंगे। इस एमओयू के तहत संयुक्त गतिविधियां जैसे सम्मेलन, सेमिनार, संगोष्ठी और व्याख्यान संयुक्त प्रकाशन और अन्य विद्वतापूर्ण गतिविधियां, संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम और संयुक्त पाठ्यक्रम अकादमिक स्टाफ और छात्र गतिशीलता के लिए अवसर आदि शामिल हैं।

# नप ने तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों दी हरी झंडी

**सोहना।** नगर परिषद प्रशासन ने तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों को हरी झंडी प्रदान कर दी है। तीन करोड़ की राशि से अलग-अलग वार्ड में कच्ची नालियों को पक्का करना, चौपाल निर्माण, सामुदायिक भवन आदि विकास के कार्य कराए जाएंगे।

नगर परिषद प्रशासन ने विकास कार्यों की गति की शुरूआत कर दी है। हाल ही में परिषद प्रशासन ने सभी 21 वार्ड में करीब तीन करोड़ रुपये के विकाय कार्य कराने की हरी झंडी दे दी है। वहीं ठेकेदारों को जल्द से जल्द दिए गए विकास कार्यों का निर्माण पूरा करने के निर्देश भी जारी किए है। जल्द ही नगर परिषद सदन की बैठक बुलाई जाएगी। जिसमें विकास के कार्यों को सदन की मंजूरी के बाद ठेके छोड़े जाएंगे। पिछले करीब छह माह से परिषद क्षेत्र में विकास कार्य ठप हो गए थे। जिनका कारण अधिकारियों का तबादले हो जाना रहा, लेकिन नवनियुक्त एक्सईएन विक्की सिंह ने बीच में रुके कार्यों का निर्माण शुरु करने की अनुमति उच्चाधिकारियों की मंजूरी के बाद दे दी है।

### कौन-कौने से होंगे विकास कार्य

**नगर** परिषद द्वारा हाल ही में छोड़े गए ठेकों में सामुदायिक भवन, चौपाल, कच्चे रास्तों मे कंक्रीट का फर्श, बिना सीवर व पानी लाइन वाले रास्तों में ईंट की फर्श, टूटी नालियों की मरम्मत, राजकीय स्कूल में निर्माण कार्य (कमरों की मरम्मत, चार दीवारी की मरम्मत, शौचालय का निर्माण आदि कार्य) इसके अलावा अन्य सरकारी विभाग के भवन परिसर में निर्माण कार्य शामिल हैं। जरुरत के अनुसार विकास कार्यें समय पर पूर कराएं जाएंगे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत दिए जाएंगे स्वच्छता पुरस्कार

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार दिए जाएंगे

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम




**रविवार** को नगर निगम गुरुग्राम द्वारा केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे दो अभियानों के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इनमें एक ओर जहां स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार दिए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर ईज ऑफ लिविंग अभियान के तहत सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे में भागीदारी करने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा।

नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने बताया कि रविवार को सेक्टर-29 स्थित रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले इस भव्य समारोह में निवर्तमान मेयर मधु आजाद मुख्य अतिथि होंगी।

नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत आयोजित स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। इनमें स्वच्छ आरडब्ल्यूए, स्वच्छ होटल, स्वच्छ अस्पताल, स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ मार्केट, बेस्ट एनजीओ, बेस्ट सोशल वर्कर, बेस्ट स्वच्छता सैनिक तथा स्वच्छ सरकारी कार्यालय श्रेणियां शामिल हैं। कार्यक्रम में गुरुग्राम के लगभग 300 से अधिक व्यक्ति शामिल होंगे।

# जखोपुर में आबादी क्षेत्र में जमा पानी से मकानों में आईं दरारें

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



गांव जखोपुर में आबादी क्षेत्र के खाली प्लाट में जमा गंदा पानी।

**नगर** परिषद के गांव जखोपुर में आबादी क्षेत्र के खाली प्लाटों में गंदा पानी जमा होने से रिहायशी पक्के मकानों की दीवारों में दरार आ गई हैं। जिससे इन घरों में रहने वाले नागरिकों की रातों की नींद व दिन का चैन उड़ गया है। मकानों की खस्ता हालत होने से कभी भी जानलेवा हादसा हो सकता है।

नगर परिषद के वार्ड-9 के गांव जखोपुर में कोठला गांव को जाने वाला आम रास्ता की नालियां टूट जाने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी यहां के आबादी क्षेत्र के खाली प्लाटों में जमा हो रहा है। यह गंदा पानी आस-पास लगते मकानों की जड़ को खोखला बना रहा है। मकानों की दीवारों में सीलन आ गई है। यहा के निवासी भोला का कहना है कि उसके मकान की दीवारों में से प्लास्टर छूटकर जमीन पर गिर रहा है। दीवारों में लगी ईंटें कभी भी निकलकर जमीन पर गिर सकती हैं। मकान के अंदर 24 घंटा सीलन की बदबू आती रहती है। यहां की निवासी ऊमा देवी का कहना है कि उसके मकान की छत और दीवारों के बीच दरार आ गई है। जिससे छत और दीवार का आपसी सहारा छूट गया है।

**राजकीय स्कूल में छाया मच्छरों का आतंक :** जखोपुर में जमा गंदा पानी राजकीय मिडल स्कूल की दीवार को भी कमजोर बना रहा है। इसके अलावा गंदा पानी में मक्खी व मच्छरों का पूरा आतंक छाया हुआ है। जिससे स्कूल में पढ़ने आने वाले बच्चे मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी से ग्रस्त हो सकते हैं।

**आंदोलन की दी चेतावनी :** यहां के निवासी कालू का कहना है कि गांव के लोग एकजुट होकर जल्द ही नगर परिषद कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करेंगे। क्योंकि उनके गांव के रास्ते में टूटी नालियों की मरम्मत कराने के लिए कई बार परिषद अधिकारियों को मौखित रुप से कहा गया है। लेकिन परिषद अधिकारी इस मामले कां गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

# आनंद प्रकाश को मिला प्रतिष्ठित IRPRA 2022 पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**जनसंपर्क** क्षेत्र के सबसे होनहार और प्रतिभाशाली पेशेवरों में से एक, आनंद प्रकाश ने नई दिल्ली में इंदिरा गांधी जयंती के अवसर पर भारत के क्षेत्रीय पीआर अवाड्र्स (IRPR-2022) का दूसरा संस्करण जीता। देश के सबसे बड़े क्षेत्रीय पीआर पुरस्कार का उद्देश्य सबसे होनहार क्षेत्रीय पीआर पेशेवरों की पहचान करना और उन्हें सम्मानित करना था।

भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से बढ़ रही है जिसमें बड़े समूहों की भागीदारी भी शामिल है; बहुराष्ट्रीय; और सुपर ऊर्जावान स्टार्ट-अप। इससे कहानी सुनाने के व्यवसाय का महत्व बढ़ गया है, जिससे कंपनियों को देश के कोने-कोने में बैठे उपयुक्त ग्राहकों से जुड़ने में आसानी हो सकती है।

आनंद देश की अग्रणी जनसंपर्क फर्म के साथ काम करते हैं और उन्हें बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बढ़ते ब्रांडों को संभालने का बहुत बड़ा अनुभव है। सामरिक संचार, संकट प्रबंधन और गतिशीलता, मीडिया, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे जैसे विभिन्न उद्योग डोमेन में विशेषज्ञता उन्हें देश के विभिन्न क्षेत्रीय बाजारों की गहरी समझ के साथ एक पीआर पेशेवर के रूप में खड़ा करती है।

IRPR-2022 अवाड्र्स के विजेता आनंद ने कहा, क्षेत्रीय बाजार विशेषज्ञता के महत्व को स्वीकार करना जनसंपर्क दृष्टिकोण की कुंजी है, जो विपणन का एक उपकरण है। एक कहानीकार पेशेवर के रूप में, अपने प्रमुख हितधारकों को समझना महत्वपूर्ण है। और एक ब्रांड अभियान में निष्पादन के पूरे तंत्र के लिए एक ईंधन की तरह कार्य करने के लिए अपने संदेश को अनुकूलित करें IRPRA ने जिस तरह से हमारे भारतीय पीआर पेशेवरों को प्रोत्साहित करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच बनाया है, उसका अनुभव करने के लिए मैं उत्साहित हूं। मुझे यकीन है कि यह समग्र उद्योग पर एक बड़ा प्रभाव पैदा करेगा और सभी को बढ़ने में मदद करेगा।

विश्व स्तर पर, जनसंपर्क उद्योग लगभग एक सदी पुराना पेशा है, हालांकि भारत में इसकी शुरुआत वर्ष 1950 में हुई थी और अब इसकी कीमत लगभग 2000 करोड़ रुपये आंकी गई है, और एडफैक्टर्स पीआर प्राइवेट लिमिटेड इसका नेतृत्व कर रहा है। आने वाले वर्षों में, विकसित शहरीकरण क्षेत्रीय पीआर और पत्रकारिता की जीवन शक्ति को बढ़ाएगा।

# आयुष्मान बनाने के नाम पर रुपये लेने वाले वीएलई नपेंगे

**मेवात।** हरियाणा सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत नए पात्रों का रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया है। जिनकी लिस्टें सीएससी वीएलई को उपलब्ध कराई गई है और सरकार के आदेशानुसार आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क बनाया जाएगा।

सीएससी की जिला प्रबंधक आरिफ राजाका ने जिले के सभी सीएससी वीएलई को निर्देश दिए है कि अगर कोई सीएससी वीएलई आमजन से शुल्क लेगा तो उसके खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और ऐसे वीएलईज की आईडी भी बंद कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसके तहत जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से कम हैं ऐसे लोगों को 5 लाख रुपये तक प्रति वर्ष का नि:शुल्क इलाज मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि इस कार्य के लिए कोई पैसा न दें।

# सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना नहीं करने वाले स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

## ऐसे स्कूलों के खिलाफ डीसी ने मुख्यालय को पत्र लिखने की बात कही

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम के लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की मासिक बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**सुरक्षित** स्कूल वाहन पॉलिसी की अवहेलना करने वाले जिले के स्कूलों की मान्यता रद्द होगी। इसके लिए मुख्यालय को पत्र लिखने की बात डीसी ने कही है। इसके साथ ही जिन स्कूल बसों में चेकिंग के दौरान पॉलिसी के तहत निर्धारित मानदंडों की अवहेलना पाई गई है, उनके बस चालकों के लाइसेंस रद्द कर उन्हें जब्त करने के निर्देश भी उपायुक्त ने क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण के सचिव को दिए।

सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की मासिक बैठक में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना सभी विद्यालयों के लिए अनिवार्य है। जिला प्रशासन बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है और उनकी सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। उन्होंने सख्त लहजें में कहा कि बार-बार जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों को पॉलिसी के तहत निर्धारित मानदंडों की पालना के लिए निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन कई विद्यालयों के ढुल-मुल रवैये के चलते जिला प्रशासन अब विद्यालयों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगा। जिन विद्यालयों में पॉलिसी की अवहेलना पाई जाएगी, उनकी मान्यता रद्द करने के लिए सरकार को लिखा जाएगा। इसके अलावा अनियमितता पाई जाने वाली बसों के लाइसेंस रद्द कर उन्हें जब्त किया जाएगा।

**स्कूलों में चेकिंग के दौरान पाई गई अनियमितता :** बैठक में संबंधित एसडीएम द्वारा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना को लेकर उनके अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूलों की चेकिंग रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। चेकिंग के दौरान पाया गया कि इन विद्यालयों में बसों आदि पर नियुक्त किया गया स्टॉफ पॉलिसी के नियमानुसार अप्रशिक्षित था। स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे थे। कई बसों में फर्स्ट एड किट नही थी और जिनमें थी उनमें एक्सपाइरी डेट की दवाईयां रखी गई थी। जीपीएस खराब थे। बसों में रखे गए ड्राइवर एक साल से कम अनुभवी थे, जबकि नियमानुसार स्कूल बसों पर रखे गए ड्राइवरों के पास कम से कम दो साल का अनुभव होना अनिवार्य है। इसके साथ ही बसों पर इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर भी नही लिखे गए थे।

**इन निजी विद्यालयों में भी मिलीं अनियमितताएं :** बैठक में विद्यालयों की चेकिंग के दौरान कई स्कूल बसों में पॉलिसी की अवहेलना के बारे में बताया गया। बैठक में बताया गया कि नवंबर माह में टीम द्वारा द मोर्या स्कूल, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, ज्ञानदेवी पब्लिक स्कूल की चेकिंग की गई। इसके अलावा बादशाहपुर में लोटस वैली पब्लिक स्कूल तथा पटौदी में सरस्वती सीनियर सैकेण्डरी स्कूल तथा जेकेएम पब्लिक स्कूल की गई है।

# खुलासा : समाजसेवियों के भरोसे चल रहा बीके अस्पताल

## 146 में से वर्ष 2015 से नहीं भेजी जा रही हैं कुछ तरह की दवाईयां

**कविता।** फरीदाबाद



बीके सिविल अस्पताल।

**बीके** अस्पताल में लगाई गई एक आरटीआई से खुलासा हुआ है कि यहां मरीजों को सरकारी सुविधाओं के लिए इसलिए तरसना पड़ रहा है, क्योंकि सरकार ने अस्पताल में वाहवाही लूटने के लिए 39 वैंटीलेटर दे दिए। वहीं अस्पताल ने भी 18 बिस्तरों का आईसीयू वार्ड तैयार कर दिया, लेकिन इस आईसीयू को चलाने के लिए न तो चिकित्सक दिए और न ही स्टाफ उपलब्ध करवाया। जिस कारण से यहां मौजूद 39 वैंटीलेटर कंडम होने के कगार पर हैं। वहीं यहां सरकार द्वारा कुछ दवाईयां तो 2015 से भिजवाई ही नहीं जा रही है और न ही बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। न ही मरीजों के लिए स्ट्रेचर भिजवाये हैं। जिसे देखते हुए यहां दवाईयां, स्ट्रेचर, वॉटर कूलर और लावारिश मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था समाजसेवियों द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है। इस बात का खुलासा अजरौंदा निवासी समाजसेवी अजय सैनी के द्वारा डाली गई आरटीआई से हुआ है।


अजय सैनी

**चिकित्सक और स्टाफ नहीं :** अस्पताल प्रबंधन ने आरटीआई के जबाव में बताया कि अस्पताल में 39 वैंटीलेटर हैं। कोविड में 6 बिस्तरों का आईसीयू शुरू किया था। बाद में इसे बढ़ाकर 18 बिस्तरों का कर दिया गया, लेकिन वर्ष 2021 से वह आईसीयू के लिए चार डॉक्टरों, 16 स्टाफ नर्स और दो असिस्टेंट भेजने को लगातार पत्र भेज रहे हैं। एक बार स्वास्थ्य मुख्यालय से इस विषय में बैठक भी की गई, लेकिन अभी तक कोई जबाब नहीं मिला है। जिससे 39 चालू हालत में वैंटीलेटर यहां धूल फांक रहे हैं।

**146 दवाईयां नहीं :** सिविल अस्पताल के चीफ फार्मेसी ऑफिसर द्वारा दिए गए जबाव में खुलासा किया है कि अस्पताल में 143 दवाईयां लगातार आ रही है। लेकिन 146 दवाईयां ऐसी है, जो पिछले कई सालों से नहीं आ रही है। जिसमें कुछ दवाईयां वर्ष 2015 से तो कुछ दवाईयां वर्ष 2018-19 और वर्ष 2020 से लगातार नहीं आ रही है। जिससे मरीजों को अधूरी दवाईयां यहां उपलब्ध होती है।

**जरूरत की चीजें :** अजय सैनी ने बताया कि अस्पताल में अज्ञात मरीजों तक के लिए भोजन की व्यवस्था नहीं है। आरटीआई में मिले जवाब से इसका खुलासा हुआ है। अस्पताल या सरकार भोजन की व्यवस्था नहीं कर रही है। समाजसेवी ही उन्हें भोजन करवाते हैं। वहीं पिछले तीन-चार सालों से स्ट्रेचर भी सरकार उपलब्ध नहीं करवा रही है। समाज सेवियों द्वारा ही स्ट्रेचर उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। वहीं पीने के पानी के लिए वॉटर कूलर तक अस्पताल को समाजसेवी उपलब्ध करवा रहे हैं।

# बुजुर्गों में भी दिखा उत्साह, 77.7 प्रतिशत हुआ मतदान

## देर रात मतगणना के बाद जारी किए जाते रहे विजेताओं के नाम

**कविता।** फरीदाबाद


गांव धौज में मतदान के लिए लाइन में खड़े मतदाता।


बेटे का सहारा लेकर मतदान करने जाता एक बुजुर्ग।


निशान लगाता कर्मचारी।

**पंच** और सरपंच पद के लिए शुक्रवार को जिले में मतदान हुआ। जहां 18 वर्ष से ऊपर की आयुवर्ग के सभी लोगों ने मतदान किया। जिसमें बुजुर्गों का उत्साह देखते ही बन रहा था। एक बुजुर्ग महिला ने वोट डालते हुए कहा कि 'अभी तो मेरे दूध के दांत न आए, मैं तो अभी वोट डालूंगी और अपने सरपंच ने जिताऊंगी।' वहीं इस दौरान कुछ लोगों ने अपना पहला वोट डाला। चुनावों को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। जिला में शाम 6 बजे के बाद तक ही लगभग 77.7 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी थी। जिसमें 226742 मतदाताओं में से 176097 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसके बाद बूथों पर ही मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो गई और विजेताओं की घोषणा का जा रही थी। कई बूथों पर देर रात तक मतगणना की प्रक्रिया जारी रही।

**इतना हुआ मतदान :** जिले में 100 ग्राम पंचायतों में 98 सरपंच और 459 पंच के लिए लोगों ने मतदान किया। जिसमें 98 सरपंच के पद पर कुल 496 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत अजमाई। वहीं पंच के 459 पदों पर 1049 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे। इन पदों के लिए 311 पोलिंग बूथों पर मतदान हुआ। सरपंच पद के लिए ईवीएम पर वोटिंग हुई। जबकि पंच पद के लिए बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान हुआ। जिसके तहत ईवीएम मशीन का बटन दबाकर और अपनी पर्ची से पर मोहर लगाकर लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया।


**नहीं मिली व्हीलचेयर :** हालांकि इस बार पोलिंग बूथों पर सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया गया था। लेकिन कुछ पोलिंग बुथों पर बुजुर्गो को व्हील चेयर मिली, तो कही कुछ लोगों को व्हील चेयर नहीं मिली।

वहीं इस बार भी सख्ती से नियमों का पालन मतदान केन्द्रों पर किया गया। जिसके तहत पोलिंग बुथों पर वाहनों को नहीं ले जाने दिया। जिस कारण बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को कुछ परेशानियां हुई। वहीं कुछ बूथों पर बुजुर्गों और दिव्यांगों के वाहन गेट तक जाने की अनुमति दी गई। मतदाताओं के लिए वोटर स्लिप बनाने वाले प्रत्याशियों के समर्थकों को भी बूथ परिसर से दूर बैठाया गया था, वहीं मोबाइल पर पाबंदी लगी हुई थी।

**दिया 12 घंटे का समय :** सभी पोलिंग बूथों पर वोटिंग एजेंट की उपस्थिति में सुबह 6 बजे मॉक पोल शुरू कर दिया गया। उसके बाद सुबह 7 बजे से ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई। सभी बूथों पर सुबह के समय काफी संख्या में लोग वोट डालने के लिए पहुंचे। दोपहर को बूथों पर भीड़ थोड़ा कम हुई और शाम को एक बार फिर वोट डालने वालों की संख्या में वृद्धि हुई।

इस दौरान गांव सागरपुर में 22 नवंबर को बुजुर्ग नानक व संता देवी को वोटर लिस्ट में काटे गए नाम को प्रशासन ने गलती सुधारते हुए दोबारा दर्ज किया। जिसके बाद शुक्रवार को दोनों बुजुर्गों ने पंच व सरपंच पद के लिए अपने मत का इस्तेमाल किया। इसी तरह गांव फतेहपुर बिल्लोच में जिन लोगों को पहले वोट नहीं डालने दिया गया था, उन्हें मतदान करने का मौका मिला।

**देर रात तक हुई काउंटिंग :** आंकड़े जहां शाम छह बजे तक अपडेट होते रहे। वहीं शाम छह बजे के बाद बूथ परिसर के गेट बंद कर दिए गए। उसके बाद जो लोग अंदर थे, उन्हें ही मतदान करने दिया गया। उसके बाद काउंटिंग शुरू की गई। सुबह 9 बजे तक जिले में 8.9 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं 12 बजे 30.5 और दोपहर 3 बजे तक 68.7 प्रतिशत मतदान हो चुका था। शाम 5 बजे तक 74 प्रतिशत मतदान और शाम छह बजे 77.1 प्रतिशत मतदान हुआ। जहां जहां काउंटिंग पूरी होती रही, वहां विजेताओं के नाम घोषित किए जाते रहे।


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी व मतदाताओं से बातचीत करते हुए।

# पांचवें दिन फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अग्रवाल** कॉलेज बल्लभगढ़ के आईक्यूएसी सेल द्वारा समग्र कल्याण प्रबंधन विषय पर एक ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर का सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एफडीपी का आज पांचवां दिन है। एफडीपी का आयोजन अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल एवं प्रेरक नेतृत्व में किया जा रहा है।

25 नवंबर 2022 को कार्यक्रम के पांचवें दिन मुख्य वक्ता डॉ. विजेता आर्य, सीएमओ, काया कल्प योग प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, सोहना, गुरुग्राम, हरियाणा रहीं जिन्होंने आध्यात्मिक कल्याण पर बात की। उन्होंने प्रतिभागियों को आध्यात्मिक कल्याण के माध्यम से समग्र कल्याण के बारे में बताया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने जीवन में मूल्यों, सिद्धांतों और नैतिकताओं के महत्व के बारे में समझाया जो कुछ अर्थ और उद्देश्य प्रदान करते हैं और हमारे कार्यों को निर्देशित करने में हमारी मदद करते हैं। हमारे जीवन में आध्यात्मिक तत्व होने से हमें सभी शारीरिक और मानसिक कष्टों से लड़ने में मदद मिलती है। हमारे जीवन के उद्देश्य और मूल्यों से अधिक जुड़े होने के कारण हम एक व्यक्ति के रूप में हैं। यह ग्राउंडिंग हमारे और हमारे आसपास के अन्य लोगों के साथ बेहतर संबंध में प्रकट हो सकता है। स्वयं के साथ एक गहरा संबंध प्राप्त करने से आत्म-जागरूकता बढ़ती है, जो हमारे सोचने और व्यवहार करने के तरीके का समर्थन करती है।

# सड़क के गड्ढे बन सकते हैं गंभीर हादसों का कारण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


चौक पर मौजूद सड़क की खस्ता हालत।

**शहर** में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम की लापरवाही से गडढ़े दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। कुछ ऐसा ही नजारा सैनिक कॉलोनी व अनखीर रोड की सबसे व्यस्त जगह पर देखने को मिलता है।

इस रोड पर गुरुग्राम आवाजाही करने वाले वाहन चालकों की दिनभर कतार लगी रहती है। व्यस्त समय में लंबा जाम लग जाता है। नगर निगम की ओर से इस रोड पर अमृत योजना के तहत पेयजल लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए सीमेंटेड सड़क को जगह-जगह खोद कर छोड़ दिया गया। दिल्ली मस्जिद के पास करीब 10 फुट गहरा गड्ढा खुदा पड़ा है। इसकी न कोई बेरकिटिंग की गई है और न यहां बचाव के कोई इंतजाम किए गए हैं। सुबह शाम अनेक बच्चे भी यहां से गुजरते हैं। ऐसे में यहां कभी भी कोई हादसा हो सकता है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दूसरी तरफ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-25 की मुख्य सड़क को चार लेन बनाने का काम किया जा रहा है। सड़क के साथ बरसाती पानी निकासी के लिए ड्रेनेज लाइन बिछाई जा रही है। लेकिन पिछले छह माह से यहां कामकाज ठप पड़ा है। ठेकेदार द्वारा सड़क पर जगह-जगह गड्ढे खोद कर छोड़ दिए गए हैं। दोनों ही सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें खराब होने के कारण शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है। ऐसे में यहां कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढों को भरने के लिए कई बार नगर निगम और एचएसवीपी अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। रात के अंधेरे में यहां कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। जिसका खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर भुगतना पड़ेगा। इस विषय में जब नगर निगम के मुख्य अभियंता रामजी लाल ने बताया कि सड़कों के गड्ढों की जांच कराई जाएगी। ठेकेदार को बेरिकेटिंग के साथ काम करने के आदेश दिए गए है। यदि लापरवाही की गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दिनभर बहता रहा सीवरेज का पानी



**फरीदाबाद।** शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल के मुख्यद्वार पर शुक्रवार को सीवरेज ओवरफ्लो होने के कारण दिनभर सीवरेज का पानी बहता रहा।

हाल यह था कि मुख्यद्वार पर सीवरेज का पानी बहने के कारण अपातकालीन कक्ष में इलाज को आए मरीज और वार्डों में भर्ती अपने परिजनों से मिलने आए तीमारदार परेशान हो गए, क्योंकि अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अस्पताल में मौजूद पुरानी इमारत के दोनो गेटों पर ताला जड़ दिया गया था। ऐसे में मरीज व तीमारदारों को मुख्यद्वार का इस्तेमाल करना पड़ा। जिस पर सीवरेज का पानी था, जिससे उन्हें परेशानियां हुई।

# लापरवाही से जिले में फिर 300 पर पहुंचा एक्यूआई

## जगह-जगह लापरवाही से कूड़े में लगाई जा रही है आग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


बीके अस्पताल में कचरे में लगी आग से उठता धूंआ।

**दो** दिनों से शहर में जहां एक तरफ प्रदूषण बढ़ रहा है, वहीं पाबंदी के बावजूद लोग कचरे में आग लगाने से बाज नहीं आ रहे। इस कड़ी में सिविल अस्पताल भी पीछे नहीं है। अस्पताल में शुक्रवार को तीन स्थानों पर कचरा जलता हुआ देखा गया। शुक्रवार को फरीदाबाद में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर से बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। पिछले 11 दिनों यह खराब श्रेणी में था, लेकिन शुक्रवार को एक्यूआई 300 से पार पहुंच गया है।

इस विषय में जब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रीजनल ऑफिसर स्मिता ने बताया कि हवा की गति कम होने से एक्यूआई में वृद्धि हुई है। शुक्रवार को फरीदाबाद में प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। हमारी टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में प्रदूषण संबंधित गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक दिवाली के बाद से ही फरीदाबाद में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ा हुआ है। प्रदूषण खराब व बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। जिसे देखते हुए पाबंदी लगाई गई थी। लेकिन इसके बावजूद भी लोग प्रदूषण को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे है, इसका ताजा उदाहरण बीके सिविल अस्पताल में देखने को मिला। जहां कचरे में जगह जगह आग लगी हुई थी और उससे धूआं उठ रहा था।

**यह है लेबल :** पिछले लगभग 11 दिनों से हल्की हवा चल रही थी, जिसके चलते एक्यूआई का स्तर थोड़ा कम बना हुआ था। हवा की गति बढ़ने के कारण बुधवार को एक्यूआई मध्यम श्रेणी में पहुंच गया था, लेकिन हवा की गति कम होने से इसमें फिर से वृद्धि होना शुरू हो गया है।

# रिमांड के बाद महिला के हत्यारे को भेजा जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**थाना** सेक्टर सात इलाके में गत सात नवंबर हुई एक अज्ञात महिला की हत्या के मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी मनोज को आज पुलिस रिमांड पूरा होने के बाद अदालत मे पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इस मामले के आरोपी मनोज को क्राइम ब्रांच सेंट्रल और 85 की टीम ने 20/21 नवंबर की रात नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था। आरोपी मनोज नेपाल का रहने वाला है जो फिलहाल फरीदाबाद की सेक्टर 11 राजीव नगर झुग्गी में रह रहा था। आरोपी फरीदाबाद में दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है।

बता दे की 7 नवंबर की रात आरोपी ने एक महिला के साथ बलात्कार करके उसकी हत्या कर दी थी और उसके शव को सेक्टर 7 पार्क में फेंक दिया था। इस मामले में क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस की टीमें लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने सीसीटीवी फुटेज, गुप्त सूत्रों, तकनीकी सहायता तथा आसपास के लोगों के साथ की गई पूछताछ के आधार पर वारदात में शामिल आरोपी मनोज को सनौली बॉर्डर नेपाल से गिरफ्तार कर फरीदाबाद लाया गया था, जिसे अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।


हत्या के आरोप में गिरफ्तार मनोज।

पुलिस पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी ने महिला की हत्या करने से पहले महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था अरोपी ने सेक्टर 7 पार्क के पास अप्राकृतिक संबंध बनाने की कोशिश की परंतु महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसका सर दीवार से दे मारा और कपड़े से उसका गला घोट दिया। आरोपी को डर था कि कहीं महिला जिंदा बच गई तो वह पुलिस के पास जाएगी और पुलिस उसे गिरफ्तार करके जेल भेज देगी। आरोपी ने पार्क मे पड़ा पाइप उठाया और गुस्से में पीड़िता के गुप्तांग में घुसा दिया था।

# संक्षिप्त समाचार

## सुस्त जीवनशैली और खानपान से बढ़ रहा मोटापाः डॉ. गुप्ता


डॉ. बालकिशन गुप्ता

**फरीदाबाद।** सुस्त जीवनशैली और खराब खानपान की वजह से आज मोटापा एक बड़ी समस्या बन गई है। यह ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, कैंसर और हृदय रोग से जुड़ी गंभीर बीमारियों को भी जन्म देती है। इसलिए शरीर के बढ़ते अनावश्यक वजन और पेट की चर्बी को नियंत्रित करना बहुत जरूरी है। मोटापे की समस्या महिला-पुरुष दोनों में देखी जाती है। यह बात मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में मिनिमली इनवेसिव, बैरिएट्रिक सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. बालकिशन गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि आज बच्चे खराब खानपान यानि फास्ट फूड तले भुने एवं भारी मसालेदार खाद्य पदार्थों का सेवन ज्यादा करते हैं। दूसरी तरफ उनकी आउटडोर एक्टिविटीज काफी कम हो गई हैं। बच्चे ज्यादातर समय मोबाइल पर गेम्स आदि खेलकर बिताते हैं। जिसके कारण आजकल बच्चों में भी ओबेसिटी की समस्या ज्यादा सामने आ रही है। रोजाना ओपीडी में हर तीसरे-चौथे मरीज में ओवरवेट की समस्या देखने को मिलती है। गर्भावस्था के बाद हार्मोनल बदलाव के चलते महिलाओं में मोटापे की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। मोटापे की समस्या अनुवांशिक भी होती है। अगर आपका थायरॉयड पर्याप्त थायरॉयड हार्मोन नहीं बना पा रहा है तो पर्याप्त थायरॉयड हार्मोन की अनुपस्थिति में मेटाबॉलिज्म कमजोर हो जाता है और इस कारण वजन तेजी से बढ़ता है। इसलिए थायरॉयड की जांच भी जरूरी बन जाती है। उन्होंने कहा कि सक्रिय जीवनशैली एवं संतुलित आहार की मदद से शरीर के बढ़ते वजन और पेट की अनावश्यक चर्बी को कम किया जा सकता है।

## फ्लाइंग बाल नेशनल चैंपियनशिप शुरू

**फरीदाबाद।** भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के राष्ट्रीय मीडिया कोर्डिनेटर सत्यवीर धनखड़ ( फरीदाबाद ) ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन और मध्यप्रदेश फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सब जूनियर और सीनियर वर्ग की नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन भारतीय हैवी इलैक्ट्रिक लिमिटेड खेल परिसर भोपाल ( मध्यप्रदेश) में 25 नवम्बर से 27 नवम्बर तक किया जा रहा। भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सोमवीर ने बताया कि नेशनल फ्लाइंग बाल चैंपियनशिप में सब जूनियर और सीनियर वर्ग के लडके और लड़की खिलाड़ियों के लिए चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है और इस नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, तेलांगना, तमिलनाडु, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ सहित 18 राज्यों की टीम भाग लेने के लिए भोपाल मध्यप्रदेश में पहुंच चुकी हैं। भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के फाउंडर अवनीश साहू और आर्गनाइजिंग सैक्रेटरी नारायण ने सभी राज्यों के खिलाड़ियों को अच्छा खेल प्रदर्शन कर अपने अपने राज्य के लिए पदक जीतने का आशीर्वाद दिया।

## जीने के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाना जरूरी

**फरीदाबाद।** जिला उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेशानुसार व प्रादेशिक परिवहन अधिकरण फरीदाबाद जितेंद्र कुमार गहलावत डीटीओ के निर्देशअनुसार रोड सेफ़्टी ओमनी फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं वार्ड कमेटी 43 के चेयरमैन एवं वार्ड 45 के मास्टर ट्रेनर बलजीत सिंह ने शॉप ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन 81 हाई स्ट्रीट के प्रेसिडेंट गौरव गिलोहत्रा के साथ मिलकर एवं उनकी टीम के साथ मिलकर हाई स्ट्रीट के प्रांगण में रिफ्लेक्ट टेप अभियान चलाया। साइकिल पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए हैं। जिसमें लोगों को बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए साइकिल चलाने बारे समझाया गया। आप सभी ज्यादा से ज्यादा साइकिल चलाएं खुद भी फिट रहें और दूसरों को भी फिट रहने का ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। अगर आपकी सेहत है तो आप फिट हैं। शहर में सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लगें हैं। इसलिए आप सड़क नियम बिल्कुल ना तोड़े वरना आपका जुर्माना पोस्टल चालान के द्वारा आपके घर पहुंच जाएगा। साइकिल चालकों को बताया के अपनी साइकिल को हमेशा सड़क की साइड निर्धारित जगह में ही चलाए। रीफ़लेक्टर ज़रूर लगाए रात के समय साइकिल में लाइट भी जरूर लगाए। ताकि सड़क दुर्घटना से बचा जा सके। साइकिल पर घंटी लगाएं एवं साइकिल की ब्रेक हवा पानी ठीक रखें इसलिए हमेशा सड़क नियम अपनाए खुद भी सुरक्षित रहें दूसरों को भी सुरक्षित रहने दें सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा।

## 'भगवद गीता' का संदर्भ लें विद्यार्थी : प्रो राज कुमार

**फरीदाबाद।** पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राज कुमार ने आज प्रबंधन के छात्रों को प्रबंधन अभ्यास के लिए 'भगवद् गीता' का संदर्भ लेने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भगवद् गीता प्रबंधन अध्ययन के लिए सहायक आधार है। भगवान कृष्ण की शिक्षाएं संकट के समय में सर्वोत्तम प्रबंधन अभ्यास देती हैं। प्रो. राज कुमार आज जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में शिक्षकों और छात्रों के साथ एक परिचर्चा सत्र को संबोधित कर रहे थे। वे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना के बाद विश्वविद्यालय की कुलगीत से हुई। प्रतिष्ठित शिक्षाविद और शैक्षिक प्रशासक, प्रो. राज कुमार, जोकि इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में प्रोफेसर रहे हैं, ने कहा कि जेसी बोस विश्वविद्यालय की रणनीतिक स्थिति के कारण इसका तकनीकी शिक्षा के योगदान में एक निर्णायक कारक रहा है।

## तीरंदाजों ने सटीक निशाने लगाकर जीते पदक



प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी व पदाधिकारी।

**फरीदाबाद।** आर्चरी एसोसिएशन के सचिव नागेश्वर वशिष्ठ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पहली पानीपत तीरंदाजी प्रतियोगिताओं का आयोजन एन वी आर्चरी अकादमी और जी डी आर गुरुकुल स्कूल पानीपत में पानीपत आर्चरी संघ के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर से लगभग 10 विद्यालयों से 70 तीरंदाज़ खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 5 साल आयु वर्ग से 10 साल आयु वर्ग, 14 साल आयु वर्ग से 17 साल आयु वर्ग,19 साल आयु वर्ग और सीनियर वर्ग के लड़के व लड़कियों ने रिकर्व राउंड, कंपाउंड राउंड और इंडियन राउंड इवेंट में अपने अपने स्कूल के लिए पदक जीते। संघ सचिव नागेश्वर वशिष्ठ ने बताया कि इस प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाडी भविष्य में होने वाली राज्य एवं राष्ट्रीय तीरंदाज़ी प्रतियोगिताओं में पानीपत जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीतने का कार्य करेंगे। एक दिवसीय जिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ आर्चरी एसोसिएशन पानीपत के अध्यक्ष नरेंद्र मोर के द्वारा किया गया। संघ अध्यक्ष नरेंदर मोर ने कहा कि जिले के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए रैंकिंग और अंतर विद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरु करने का कार्य करेंगे। जिससे खिलाडियों को ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी खेल प्रतिभा जांचने का मौका मिलेगा। प्राचीन ग्रीस के ओलम्पिक के बाद दूसरे सबसे बड़े खेलों मार्डन पिथियन खेलों में शामिल होकर हम अपने खिलाड़ियों के लिए देश और विदेश में खेलने के नये अवसर लेकर आएं हैं। प्रतियोगिता में इंडियन आर्चरी में सबसे बेहतरीन आर्चर को खास तौर से शुभम को पिथियन बैस्ट आर्चर अवार्ड से सम्मानित किया गया। बैस्ट आर्चर को अवार्ड मार्डन पिथियन खेलों के फाउंडर बिजेंदर गोयल, अध्यक्ष राजेश जोगपाल आई ए एस की तरफ से नरेंद्र मोर के कर कमलों के द्वारा दिया गया। नरेंदर मोर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 साल वर्ग इंडियन राउंड में शैलेश्वर एम ए एस डी स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया व हार्दिक ने दूसरे स्थान पर कब्जा किया तथा रोहित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 रिकर्व वर्ग में लक्ष्य एनवी आर्चरी अकादमी ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## बिजनेस प्रशासन

### थोड़ा बदलाव

**बिजनेस** प्रशासन में थोड़े परिवर्तन के परिणामस्वरूप अब राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-विरोधी अधिकरण, भारतीय प्रतियोगिता आयोग के एक हिस्से के रूप में जीवित रहेगा। सरकार ने भारतीय प्रतियोगिता आयोग-सीसीआई को राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-विरोधी अधिकरण-एनएए के समान अधिकार दे दिए हैं। इसका कारण यह है कि इस महीने के अंत में एनएए समाप्त हो जाएगा। एनएए के पास यह सुनिश्चित करने का अधिकार था कि वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी में की जाने वाली कमी को ग्राहकों तक पहुंचाया जाए। इसके गठन का उद्देश्य बिजनेसों में किसी 'मुनाफाखोरी' पर लगाम लगाना था और इसी कारण इसे यह नाम दिया गया था। बताया जाता है कि यह निर्णय जीएसटी परिषद की संस्तुति के अनुरूप है जिसमें केन्द्र तथा राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व है। इस प्रकार अब एनएए समाप्त हो जाएगा और उसका काम सीसीआई के अधिकारी करेंगे। एनएए का गठन 2017 में किया गया था और माना जाता है कि यह अपने गठन के समय से ही बिजनेस वर्ग को पसंद नहीं था। वास्तव में, 'मुनाफाखोरी' शब्द से ही एक प्रकार का नकारात्मक व निन्दाजनक भाव पैदा होता है, यही कारण है कि वामपंथी विचारधारा वाले लोग अक्सर इसका प्रयोग करते हैं। इस अवधारणा में अनुमान लगा लिया जाता है कि सभी बिजनेसमैन संवेदनहीन व खून चूसने वाले खलनायक होते हैं जो अपने कर्मचारियों का शोषण कर ग्राहकों को धोखा देते हैं। इस घृणा में यह गलत अवधारणा भी जुड़ जाती है कि सरकार दबाव डालने वाले तरीकों से इन पर नियंत्रण कर कीमतों पर लगाम लगा सकती है। अलाउद्दीन खिलजी की उत्पीड़क सरकार से लेकर 1991 पूर्व के नेहरूवादी-समाजवादी युग तक ऐसे नियंत्रण लागू थे। लेकिन उन्होंने जमीनी स्तर के आम लोगों को कोई राहत नहीं दी और अपरिहार्य रूप से उनका नतीजा अभाव, कालाबाजारी व भ्रष्टाचार के रूप में सामने आया। पिछले कुछ वर्षों में एक सर्वाधिक बिजनेस-विरोधी निर्णय एनएए का गठन था।




उम्मीद की गई थी कि वह जीसटी क्रियान्वयन की निगरानी का अपना काम दो साल में पूरा कर लेगा, इसलिए उसे दो साल का कार्यकाल दिया गया था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रख्यात अर्थशास्त्री मिल्टन फ्रीडमैन ने कहा था, 'सरकार के अस्थाई कार्यक्रम जितना स्थाई कुछ नहीं होता है।' इस कथन को सही सिद्ध करते हुए एनएए को विस्तार मिलता रहा जिसके परिणामस्वरूप 2019 में समाप्त होने वाला यह संगठन अब भी जीवित है और बना रहेगा। यह उल्लेख करना जरूरी है कि न केवल नरेन्द्र मोदी की सरकार मूल्य नियंत्रण व्यवस्था जारी रखने की जिम्मेदार है, बल्कि पूरा राजनीतिक वर्ग इसमें शामिल है क्योंकि जीएसटी परिषद में विभिन्न राज्य सरकारें भी शामिल हैं। एनएए बने रहने से एक चिन्ताजनक तथ्य यह उभरता है कि हमारे राजनेताओं को आर्थिक सुधारों में ज्यादा विश्वास नहीं है। देश में उन्होंने जो भी उदारीकरण किया है, उसका कारण अपनी मर्जी न होकर मजबूरी है। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि उदारीकरण प्रक्रिया का अर्थ मूलत: अर्थव्यवस्था के क्षेत्र से राज्य की पीछे हटने की प्रक्रिया है। इसका अर्थ विनियमनों में कमी तथा बाजार में कम हस्तक्षेप है। हालांकि, यह सब अर्थव्यवस्था और व्यापक रूप से जनता के लिए अच्छा है, पर यह राजनेताओं और बुद्धिजीवियों के एक वर्ग के लिए अच्छा नहीं है जो वैचारिक रूप से उन सिद्धान्तों के पक्ष में हैं जो 'राज्य' की अवधारणा के ही विरोधी हैं। इसके साथ ही इस समूह में वामपंथी पुस्तकें पढ़ कर बड़े हुए काफी लोग हैं जिनमें नौकरशाह, अर्थशास्त्री व टेक्नोक्रेट, आदि शामिल हैं। यही कारण है कि एक खास प्रकार की लेवियाथन सोच बनी रहती है जिसके चलते एनएए जैसी नकारात्मक संरचनायें कभी समाप्त नहीं होती हैं।

# गुजरात में भाजपा की विजय संभव

गुजरात में त्रिकोणीय मुकाबले में भी भाजपा की रिकार्ड विजय संभव है। इससे 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की संभावनायें और मजबूत होंगी।



**दीपक के. उप्रेती**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)




गुजरात में पिछले 27 साल से सत्ता संभाल रही भारतीय जनता पार्टी फिर विजय की इच्छुक है। जब भी गुजरात में 'भाजपा के चुनाव लड़ने' की बात होती है तो वास्तव में इसका अर्थ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चुनाव लड़ना होता है। भले ही वे 2014 में गांधीनगर छोड़ चुके हों, पर वे सातवीं बार इस पश्चिमी राज्य में 2022 में जनादेश प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं जो 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले निर्णायक सेमीफाइनल की तरह है। यहां भाजपा की एक और विजय का अर्थ लगभग तीन दशक की सत्ता-विरोधी लहर के बावजूद संभवत: कांग्रेस को 'खारिज' करना तथा देश के पश्चिमी तट पर उभर रही आम आदमी पार्टी-आप का 'तीसरा आयाम' बनना होगा। भाजपा समर्थकों के लिए यह आश्चर्यजनक हो सकता है, पर सत्ता पर भाजपा के 'डबल इंजन' के प्रभुत्व के बावजूद कांग्रेस ने पिछले 2017 के विधानसभा चुनाव में न केवल अपनी सीटों में बढ़ोत्तरी की थी, बल्कि उसका मत प्रतिशत भी बढ़ा था। इसके उलट, भाजपा को 2002 में मिली सीटों की संख्या में लगातार कमी आई।

2017 में भाजपा की सीटें 99 थीं, जबकि 2012 के विधानसभा चुनाव में उसे 116 सीटें मिली थीं, हालांकि उसके 49.1 प्रतिशत वोट शेयर में 1.25 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई थी। कांग्रेस को 2012 में गुजरात विधानसभा चुनाव में 60 सीटें मिली थीं, जबकि 2017 में उसने इनकी संख्या काफी बढ़ा कर 77 कर ली थी। इस प्रकार मुख्य विपक्षी पार्टी ने न केवल अपनी सीटों की संख्या में 17 बढ़ाई थीं, पर उसका मत प्रतिशत भी 2012 गुजरात विधानसभा चुनाव में 41.5 प्रतिशत से 2.57 प्रतिशत बढ़ा था। हालांकि, कांग्रेस को 2017 में इतनी मजबूती नहीं मिली कि वह भाजपा को हरा सके। भाजपा के पास सुसंगठित संगठनात्मक मशीनरी तथा नरेन्द्र मोदी के 'राजनीतिक' दांवपेंच वाले नियंत्रण व संतुलन थे जिसके चलते वे गुजरात में 'चेहरा-विहीन' कांग्रेस तथा केन्द्रीय नेतृत्व के बारे में उसकी अस्पष्टता की तुलना में मतदाताओं की भाजपा में दिलचस्पी बनाए रख सके थे।

अब पहली व पांच दिसंबर को गुजरात विधानसभा चुनाव का मंच सज गया है। वर्तमान चुनाव को 'लहर-विहीन' चुनाव कहा जा सकता है जिसे उम्मीदवारों के 'सही चयन' तथा 'सटीक बूथ प्रबंधन' से जीता जा सकता है जो मजबूत समर्थन आधार का अच्छा मतदान सुनिश्चित करेगा। इसे एक प्रकार का तकनीकी प्रबंधन कहा जा सकता है। संभवत: पिछले विधानसभा चुनावों में घटती सीटों से सतर्क भाजपा ने अपने 40 वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिए हैं तथा युवा व नए चेहरों को वरीयता दी है। इस प्रकार वह सत्ता-विरोधी बोझ से बचना चाहती है। हालांकि, सभी राजनीतिक पार्टियां 'विचारधारा' के बजाय जिताऊ उम्मीदवारों पर ज्यादा भरोसा करती हैं, इसलिए भाजपा ने भी 2017 चुनाव के बाद कांग्रेस से इस्तीफा दे कर भाजपा में शामिल होने वाले 19 विधायकों में से 10 को टिकटों के रूप में अपना आर्शीवाद दिया है। इसके उलट कांग्रेस ने 'समझदारी' से अपने अधिकांश वर्तमान पार्टी विधायकों को उम्मीदवार बनाया है। वैसे यह दोनों पार्टियों के लिए जमीन पर उपलब्ध सर्वोत्तम उम्मीदवार चुनने तथा मतदाताओं के समक्ष 'नया इंद्रधनुष' बनाने की तरह है।

गुजरात में अपना किला बचाने तथा इसे 'अजेय' बनाने के लिए भाजपा ने कांग्रेस से पालाबदल कर जुलाई में भाजपा में शामिल होने वाले 29 वर्षीय पाटीदार हार्दिक पटेल को उनके गृह नगर 'विरमग्राम' से मैदान में उतारा है जिसे वे कांग्रेस के लिए दो बार जीत चुके हैं। 2015 में ओबीसी आरक्षण आंदोलन के नेता को अपने साथ लाने से प्रभावशाली पटेल समाज पर भाजपा की पकड़ और मजबूत होगी। अन्य युवा व नए चेहरों में क्रिकेटर रवीन्द्र जड़ेजा की पत्नी 28 वर्षीय रिवाबा जामनगर उत्तर सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं। भाजपा में शामिल होने के पहले वे राजपूत समुदाय के आक्रामक संगठन 'करणी सेना' की नेता रह चुकी हैं। मोरबी विधानसभा सीट से 60 वर्षीय कांतिलाल अमुरतिया को मैदान में उतारा गया है। यहां पुल टूटने की विभीषिका में 135 लोगों की जान गई थी। यह भाजपा के सीट वितरण में 'सतर्क माइक्रो प्रबंधन' का एक और उदाहरण है। त्रासदी के बाद भाजपा ने मोरबी से अपने वर्तमान विधायक का टिकट काट दिया और अमुरतिया को इसलिए चुना कि वीडियो में उनको नदी में कूद कर लोगों का जीवन बचाते देखा गया था। अमुरतिया पूर्व विधायक हैं, पर वे 2017 में विधानसभा चुनाव हार गए थे।

अतीत के मुख्य प्रतिद्वंद्वियों कांग्रेस व भाजपा के बजाय इस बार गुजरात चुनाव में आप का प्रवेश भी हुआ है। इससे राजनीतिक विश्लेषकों में जिज्ञासा है कि इससे चुनावों पर क्या प्रभाव पड़ेगा तथा इससे किसे लाभ होगा। आप के आक्रामक नेता अरविंद केजरीवाल द्वारा की गई 'खैरातों' की घोषणा से अनुमान है कि वह भाजपा के शहरी वोटों में सेंध लगायेगी तथा उससे कांग्रेस को कम नुकसान होगा क्योंकि उसका मजबूत आधार गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में है। लेकिन भाजपा के राज्य अध्यक्ष सी.आर. पाटिल की सोच इससे अलग है। उनके अनुसार, आप कांग्रेस के वोट काटेगी और इससे भाजपा की संभावनायें मजबूत होंगी। आप नेता ने पाटीदार समाज पर सर्वाधिक विश्वास कर गुजरात आप अध्यक्ष गोपाल इटालिया को सूरत के काटरग्राम तथा पाटीदार आंदोलन के पूर्व नेता अल्पेश कठारिया को सूरत शहर में वराछा से मैदान में उतारा है। वर्तमान समय में सर्वाधिक आक्रामक प्रचार कर रही आप ने गुजरात में 2021 के निकाय चुनावों में अपनी सफलता को आधार बनाया है जब उसने पाटीदार वोटों पर विजय प्राप्त कर कांग्रेस को सूरत नगर निगम से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। आप को गांधीनगर नगर निगम में भी एक सीट मिली थी।

2022 के गुजरात चुनाव में आप मजबूत भाजपा व कांग्रेस की तुलना में बेअसर नहीं है और वह अपनी जड़ें और गहरी व मजबूत कर रही है। पाटीदारों के प्रति आप का दृष्टिकोण व पिछड़े समुदाय के इसुदान गाधवी को मुख्यमंत्री उम्मीदवार के रूप में पेश कर उसने पंजाब में विजय के बाद एक सुनियोजित व दूरगामी रणनीति बनाई है। लेकिन केजरीवाल का 'हिंदुत्व' कार्ड भाजपा के खिलाफ लाभदायक नहीं सिद्ध होगा। सत्तारूढ़ भाजपा का मुख्य मुकाबला कांग्रेस से है जो वर्तमान समय में खामोशी से 'घर-घर' प्रचार अभियान चला कर 2017 में छूट गए खाली स्थान भरने का प्रयास कर रही है।

जहां तक भाजपा का सवाल है, उसकी 'गौरव यात्रा' के साथ ही प्रधानमंत्री गुजरात को महाराष्ट्र से दो विशाल परियोजनायें लाकर मतदाताओं को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि प्रशासन में उसकी निरंतरता से गुजरात का अबाध 'विकास' होगा तथा केन्द्र से मिलने वाला पैसा इसकी गारंटी है। टेलीवीजन के एंकर चाहे जितने विश्लेषण करें, सच्चाई यह है कि गुजरात में चुनाव हार्दिक पटेल व अल्पेश ठाकोर जैसे 'पालाबदल' करने वालों के हाथ में है। एक समय पाटीदार आंदोलन के नेता व हार्दिक के सहयोगी इटालिया अब आप के उम्मीदवार हैं। वे 2017 में विधानसभा के बाहर भाजपा के मंत्री प्रदीप सिंह जडेजा पर जूता फेंकने के कारण कुख्यात हैं। यदि कोई अदृश्य राजनीतिक धारा त्रिशंकु विधानसभा को जन्म नहीं देती है तो भाजपा की पुन: विजय लगभग पूर्णत: निश्चित है। लेकिन सामने आने वाले 'तथ्य' कभी भ्रामक भी हो सकते हैं। 1985 में कांग्रेस गुजरात में 149 सीटों व 55 प्रतिशत वोटों के साथ सत्ता में आई थी, पर 2002 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 127 सीटें व 49.8 प्रतिशत वोट मिले।

यदि पत्रकारिता को 'जल्दबाजी में लिखा इतिहास' कहा जाता है तो इतिहासकार ई.एच. कार की पुस्तक 'व्हाट इज़ हिस्ट्री' से चुनावों को सही संदर्भ में देखा जा सकता है। उनके अनुसार, 'कहा जाता है कि तथ्य अपने आप बोलते हैं। लेकिन यह सही नहीं है। तथ्य तभी बोलते हैं जब इतिहासकार उनसे पूछता है। वही यह तय करता है कि किन तथ्यों को किस क्रम या संदर्भ में सामने रखा जाए। तथ्य एक बोरे की तरह हैं, जब तक उसमें कुछ डाला न जाए वह खड़ा नहीं हो सकता है।' गुजरात चुनाव इस दृष्टिकोण से भी महतवपूर्ण हैं।

# कॉप-27 में जलवायु वित्त पर जोर

**श्रेया गर्ग**
(लेखिका महिला अधिकारों व पर्यावरण मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



ग्रह का वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.15 डिग्री सेल्सियस ऊपर है और हम 1995 से हर साल पार्टियों का सम्मेलन (कॉप) करते आ रहे हैं, जिसमें विश्व के नेता जलवायु के उभरते खतरों से लड़ने के लिए समाधानों के बारे में सोचने के लिए एक साथ आते हैं। परिवर्तन। इस साल शर्म अल-शेख में शिखर सम्मेलन में दुनिया के नेताओं ने भाग लिया, जो अपने निजी जेट विमानों में पहुंचे, उनमें से करीब 400 ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कोई भी सोच सकता है कि जलवायु परिवर्तन के इर्द-गिर्द बहस को शुरू करने का इससे अच्छा तरीका क्या हो सकता है।

पिछले लगभग एक दशक में, ग्रीन वाशिंग एक आदर्श बन गया है और हम सभी ने यह मान लिया है कि कोई और जलवायु परिवर्तन की समस्या का ध्यान रखेगा। निगमों ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे का उपयोग अपने खजाने को भरने के लिए किया है और वैश्विक नेताओं ने भी मदद करने के लिए बहुत कम किया है। जहां तक जलवायु परिवर्तन का संबंध है, लिप सर्विस आदर्श रही है। हर साल, ये सम्मेलन आशा का संकेत देते हैं। दुनिया के विभिन्न हिस्सों के प्रतिष्ठित नेता प्रतिज्ञा करते हैं, इतने साल तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने की बात करते हैं, उभरती अर्थव्यवस्थाओं को सहायता का वादा करते हैं और इसी तरह। लेकिन जब जमीनी स्तर पर प्रगति की बात आती है तो परिणाम निरपवाद रूप से निराशाजनक होते हैं। वे जलवायु परिवर्तन के प्रति हमारी लड़ाई की एक दुखद तस्वीर पेश करते हैं। यह मनोबल गिराने वाला है और कोई भी इन शिखरों के इर्द-गिर्द कुतरने वाले सनक के आगे झुके बिना नहीं रह सकता।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, 'पाकिस्तान का एक तिहाई हिस्सा बाढ़ में बह गया। हमने 500 वर्षों में यूरोप की सबसे गर्म गर्मी देखी है। फिलीपींस को झटका लगा। पूरा क्यूबा ब्लैकआउट हो गया था। और संयुक्त राज्य अमेरिका में, तूफान इयान ने एक क्रूर अनुस्मारक दिया है कि कोई भी देश और कोई भी अर्थव्यवस्था जलवायु संकट से सुरक्षित नहीं है।' ये सभी घटनाएं पूरी मानवता के लिए एक साथ कार्य करने के लिए एक क्रूर अनुस्मारक के रूप में काम करती हैं। कॉप27



शिखर सम्मेलन ने शमन, अनुकूलन, वित्त और सहयोग के मुख्य रूप से चार फोकस पहलुओं पर ध्यान देने के साथ अपना एजेंडा सही निर्धारित किया। यह देखने की जरूरत है कि कितने देश उक्त क्षेत्रों में पूरी ईमानदारी से महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कॉप27 के प्रमुख विषयों में से एक नुकसान और क्षति रहा है। केवल इसी वर्ष विकसित राष्ट्र इस विषय को औपचारिक एजेंडे में रखने के लिए सहमत हुए। विकासशील देशों के समूह के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा, जिसे जी77 कहा जाता है, उनके नेताओं ने रेखांकित किया कि कैसे उन्हें जलवायु परिवर्तन के कारणों को कम करने और भविष्य में इसके नतीजों के खिलाफ तैयार करने के लिए धनी देशों से सहायता की आवश्यकता है। इस शिखर सम्मेलन में हानि और क्षति निधि के निर्माण के संबंध में एक सकारात्मक प्रगति हुई है। फंड उभरती अर्थव्यवस्थाओं को प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, बाढ़ और चक्रवात आदि के हानिकारक प्रभावों को दूर करने में मदद कर सकता है। हालांकि, जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए इसका उपयोग कैसे किया जाएगा और दाताओं की सूची कौन होगी, इसका विवरण अभी भी स्पष्ट नहीं है। 2009 में वापस, विकसित देशों ने तापमान में और वृद्धि को कम करने में मदद करने के लिए कम धनी देशों को 2020 तक हर साल 100 बिलियन की आपूर्ति करने का संकल्प लिया था। लेकिन उससे क्या हुआ? धनी राष्ट्रों ने स्पष्ट रूप से आज तक अपने वादे को पूरा नहीं किया है। 100 अरब डॉलर की कटौती भी नहीं होगी, क्योंकि विकासशील देशों ने स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है कि उन्हें जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 6 ट्रिलियन डॉलर से 11 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता होगी। विकासशील देशों को सहायता प्राप्त करना महत्वपूर्ण है, जिसके बिना वे ग्रीनहाउस उत्सर्जन को कम करने में ज्यादा प्रगति नहीं कर पाएंगे। कॉप27 में एक प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते हुए, जलवायु पर अमेरिकी राष्ट्रपति के दूत जॉन केरी ने जोर देकर कहा कि अमीर देशों द्वारा ओपन-एंडेड देनदारियों पर हस्ताक्षर करने के साथ बातचीत समाप्त नहीं होगी। उभरते हुए देशों ने नुकसान और क्षति कोष बनाने के खिलाफ एकजुट हुए, लेकिन धनी देशों ने यह कहकर इस विचार को खारिज कर दिया कि वे मौजूदा वित्तीय चैनलों का समर्थन करते हैं।

इस वर्ष के सीओपी को कार्यान्वयन के लिए सीओपी कहा गया था, क्योंकि केवल संकल्प से काम नहीं चलेगा। जलवायु वित्त के संबंध में एक विस्तृत रोड मैप और अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता है। इस मामले में एक मामला अमेरिकी राष्ट्रपति, जो बिडेन ने शिखर सम्मेलन में आश्वासन दिया कि अमेरिका 2030 तक अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करेगा और पेरिस समझौते से बाहर निकलने के लिए माफी मांगी। हालांकि, उन्होंने और अन्य विश्व नेताओं ने शायद ही यह समझाया कि पहले किए गए वादों को आज तक पूरा क्यों नहीं किया गया। बाइडेन ने ठीक ही कहा कि दुनिया ने जलवायु संकट के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण क्षण का सामना किया। लेकिन उन कदमों को निर्धारित करने में विफल रहे जो मानवता को उठाने चाहिए।

कॉप27 के समाप्त होने के साथ, कुछ प्रेरणा फिर से जागृत हुई है। आने वाले वर्षों में वैश्विक नेता क्या करते हैं, इस पर ध्यान से देखा जाएगा, लेकिन साथ ही, दुनिया भर के नागरिकों को भी वह करना चाहिए जो वे व्यक्तिगत स्तर पर कर सकते हैं। हमें इस विषय पर सक्रिय रूप से शोर मचाने वाले और लोगों की आवश्यकता है। युवा जलवायु योद्धाओं को आगे आने की जरूरत है और इसके लिए स्कूली पाठ्यक्रम में जलवायु परिवर्तन को एक विषय के रूप में शामिल करना सही दिशा में एक कदम साबित होगा। आशा स्पष्ट रूप से जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर अपनाने की अच्छी रणनीति नहीं है। इसलिए, हमें सभी बाधाओं को पार करने का प्रयास करना चाहिए, निषेध को दूर करना चाहिए।

## आप की बात

### भारत जोड़ो यात्रा

**ये** बात जगजाहिर है कि कांग्रेस हमेशा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरोध में रही है। यहाँ तक कि इमेरजेंसी काल में तो संघ के स्वयंसेवकों ने यातनाये तक झेली तथा प्रतिबन्ध इत्यादि से भी उबर कर आए। एक़ बार फिर संघ को घेरने के फेर में राहुल गाँधी गलत बयानी कर गए। एक़ जनसभा के दौरान टंट्या भील के बलिदान का दोष संघ पर मढ़ते सुनाई दिए कांग्रेस के युवराज। जबकि संघ की स्थापना से लगभग 35 वर्ष पहले ही टंट्या भील बलिदान हों गए थे। यहाँ तक कि संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार की आयु टंट्या के बलिदान के समय 8 माह मात्र थी। एक़ राजसी परिवार और प्रधानमंत्री पद के दावेदार से जनता को मूर्खता पूर्ण और झूठे व्यवहार की कतई उम्मीद नहीं होती इसलिए तौलकर बोलना सर्वदा उचित होता है बड़े नामों को अन्यथा जगहँसाई निश्चित है। विडंबना यह भी है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का असर तो बाद में पता चलेगा, पर राजस्थान में एक बार फिर गहलोत व पाइलेट में ठन गई है। वैसे राहुल यह भी कह रहे हैं कि यह यात्रा वोट बटोरने के लिए नहीं है। आरोप हैं कि यात्रा में शामिल कलाकारों को पैसा भी दिया जाता है। इससे यात्रा पर सवाल ही उठते हैं।

**मनोज**, मेरठ

### संविधान दिवस

**आज़ादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत अपने संविधान दिवस की 73 वीं वर्षगाठ मना रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना के बाद भारत ने वसुवधैव कुटुंबकम को अपनाते हुए समूचे विश्व को महामारी से उबरने के लिए वैक्सीन मुहैया कराने में मदद की, यही तो है भारत। भारत के संविधान को कई देशों के संविधान से मिलकर बनाया गया है, इसीलिए इसे बैग ऑफ़ बौरोइंग भी कहा जाता है। आज हम अपने अधिकार की बात तो करते हैं, लेकिन अपने दायित्व को भूल जाते हैं। जरुरत है कि भारत का प्रत्येक नागरिक अपने संविधान को पढ़े, समझे और जाने क्या अधिकार उन्हें दिया गया है और क्या देश के प्रति उनका दायित्व है। हम विकसित देशों की तुलना जीडीपी, व्यवस्था और इनोवेशन के आधार पर करते हैं, लेकिन उनके नागरिकों से अपनी तुलना नहीं करते, किस तरह से वो अपने देश की सेवा करते हैं उसके विकास के प्रति सोचते हैं। प्रत्येक भाषा में डिजिटल या पारम्परिक मीडिया के माध्यम से देशवासियों को उनके अधिकार और दायित्व को बताया जाए जिससे कि यह उनको याद हो जाये, यही भारत की उपलब्धि होगी।


### ईरान में जन-विद्रोह

**पिछले** 10 सप्ताहों से ईरान भर में हिज़ाब के विरोध में प्रदर्शन जारी है। धर्मान्धता वाली कट्टरपंथी इस्लामी हुक्मरानों को अब लगने लगा है कि जिस तरह से 1979 की इस्लामी क्रांति से इनकी हुकूमत वजूद में आयी थी ठीक उसी तरह इस्लामपंथियों की सत्ता जा सकती है। हज़ारों प्रदर्शनकारी पुलिस हिंसा के अबतक मारे जा चुके हैं। 14 हज़ार के करीब युवाओं जिनमे ज्यादातर महिलाएं हैं, उन्हें हिरासत में क़ैद किया जा चूका है। शायद इसी दमनात्मक कार्रवाई के कारण मानवाधिकार परिषद ने 16 सितंबर 2022 को शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों से संबंधित एक तथ्य-खोजी मिशन बनाने की घोषणा की है । संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त ने बताया कि सुरक्षा बलों के बर्बर दमन के बावजूद यह विरोध 150 शहरों में फैल गया है। मगर क्या इस जांच के बाद ईरान प्रदर्शनकारियों पर नरम रुख अपना लेगा घ् नहीं ऐसा कभी नहीं होगा। विश्व समुदाय के हाथों में बहुत कुछ नहीं है करने को। उसपर पहले से ही व्यापरिक प्रतिबन्ध लगा हुआ है। जिसका कोई असर उसपर नहीं पड़ रहा है।

**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**मुझे** विश्वास है कि भारत इस पर गौर करेगा। लेकिन वे-जाकिर नाइक-मलेशिया के नागरिक हैं।

- **हरदीप पुरी**
केन्द्रीय मंत्री



**हम** सभी लोग जानते हैं कि पुतिन से बात करना कितना कठिन है। यह एक तथ्य है।

- **बोरिस जॉनसन**
पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**वर्तमान** चुनौती कानून व लोकतंत्र की रक्षा है। हम इसे बचाने के लिए कुछ भी करेंगे।

- **तेजस्वी यादव**
बिहार के उप-मुख्यमंत्री

# यूपी में स्क्रैप पॉलिसी लागू

## कैबिनेट के फैसले

### ● नई गाड़ी पर टैक्स में छूट देगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कैबिनेट ने** प्रदेश में गाड़ियों की नई स्क्रैप पॉलिसी लागू कर दी है। इसके तहत यदि आपकी गाड़ी 15 साल से ज्यादा पुरानी है तो उसे स्क्रैप कराने पर सरकार एक सार्टिफिकेट देगी। इस सार्टिफिकेट के आधार पर एक साल के अंदर नई गाड़ी खरीदकर उसका रजिस्ट्रेशन कराने पर टैक्स में 25 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। गाड़ी अगर व्यवसायिक है तो 15 प्रतिशत तक छूट मिलेगी।

ज्ञातव्य है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मोटरयान (यान स्क्रैपिंग सुविधा का रजिस्ट्रीकरण और कार्य) नियम, 2021 प्रख्यापित किया गया है, जो 25 सितम्बर 2021 से प्रवृत्त है। इस नियमावली में पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केन्द द्वारा वाहनों के स्क्रैप के लिए निक्षेप प्रमाणपत्र निर्गत करने का प्राविधान है। इस प्राविधान के फलस्वरूप पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र में वाहन को स्क्रैप कराने के सापेक्ष सम्बन्धित आरवीएसएफ द्वारा वाहन के प्रति एक निक्षेप प्रमाणपत्र निर्गत किया जाएगा। इसके क्रम में ष्पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र को प्रोत्साहित करने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना द्वारा केन्द्रीय मोटर यान नियमावलीए 1989 में नियम-51क जोड़ते हुए यह प्राविधानित किया गया है कि यदि निक्षेप प्रमाणपत्र के सापेक्ष कोई वाहन पंजीकृत किया जाता है तो उन वाहनों के कर में छूट प्रदान की जायेगी, जो गैरव्यावसायिक वाहनों के प्रकरण में 25 प्रतिशत तक और व्यावसायिक वाहनों के प्रकरण में 15 प्रतिशत तक दी जा सकती है। यह छूट व्यावसायिक वाहनों के प्रकरण में 8 वर्ष तक एवं गैर व्यावसायिक वाहनों के प्रकरण में 15 वर्ष तक उपलब्ध होगी। भारत सरकार की इस अधिसूचना के प्राविधानों के क्रम में वाहनों के निक्षेप प्रमाणपत्र के सापेक्ष नया वाहन क्रय कर पंजीकृत कराने पर मोटरयान कर में छूट दिए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त यह पाया गया कि उत्तर प्रदेश मोटर यान कराधान अधिनियम-1997 की धारा 3(1) में राज्य सरकार को कर में छूट देने की शक्ति प्रदत्त है। प्रदेश सरकार का मत है कि पुराने वाहनों के संचालन से उत्सर्जित धुआं, वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारक है। इसके दृष्टिगत स्वच्छ एवं वायु प्रदूषण मुक्त वातावरण के निर्माण के लिए भारत सरकार द्वारा यान स्क्रैपिंग नीति लागू की गयी है। इस नीति के क्रियान्वयन के फलस्वरूप न केवल प्रदूषणकारी वाहन अस्तित्वहीन हो जाएंगे बल्कि नए वाहनों की मांग बढ़ने से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे एवं राजस्व में वृद्धि भी होगी।

### प्रदेश में संचालित होगी मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना

**लखनऊ।** कैबिनेट ने मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना संचालित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। योजना में किसी प्रकार के संशोधन के लिए मुख्यमंत्री अधिकृत होंगे। यह योजना लागू होने की तिथि से 5 वर्ष के लिए कार्यान्वित की जाएगी। 5 वर्ष के उपरान्त योजना का बुनकरों की स्थिति पर पड़े प्रभाव का अध्ययन कराने के उपरान्त योजना को आगे गतिमान रखने पर मुख्यमंत्री के अनुमोदन से निर्णय लिया जाएगा।

प्रदेश में 2 लाख 50 हजार पावर लूम कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से 5 लाख 50 हजार पावर लूम बुनकर अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। वर्तमान में स्थापित पावर लूमों को सामान्यत: विद्युत से संचालित किया जा रहा है। पावर लूम बुनकरों की परम्परागत ऊर्जा स्रोत (बिजली))पर निर्भरता समाप्त/कम कर सौर ऊर्जा की ओर ले जाने के लिए योजना का संचालन किया जाना आवश्यक है। अत: पावर लूम बुनकरों को गैर पारम्परिक ऊर्जा/सौर ऊर्जा का लाभ दिलाने, पर्यावरण की रक्षा एवं बुनकरों को वस्त्र उत्पादन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने के लिए अनुदानित दर पर यूपीनेडा के माध्यम से सौर ऊर्जा संयंत्र दिए जाने का प्रस्ताव है। प्रदेश में वर्तमान में पावर लूम बुनकरों द्वारा 5 किलोवॉट से अधिक 12486 विद्युत कनेक्शन लिए गए हैं, जिन्हें जिन्हें योजनान्तर्गत लाभान्वित कराए जाने का प्रस्ताव है। पावर लूम संचालन के लिए सौर ऊर्जा सम्बन्धित सोलर प्लाण्ट की स्थापना से पावर लूम बुनकरों को अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। योजना का उद्देश्य प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर बुनकरों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना तथा प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग करना है। योजना के संचालन से लगभग 50 हजार बुनकरों को लाभ मिलेगा तथा लगभग 75 हजार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा।

### अयोध्या नगर निगम कार्यालय भवन के लिए नजूल भूमि का आवंटन

**कैबिनेट ने** जनपद अयोध्या स्थित मोहल्ला सिविल लाइन में नगर निगम कार्यालय भवन के निर्माण के लिए नजूल भूमि के आवंटन के सम्बन्ध में प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। कैबिनेट के अनुमोदन से राज्य सरकार के सेवारत विभागों को निशुल्क तथा राज्य सरकार के गैर-सेवारत विभागों व भारत सरकार के विभागों को नजूल भूमि प्रभावी जिलाधिकारी सर्किल रेट पर सशुल्क आवंटित-हस्तांतरित की गयी है। इसी सिद्धान्त के आधार पर जिलाधिकारी अयोध्या से प्राप्त प्रस्ताव/संस्तुति के क्रम में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के प्राविधानों को शिथिल करते हुए अपवादस्वरूप जनपद अयोध्या मोहल्ला सिविल लाइन्स स्थित गाटा संख्या-4069 मि क्षेत्रफल 9875.76 वर्गमीटर नजूल भूमि नगर निगम कार्यालय भवन के निर्माण के लिए नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पक्ष में कतिपय शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन तथा प्रभावी जिलाधिकारी सर्किल दर पर सशुल्क आवंटित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### उन्नाव पीटीएस की क्षमता दोगुना करने के लिए 22388.20 लाख रुपए की स्वीकृति

**कैबिनेट ने** वित्त विभाग के शासनादेशों में विहित व्यवस्था के क्रम में जनपद उन्नाव में शहीद गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस) की क्षमता को दोगुना किए जाने के लिए आवासीय भवनों के निर्माण के वास्ते 16120.90 लाख रुपए एवं अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 6285.30 लाख रुपए कुल 22388.20 लाख रुपए की लागत पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा इस सीमा तक पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विभागीय मंत्री के अनुमोदन से निर्गत किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में पुलिस कर्मियों की व्यापक भर्ती एवं कार्यरत पुलिस कर्मियों को रिफ्रेशर कोर्स तथा इनसर्विस ट्रेनिंग प्रदान कर उनकी कार्यकुशलता बढ़ाए जाने के दृष्टिगत प्रशिक्षण प्रदान करने एवं वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाए जाने के दृष्टिगत प्रशिक्षण संस्थानों में अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए क्षमता बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में जनपद उन्नाव में शहीद गुलाब सिंह लोधी प्रशिक्षण विद्यालय की क्षमता को दोगुना किए जान के लिए आवासीय-अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है।

# सीसीटीएनएस में देशभर में यूपी को मिली दूसरी रैंक

### ● परफार्मेंस में और अधिक सुधार लाकर प्रथम रैंक पाने का करें प्रयासः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र ने क्राइम एंड क्रिमिनल नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) में उत्तर प्रदेश को दूसरी रैंक प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एनसीआरबी के पैरामीटर्स में प्राप्त अंकों की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि परफार्मेन्स में और अधिक सुधार लाकर प्रथम रैंक प्राप्त करने के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

मुख्य सचिव शुक्रवार को सीसीटीएनएस की एपेक्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि एनसीआरबी द्वारा सीसीटीएनएस में उत्तर प्रदेश को दूसरी रैंक दी गई है। एनसीआरबी के प्रगति डैशबोर्ड के अनुसार उत्तर प्रदेश को 96.65 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। प्रदेश के शत-प्रतिशत पुलिस स्टेशन डाटा सेंटर से कनेक्टेड हैं। सभी एफआईआर, केस डायरी, चार्ज शीट, एफ आर सीसीटीएनएस एप्लीकेशन के माध्यम से दर्ज की जा रही हैं।

इसके अतिरिक्त तकनीकी सेवाएं द्वारा फुट पेट्रोलिंग पोर्टल डेवलप किया है, जिसमें दैनिक, साप्ताहिक व मासिक रूप से फुट पैट्रोलिंग की समीक्षा की जाती है। पहली अगस्त 2022 से 24 नवम्बर 2022 तक कुल 284591 घंटे तथा कुल दूरी 2295659 किमी की पैदल गश्त की गई है, जो औसत प्रति थाना एक घंटे 36 मिनट है तथा औसत दूरी 8 किमी है। यह भी बताया गया कि विवेचना में धारा कम करने या अभियुक्तों के नाम में परिवर्तन होने पर पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को तत्काल नोटिफिकेशन-एसएमएस भेजने की सुविधा का आरम्भ किया गया है, इससे विवेचना की गुणवत्ता में सुधार हुआ है व शिकायतों में कमी आयी है। अभी तक कुल 18500 एसएमएस भेजे जा चुके हैं। सीसीटीएनएस साफ्टवेयर में शिकायतकर्ता/पीड़ित व गवाहों के मोबाइल नंबर फीड करना अनिवार्य किया गया है। यूपी कॉप मोबाइल एप के वर्तमान समय में 25 लाख से अधिक यूजर हैं। इस एप के माध्यम से 27 सुविधाएं नागरिकों को प्राप्त हो रही हैं। एप पर अब तक लगभग 20 लाख ऑन लाइन एफआईआर एवं लॉस्ट आर्टिकल रिपोर्ट दर्ज किए जा चुके हैं एवं चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, घरेलू सहायता सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन के लगभग 30 लाख आवेदनों के सत्यापन कराए गए हैं। यह भी बताया गया कि आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक प्रयोग कर थानों की मॉनीटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार के अपराधों के डाटा का प्रयोग करते हुए थानों की रैंकिंग देखने की सुविधा सीसीटीएनएस कैस ऑनलाइन रिपोर्ट्स में उपलब्ध डैशबोर्ड टैब के अन्तर्गत उपलब्ध करायी गई है।

## दिव्यांगजनों को सम्मानित करेगी प्रदेश सरकार

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वंत्रत प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर, 2022 के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण एवं सम्मान हेतु पात्र आवेदनकर्ताओं के चयन किये जाने हेतु चयनित समिति की बैठक विधानसभा स्थित कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में समस्त जिलों से आये पात्र आवेदनकर्ताओं के नामों के चयन पर विचार-विमर्श किया गया। दिव्यांगजन मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं उनको शिक्षित कर सभ्यता की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए उप्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके प्रति गम्भीरता से कार्य कर रही है। इसी आधार पर दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने तथा समाज की उन्नति के लिए दिव्यांगजनों द्वारा किये गये कार्यों को पुरस्कृत व सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार के द्वारा दिव्यांगों के हित में संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

# भारत को मिली रणनीति प्रबंधन बोर्ड की अध्यक्षता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हाल ही** में सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका में आयोजित अंतराष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग (आईईसी) की महासभा के दौरान आयोजित अंतराष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग (आईईसी) की भारतीय राष्ट्रीय समिति और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस-भारत) की विभिन्न तकनीकी समितियों के सदस्य विमल महेंद्रू ने आईईसी के सभी सदस्यों द्वारा डाले गए वोट में से 90 प्रतिशत से भी अधिक वोट प्राप्त किए और 2023-25 तक की अवधि के लिएआईईसी और मानकीकरण प्रबंधन बोर्ड (एसएमबी) के उपाध्यक्ष चुने गए। महेंद्रू को इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिकी और आईटी के क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय मानकीकरण में उनके सहयोग के लिए आईईसी द्वारा आईईसी की महासभा में प्रतिष्ठितलॉर्ड केल्विन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। विद्युत तकनीकी आयोग (आईईसी) एक अंतराष्ट्रीय मानक निर्धारण निकाय है जो सभी इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिकी और संबंधित प्रौद्योगिकियों के अंतराष्ट्रीय मानकों को प्रकाशित करता है। मानकीकरण प्रबंधन बोर्ड (एसएमबी)आईईसी का एक सर्वोच्च शासन निकाय है जो तकनीकी नीति मामलों के लिए उत्तरदायी है। वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री माननीय पीयूष गोयल, द्वारा प्रदान किए गए विकास मंत्र पर काम करकेबीआईएस निरंतर अपने अंतरराष्ट्रीय पदचिह्नों का विस्तार कर रहा है। वर्तमान में, बीआईएस (भारत) अंतराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) और आईईसी जैसे आईएसओ परिषद्, आईएसओ तकनीकी प्रबंधन बोर्ड (टीएमबी), आईईसी एसएमबी, आईईसी मार्केट रणनीति बोर्ड (एमएसबी), आईईसी बिजनेस की विभिन्न नीति और शासन निकायों का प्रतिनिधित्व कर रहा है। आईएसओ और आईईसी की नीति और शासी निकायों में बीआईएस (भारत) का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण रणनीतिक / नीतिगत मामलों पर भारतीय दृष्टिकोण रखने और अंतराष्ट्रीय सर्वोत्तम रीतियों के साथ राष्ट्रीय मानकीकरण प्राथमिकताओं को संरेखित करने के अवसर भी प्रदान करना सुनिश्चित करता है।

## लोक भवन आडिटोरियम में आज मनाया जाएगा संविधान दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संविधान दिवस** के अवसर पर शनिवार 26 नवंबर को लोक भवन आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में संविधान के आदर्शों को बनाए रखने हेतु हमारी प्रतिबद्धता एवं संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन शनिवार पूर्वान्ह 10 बजे से 11:07 बजे तक होगा। प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जेपी सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने की 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

संविधान दिवस पर संविधान के मूल्य एवं सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते हैं। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

## गन्ना ढुलाई वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाना अनिवार्यः संजय आर. भूसरेड्डी

**लखनऊ।** आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने निर्देश दिया है कि दुर्घटनाओं को होने से बचाने के लिये गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले वाहनों में रिफलेक्टर पट्टी लगाना अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में आयुक्त गन्ना श्री भूसरेड्डी ने विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर पट्टी लगाये जाने का अभियान चलाया जाए और यह कार्य सीजन के दौरान दो से तीन बार किया जाए जिससे पूरे सीजन इन वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगा रहे और सड़कों पर आवागमन के समय दूर से दिखाई दे सके। यह कार्य समस्त चीनी मिले अपने-अपने क्षेत्र में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगी। आयुक्त गन्ना श्री भूसरेड्डी ने कहा कि पेराई सत्र 2022-23 प्रारम्भ होने के साथ-साथ चीनी मिलों द्वारा गन्ना खरीद का कार्य भी प्रारम्भ हो चुका है। चीनी मिलों का संचालन एवं गन्ना खरीद का कार्य सर्दियों के मौसम में रहता है। इस दौरान ठंडक तो रहती ही है साथ ही घना कोहरा भी छा जाता है। इस कारण सड़क पर वाहनों की दृश्यता कम होने से दुर्घटना की सभावना बनी रहती है। इन दुर्घटनाओं को होने से बचाने के लिये गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर पट्टी अनिवार्य रूप से लगाई जाए। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि सड़कों के नियमित यातायात वाहनों पर तो रिफ्लेक्टर अथवा पीला प्रकाश एवं बल्ब की व्यवस्था होने के कारण इनकी दृश्यता तो दूर से हो जाती है किन्तु गन्ना किसानों की बुग्गी, बैलगाड़ी, ट्राली आदि में एक तो प्रायः रिफ्लेक्टर नहीं लगे होते अथवा ऐसे स्थान पर लगे रहते हैं कि जब उन पर गन्ना लाद दिया तो रिफ्लेक्टर ढक जाते हैं। जिससे तेज गति से चलने वाले वाहनों से इनके दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावनायें बनी रहती है। इन संभावनाओं को रोकने के लिये ट्रैक्टर ट्रालियों के दोनों कोनों पर छह-छह इंच की लाल एवं पीले रंग की फ्लोरेसेन्ट पेन्ट तथा ट्रकों के अगले एवं पिछले बम्फर पर लाल एवं पीले रंग की फ्लोरेसेन्ट पट्टियां एवं गन्ना डुलाई हेतु प्रयुक्त बुग्गियों के पिछले हिस्से पर लोहे की पट्टी लगाते हुए उस पर लाल एवं पीले रंग के फ्लोरेसेन्ट पेन्ट लगाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है।

# हाड़ कंपाती ठंड में भी किसान सुबह से लाइन में खड़े रहने को मजबूरः नकुल दुबे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस के** प्रांतीय अध्यक्ष विकास दुबे ने खाद-उर्वरकों की उपलब्धता और किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बीजेपी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करके देश व प्रदेश के किसानों की समस्याओं के प्रमुख मुद्दों खाद की अनुपलब्धता, क्रय केन्द्रों की कमी, हाईब्रिड धान की खरीद में हीला हवाली, क्रय केन्द्रों पर घटतौली जैसे प्रमख मुद्दों को विस्तार पूर्वक रखा।

दुबे ने कहा कि जैसा कि आपने देखा है कि किसान सुबह 4 बजे से ही डीएपी, यूरिया व अन्य रासायनिक उर्वरकों के लिए हाड़ कंपाती ठंड में लाइन लगाए सहकारी केन्द्रों पर खड़े रहते हैं जबकि रासायनिक उर्वरक मंत्री का कहना है कि खाद व उर्वरक की कोई कमी नहीं है, यह उसी तरह प्रतीत होता है जैसे कोविड काल में मंत्री गण बयान दे रहे थे कि अस्पतालों में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है। प्रदेश में धान व गन्ना के क्रय केन्द्रों का पर्याप्त संख्या में न होने से किसानों को कोसों दूर मण्डियों में व दूर दराज के क्षेत्रों में जाकर अपनी फसलों को विक्रय करना पड़ रहा है। एक तो वैसे ही लागत मूल्य किसान नहीं निकाल पा रहा है ऊपर से कई किलोमीटर दूर क्रय केन्द्र होने से ट्रांसपोर्टेशन का अतिरिक्त खर्च उन पर पड़ रहा है। उन्होंन कहा कि अधिकांश क्रय केन्द्रों पर हाईब्रिड धानों की खरीद नहीं हो रही है।

# ढाई करोड़ की कर चोरी के मामले में व्यापार कर अधिकारी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ढाई करोड़** की वाणिज्यकर चोरी के मामले की जांच कर रहे आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्लू) ने डिप्टी कमिश्नर मुन्नी लाल के बाद शुक्रवार को व्यापार कर अधिकारी राम चंद्र सिंह को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया।

ईओडब्लू मुख्यालय सेक्टर प्रभारी हबीबुल हसन द्वारा निरीक्षक गठित की गई टीम ने इस मामले में दो पूर्व डिप्टी कमिश्नर मुन्नीलाल को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। जिन्हें बरेली न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा जा चुका है। टीम ने शुक्रवार को राम चन्द्र सिंह तत्कालीन व्यापार कर अधिकारी, चेकपोस्ट भागूवाला को मोहल्ला काजीपुरा थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। डीजी ईओडब्लू ने गिरफ्तार करने वाली टीम को दस हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है। वर्ष 2006 से 2007 के मध्य पश्चिम बंगाल, उड़ीसा व झारखण्ड जैसे कई राज्यों से लौह धातुओ पिंग आयरन, एमएस बिलेट व लौह के स्क्रैप विभिन्न वाहनों से नौबतपुर चेकपोस्ट जनपद चन्दौली से भागूवाला चेकपोस्ट जनपद बिजनौर के रास्ते उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में माल भेजा गया था। माल उत्तराखंड न जाकर उप्र में ही प्रयोग कर लिया जाता था और फर्जी तरीके से पारगमन पन्नों का भागूवाला चेकपोस्ट से निर्गमन दिखा कर वाणिज्य कर की चोरी कर आपस में बांट लिया जाता था। इस विषय में थाना मण्डावली जनपद बिजनौर में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसकी विवेचना शासन के आदेश पर ईओडब्लू को सौंपी गई थी। मुख्यालय सेक्टर द्वारा विवेचना को सम्पादित किया गया।

# नगर विकास मंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज 10 जिलों के अंतर्गत 10 निकायों के 24.53 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 114 विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया। साथ ही 7 जिलों के प्रधानमंत्री आवास योजना (नगरीय) के 3871 लाभार्थियों को आवास की चाबी भी प्रतीक स्वरूप सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने इन सभी निकायों के अधिशासी अधिकारियों को लोकार्पित कार्यों का लाभ जनता को शीघ्र उपलब्ध कराने तथा जो भी विकास कार्य पाइपलाइन में हो उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी निकायों की सम्मानित जनता को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों के जीवन स्तर को सुविधा सम्पन्न बनाकर सुधारने का प्रयास कर रही है। इस कार्यक्रम में सोनभद्र की पिपरी नगर पंचायत में सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि सहित 53 कार्यों को 476.87 लाख रुपये की लागत से किया गया। बलरामपुर की नगर पालिका परिषद बलरामपुर में कान्हा गौशाला सहित 12 कार्यों को 377.56 लाख रूपये की लागत से, कौशाम्बी की नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम का कार्यालय सहित 10 कार्यों को 353.96 लाख रुपये की लागत से, महराजगंज की नगर पालिका परिषद सिसवा बाजार में मीटिंग हाल सहित 9 कार्यों में 237.05 लाख रुपये की लागत से, जौनपुर की नगर पंचायत रामपुर में कार्यालय सहित 09 कार्यों को 236.59 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य कराया गया।

# हिन्दी संस्थान ने किया बाल साहित्य संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** हिन्दी संस्थान द्वारा अभिनन्दन पर्व बाल साहित्य संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे से हिन्दी भवन यशपाल सभागार में किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में सम्माननीय अतिथि के रूप में डॉ भवगवती प्रसाद द्विवेदी, पटना, श्री संजीव जायसवाल 'संजय', लखनऊ उपस्थित थे। इस अवसर पर नौ बाल साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। श्रीमती विमला रस्तोगी को सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान, सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान से डॉ0 अजय प्रसून (अजय कुमार द्विवेदी), अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मान से श्रीमती ममता नौगरैया, शिक्षार्थी बाल चित्राकला सम्मान से शिवाशीष शर्मा, लल्ली प्रसाद पाण्डेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान से संजय वर्मा, डॉ. रामकुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान से डॉ भारतेन्दु मिश्र, कृष्ण विनायक फड़के बाल साहित्य समीक्षा सम्मान से अंजीव अंजुम, जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मान से डॉ धीरेन्द्र बहादुर सिंह, उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान से ललित मोहन राठौर 'ललित शौर्य' को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को रुपये इक्यावन हजार की धनराशि, उत्तरीय एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। संजीव जायसवाल 'संजय' ने कहा -बाल साहित्य लेखन अत्यन्त दायित्वपूर्ण कार्य है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए रचनाओं को कभी-कभी सम्पादकों की अस्वीकृति भी प्राप्त होती है, इस स्थिति से घबराना नहीं चाहिए वरन् अपने लेखन में सुधार करना चाहिए। डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा-बाल साहित्य की गौरवशाली परम्परा में नये-नये नाम जुड़ते जा रहें। बौद्धिकता की आड़ में बच्चों को मात्र शिक्षा से ही जोड़ा जा रहा। उन्हें बाल साहित्य की पुस्तकों से जोड़ना होगा। कोई भी रचनाकार पुरस्कार के लिए नहीं लिखता वह अन्त: प्रेरणा से साहित्य सृजन करता है बाल साहित्य अपेक्षाकृत कम चर्चित रहा है, परन्तु वह बहुत अधिक महत्वपूर्ण है।

# पुलिस विभाग को ऊंचाई तक पहुंचाने में शामिल है रिटायर अफसरों का खून-पसीनाः डीजीपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी डॉ.** डीएस चौहान ने कहा है कि पुलिस विभाग आज जिस मुकाम पर खड़ा है इसमें निसन्देह सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत, खून-पसीना सम्मलित है। जिससे आज पुलिस विभाग इस ऊंचाई पर पहुंचा है। पुलिस विभाग टीम वर्क का प्रयास है। पुलिसकर्मी कभी रिटायर्ड नहीं होते।

डीजीपी शुक्रवार को पुलिस दूर संचार मुख्यालय, महानगर में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान के वार्षिक अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अधिवेशन में पेंशनर कल्याण संस्थान के निवर्तमान अध्यक्ष सेवानिवृत्त डीजीपी ईश्वर चन्द्र द्विवेदी, महासचिव सेवानिवृत्त डीआईजी एसके चन्द्र, सचिव प्रथम श्यामपाल सिंह, सचिव द्वितीय महेन्द्र त्रिपाठी एवं कोषाध्यक्ष शारिक अलवी मौजूद रहे। डीजीपी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में उवप्रव पुलिस ने एक अच्छी पहल की थी जिसके तहत प्रत्येक जिले में रिटायर्ड पुलिसकर्मियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया तथा बेहतर पुलिसिंग के सम्बन्ध में अनुभवों का लाभ उठाने का प्रयत्न किया गया तथा भविष्य में जनपद एवं मुख्यालय स्तर पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के बहुप्रतिक्षित कमिश्नरेट सिस्टम के अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 7 पुलिस कमिश्नरेट हैं। इस व्यवस्था को सफल बनाने के लिए पुलिस विभाग के हर स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी कठोर परिश्रम कर रहे हैं। प्रदेश में कमिश्नरी सिस्टम का आज बहुत ही सक्सेजफुल मॉडल ऑफ पुलिसिंग कार्यरत है । इस अवसर पर एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार सहित पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी सहित लखनऊ में आवासित एवं सेवानिवृत्त, सेवारत तथा पूरे प्रदेश से आये संस्थान के जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सर्व प्रथम गत वर्ष में दिवंगत पुलिस पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी गयी। तत्पश्चात महासचिव द्वारा अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी तथा पुलिस पेंशनरों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति, पेंशनरों के शस्त्र लाइसेन्सों को उनके वारिसों के नाम स्थानान्तरण में आ रही कठिनाईयों आदि की तरफ डीजीपी का ध्यान आकर्षित किया गया। डीजीपी द्वारा उपरोक्त बिन्दुओं के निस्तारण के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया गया।

### पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह चुने गए यूपी पुलिस पेंशनर संस्थान के अध्यक्ष

**डीजीपी** के जीएसओ एडीजी एन रविन्दर ने संस्थान के राज्यस्तरीय पदाधिकारियों का निर्वाचन सम्पन कराए। जिसमें पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह अध्यक्ष, पूर्व डीजीपी अतुल उपाध्यक्ष, पूर्व आईजी आरके चतुर्वेदी महासचिव, सेवानिवृत्त पीपीएस श्यामपाल सिंह सचिव प्रथम, सेवानिवृत्त पीपीएस महेन्द्र त्रिपाठी सचिव द्वितीय व सेवानिवृत्त पीपीएस आरएल निरंजन कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने संस्थान के अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष ईश्वर चन्द्र द्विवेदी, एसके चन्द्र शुक्ल एवं शारिक अलवी को उक्त पदों पर लम्बी अवधि तक सेवा दिए जाने पर साल एवं सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# विकास परिषद के गठन पर मुहर, संत समाज खुश

● संतों का मानना है कि विकास परिषद का गठन होने के बाद नैमिषारण्य का होगा सम्पूर्ण विकास

● नैमिषारण्य के संतों का प्रतिनिधि मंडल कई बार सीएम से मिलने पहुंचा था लखनऊ

संवाददाता। सीतापुर

**विश्व प्रसिद्ध** धार्मिक नगरी नैमिषारण्य के लिए, लंबे समय से विकास परिषद के गठन की मांग पर आखिरकार शुक्रवार को मुहर लग गई। नैमिष के संतों और तीर्थ पुरोहितों द्वारा विकास परिषद के गठन की मांग यूपी में योगी की सरकार बनने के बाद से और भी जोर पकड़ा था। विकास परिषद गठन को लेकर मिश्रिख और नैमिषारण्य के संतों का प्रतिनिधि मंडल कई बार सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने लखनऊ पहुंचा था, इसके अलावा भाजपा से मिश्रिख सांसद अशोक रावत और मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव भी लगातार प्रयत्नशील रहे। जनप्रतिनिधियों ने लगातार काशी, अयोध्या, मथुरा की तर्ज पर नैमिष में विकास कराए जाने की मांग की। यही नहीं नैमिषारण्य और मिश्रिख में जब-जब केन्द्र और प्रदेश सरकार के मंत्रियों व वरिष्ठ अधिकारियों का आगमन हुआ, उस दौरान भी संतों और तीर्थ पुरोहितों ने नैमिषारण्य धाम विकास के लिए तीर्थ विकास परिषद के गठन की मांग रखी। संतों का मानना है कि विकास परिषद का गठन होने के बाद नैमिषारण्य का संपूर्ण विकास तो होगा ही इसके अलावा प्रतिमाह की आमावस्या मेला और प्रतिवर्ष होने वाली 84 कोसीय परिक्रमा में शामिल होने वाले लाखों श्रद्धालुओं को तमाम तरह की सुविधाएं मुहैया होने लगेंगी। अब जब कि उत्तर प्रदेश में 'श्री नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद' के गठन के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को मंजूरी मिल गई है। तो नैमिषारण्य के संतों और तीर्थ पुरोहितों में खुशी की लहर है। बता दें कि तीर्थ विकास परिषद में सीतापुर जनपद के 27 और पड़ोसी जनपद हरदोई के 9 गांव कुल 36 गांव को मिलाकर परिषद का गठन किए जाने की बात कही गई है। यह सभी गांव 84 कोसीय परिक्रमा के 11 पड़ावों की परिधि सीमा के अंतर्गत आते है। उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा ने लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में श्री नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है।

## उजाड़ा छप्पर, खुले आसमान के नीचे आया सज्जन का परिवार

संवाददाता। सीतापुर

**थाना पिसावां** क्षेत्र के नकटौरा निवासी सज्जन का परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। सज्जन का आरोप है कि उसका आशियाना बिना किसी नोटिस और सूचना के उजाड़ दिया गया। सज्जन ने बताया कि उसकी शादी दस साल पहले नकटौरा गांव की रदीस की पुत्री के साथ हुई थी। कुछ समय के बाद तत्कालीन प्रधान वहीद ने उसे गांव में रहने के लिए थोड़ी भूमि उपलब्ध करा दी थी। उसी भूमि पर वह छप्पर डाल कर नकटौरा में रह रहा था। लेकिन 24 नवंबर को क्षेत्रीय लेखपाल शिवशंकर लाल पिसावां पुलिस के साथ पहुंचे और उसका आशियाना उजड़वा दिया। जिससे उसका परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। आरोप है कि उसे राजनैतिक द्वेषवश उजाड़ा गया।

## सीतापुर में धान खरीद की गति काफी धीमी

**सीतापुर।** सीतापुर में सरकारी धान की खरीद काफी धीमी गति से चल रही है। अभी तक 70 हजार एमटी धान की खरीद ही हो पाई है। जबकि दो लाख 50 हजार मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य शासन स्तर से रखा गया है। धान खरीद के लिए केन्द्र पहली अक्तूबर से ही संचालित हो गए थे। जिले में 144 केन्द्रों पर धान की खरीद की जा रही है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अरविन्द कुमार दुबे ने बताया कि लक्ष्य का 28 प्रतिशत धान खरीद किया गया है। 31 जनवरी तक धान की खरीद की जानी है। तब तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र पहली अक्तूबर को जरूर खुल गए थे, लेकिन धान की खरीद 21 अक्तूबर से शुरू हुई है। कामन धान 2040 रूपया प्रतिकुंतल पर खरीदा जा रहा है।

## मरीजों को बेहतर सुविधाएं न मिलने को लेकर बजरंग दल ने जाम की सड़क

**सीतापुर।** तम्बौर सीएचसी पर मरीजों को सुविधाएं नही मिल पाने की वजह से आज बजरंग दल ब्लॉक बेहटा यूनिट ने सड़क जाम कर हंगामा काटा तकरीबन आधा घंटे तक जाम रखी सड़क। तम्बौर पुलिस के समझाने पर प्रदर्शनकारियों ने सड़क साफ की। पूरा मामला दरअसल तम्बौर सीएचसी ने सुविधाएं जो उपलब्ध है वो मरीजों तक पहुँच नही पाती हैं। दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है और जो डॉक्टरों के द्वारा दवाइयां लिखी जाती वह बाहर मेडिकल की लिखते हैं तथा यह दवाईयां अधिक मूल्यों पर मिलती है। इसी के साथ केंद्र पर अधिकतर डॉक्टर भी नदारत रहते हैं। ऐसा कहना बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का है। इन्ही सब मांगो को लेकर एसडीएम लहरपुर के नाम से एसओ तंबौर सुरेश पटेल को ज्ञापन भी दिया है। आपको बताते चले की बीती रात एक प्रसव ने इसी सीएचसी पर इलाज न मिल पाने के कारण दम तोड़ दिया था जहाँ पर उपस्थित डॉक्टरों ने मरीज को हाथ लगाना भी मुनासिब नहीं समझा। इन्ही सब बातों को लेकर आज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सीएचसी तंबौर के सामने मेन रोड को जाम कर दिया करीब आधा घण्टा के बाद तंबौर पुलिस के एस आई दिवाकर मिश्रा मौके पर पहुंच कर डा. से मिलकर दोनों का समझौता कराया। बजरंग दल के सीनू मिश्रा ने एक हफ्ते का समय दिया है।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन से कटकर दिव्यांग की मौत

**बरेली।** दुकान खोलने के लिए घर से निकले एक दिव्यांग की संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीबी गंज थाने के गांव मथुरापुर निवासी रामनाथ के 30 वर्षीय बेटे बेचेलाल कि आज सुबह मिटौरा रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता रामनाथ ने बताया कि बेचेलाल मथुरापुर अड्डे के पास जूते चप्पल की दुकान चलाता था और एक हाथ व पैर से दिव्यांग था उसने लगभग 12 वर्ष पूर्व एक पैर से दिव्यांग बृजेश कुमारी से विवाह किया था और वह इस समय 2 माह के बेटे आरव का पिता था उसका बेटा के समय बीमार चल रहा है और इलाज भी जारी है बेचेलाल आज सुबह रोजाना की तरह दुकान खोलने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन वह दुकान खोलने नहीं पहुंचा और मिटौरा रेलवे फाटक के पास उसकी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई घटना के बाद मौके से गुजर रहे किसान शमशुल ने उसके शव को रेलवे लाइन पर देख कर घटना की जानकारी गेटमैन को दी लेकिन गेटमैन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला रेलवे का बताते हुए कोई कार्रवाई नहीं की लगभग 3 घंटे तक शव रेलवे लाइन पर पड़ा रहा तब जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### ट्रेन से कटकर छात्र की मौत

**बरेली।** रेलवे लाइन पार कर रहे एक छात्र की बीती शाम ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा जहां आज घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गांव सिठौरा निवासी 18 वर्षीय मोहित पुत्र उत्पल सिंह सुभाष नगर थाना क्षेत्र में माल गोदाम के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि मोहित कक्षा 12 का छात्र था गुरुवार की सुबह रोजाना की तरह अपने दोस्त अनय और नितेश के साथ स्कूल जाने के लिए घर से निकला था लेकिन वह स्कूल नहीं गया और दोस्तों के साथ घूमने चला गया जिसके बाद वह कोचिंग पढ़ने चला गया और दोस्त अपने घर आ गए शाम को जब मोहित घर वापस नहीं लौटा तो घर वालों ने उसे तलाशने की कोशिश की और उसके दोस्तों से पूछताछ की तब उन्होंने बताया कि मोहित गिफ्ट खरीदने के लिए सुभाष नगर चला गया था और वह उसे छोड़ कर आ गए थे इधर मोहित की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई आज सुबह घरवाले उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचे तब पुलिस ने उन्हें बताया कि एक छात्र की रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है और शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तब घर के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली मृतक की मां का नाम उर्मिला देवी है वह दो भाइयों में छोटा था।

### बड़े भाई ने छोटे के दोनों पैर तोड़े

**बरेली।** जमीनी रंजिश के चलते बड़े भाई ने छोटे भाई पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे उसके दोनों पैरों की हड्डियां टूट गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया और कार्रवाई शुरू कर दी।क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव हरेली निवासी जमुना प्रसाद को बीती रात पुलिस ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने बताया कि उसका अपने बड़े भाई रामकुमार से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है जिसके चलते रामकुमार उससे रंजिश मानता है और कल शाम को जब रामकुमार शराब के नशे में घर आया तो गुस्से में आकर उसने उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे उसके दोनों पैरों की हड्डियां टूट गई शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और जमुना प्रसाद को किसी तरह बचाया और घटना की जानकारी पुलिस को दी गांव वालों को देखकर हमलावर रामकुमार फरार हो गया पुलिस ने घायल जमुना प्रसाद को जिला अस्पताल भेजा और फरार आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

### नियमित टीकाकरण को लेकर पर्यवेक्षकों की बैठक सम्पन्न

**चित्रकूट।** मातृत्व एवं शिशु अस्पताल खोह में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यवेक्षकों के लिए जनपद स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एमके जतारया ने की। बैठक में बताया गया कि टीकाकरण से कोई भी वंचित न रहे। इसके लिए सत्र को तय नियम के अनुसार संचालित कराएं। जो लोग टीकाकरण नहीं करा रहे है, उन्हें टीकाकरण की महत्ता बताएं। इसके साथ ही सामुदायिक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें।

# कार्यदायी संस्थाएं बेहतर गुणवत्ता वाली सामग्री का करें प्रयोग: डीएम

संवाददाता। सीतापुर

**सभी कार्यदायी** संस्थाएं बेहतर गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग करें। कराये जा रहे कार्यो का निरन्तर निरीक्षण करते रहें और कार्यो की गुणवत्ता को अवश्य परखें, यदि निरीक्षण के दौरान कार्यों में कुछ आपत्तिजनक स्थिति मिले तो उससे अवगत करायें। यह निर्देश कलेक्टेट सभागार में अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने दिए। डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रूपये से अधिक की समस्त परियोजनाओं (सड़क को छोड़कर) की समीक्षा की। राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि जो भी भवन बनाये गये हैं उनमें बाउण्ड्रीवाल एवं विद्युत कनेक्शन कराते हुये संबंधित को हैण्डओवर करें ताकि समय से उसे संचालित किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने अग्निशमन केन्द्र, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, परियोजना निदेशक डूडा, सिंचाई विभाग, जल निगम ग्रामीण एवं नगरीय आदि में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टेट्र सभागार में समीक्षा करते हुए डीएम अनुज सिंह ने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण लिमिटेड द्वारा चक्रतीर्थ में कराये जा रहे कार्यों की भौतिक स्थिति जानी। उन्होंने जल निगम ग्रामीण की समीक्षा करते हुये कहा कि जल्द से जल्द कनेक्शन कर दिये जायें। यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन से भवन निर्माण की जानकारी करते हुये संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि समस्त कार्यों को पूर्ण करते हुये उन्हें हैण्डओवर करें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से बने रहे गौआश्रय स्थलों की स्थिति जानी। बैठक के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह, बीएसए अजीत कुमार, परियोजना निदेशक डूडा सुधीर गिरि सहित संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सौतेले भाई के हत्या आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली ।** सौतेले भाई की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने के बाद फरार हुए हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। भमोरा थाना क्षेत्र के गांव दलीपुर निवासी धर्मवीर पुत्र हिमांचल को पुलिस ने आज बरेली बदायूं रोड स्थित रमपुरा मोड से गिरफ्तार कर लिया ज्ञात हो कि धर्मवीर अपने विवाह के लगभग 1 महीने बाद हत्या के मामले में जेल चला गया और लगभग 20 वर्ष तक सजा काटने के बाद वह घर वापस लौटा और सीबीगंज एक फैक्ट्री में काम करने लगा लेकिन उसके जेल जाने के बाद घरवालों उसकी पत्नी का विवाह उसके सौतेले भाई ओमप्रकाश से कर दिया दिल से लौटे धर्मवीर ने पत्नी को ओमप्रकाश के साथ देखा तो उससे रंजिश मानने लगा और 20 नवंबर को उसने ओम प्रकाश की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और धर्मवीर फरार हो गया पुलिस ने उसे आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।

## सपा और राष्ट्रीय लोकदल मिलकर लड़ेंगे चुनाव: आरिफ महमूद

**बरेली।** राष्ट्रीय लोक दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ महमूद का बरेली के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। खतौली उपचुनाव में जाते हुए राष्ट्रीय लोक दल के अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ महमूद साहब कुछ देर बरेली में अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मिले गेस्ट हाउस में बरेली पार्टी के नेता सर्वेश पाठक के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया सबसे पहले अध्यक्ष का स्वागत नरियावल चौराहा पर अबरार अली एवं उनके साथियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया इसके बाद काफिले के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पहुंचे वहां राष्ट्रीय लोक दल के जिला प्रभारी सर्वेश पाठक मंडल अध्यक्ष जाफर मंसूरी साहब मो. मतलूब अथर अली ने अपने साथियों के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया। महमूद साहब ने प्रेस वार्ता प्रेस को संबोधित भी किया कार्यकर्ताओं को नगर निकाय चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने को कहा और कहा के समाजवादी पार्टी के साथ आपसी तालमेल बैठाकर चुनाव लड़ा जाए जिसमें राष्ट्रीय लोकदल की भागीदारी रहेगी आपसी निर्णय लेकर प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारेगी खतौली के संबंध में बताया कि खतौली में राष्ट्रीय लोक दल के मदन भैया समाजवादी पार्टी के गठबंधन के प्रत्याशी हैं और उनकी जीत निश्चित है सभी किसान गरीब मजदूर पार्टी के साथ हैं हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष जाफर हुसैन मंसूरी जिला प्रभारी सर्वेश पाठक राजवीर उपाध्याय वीरेंद्र पाल गंगवार चांद बाबू मोहम्मद मतलूब नासिर अबरार अली अथर अली मोहम्मद वाहिद सगीर अहमद जुनेद रजा ओमपाल कश्यप एडवोकेट सुमित शर्मा अमित शर्मा एडवोकेट शाकिर अली मंसूरी ओम प्रकाश कुमार गंगवार डॉक्टर गुलफाम साहिबान खान डाक्टर याकूब अली उसमान अफजाल हशीन पप्पू आदि लोगों ने स्वागत किया।

# जिलाधिकारी ने दिए हेल्थ वेलनेस सेंटर के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

● धीमी प्रगति, अनावश्यक विलंब पर लगाई कड़ी फटकार

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**शुक्रवार को** जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह मि मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के निर्माण एवं ब्रांडिंग की प्रगति की गहन समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। जिले में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की निर्माण में धीमी प्रगति, अनावश्यक विलंब पर गहरी नाराजगी जाहिर की और कड़ी फटकार लगाई। निर्देश दिए कि निर्माण इकाइयां दो माह के भीतर हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर की गुणवत्तापरक निर्माण कार्य की कार्यवाही पूर्ण कराएं। जहां-जहां हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर की भूमि को लेकर विवाद है, उसका निस्तारण कराया गया। उन्होंने एजेंसीवार आवंटित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के निर्माण की प्रगति जानी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जनपद के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिया कि कार्य पूर्ण होने तथा कमियों को दूर करने पर ही विभाग भवन को हस्तगत करेंगे। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। बैठक का संचालन जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरविंद कुमार ने किया। बैठक में नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीसी पंत, डीपीएम अनिल यादव, कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, आरईडी, यूपीआरएनएसएस, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री राम लीला मेले का हुआ आयोजन

● निघासन में होता है अनूठा रामलीला मेला, धार्मिक आयोजन के साथ बच्चों की प्रतिभा निखारने का प्रयास

● हर साल आयोजन समिति की ओर से कराया जाता है गरीब कन्या का विवाह



**निघासन-खीरी।** कस्बे के झंडी रोड स्थित नंदीश्वर बाबा मंदिर पर लगने वाला श्रीरामलीला मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता व प्रदेश सह संयोजक कुंवर राज राजेश्वर सिंह के द्वारा किया गया मेले में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है बल्कि मेले के माध्यम से स्कूली बच्चों की प्रतिभा को भी निखारने का प्रयास किया जा रहा है। होता है। मेले में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है। यही नहीं मेले में निर्धन परिवारों की लड़कियों का विवाह भी मेले के दौरान आयोजन समिति द्वारा कराई जाती है। अब तक मेरा समिति...65. लड़कियों की शादी करवा चुकी है।

इस अनूठे रामलीला मेले की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी। चार साल तक सफल आयोजन के बाद कोरोना काल में मेले का आयोजन नहीं हो पाया था। मेले में दो दिन गायत्री महायज्ञ के साथ दोपहर बाद रामलीला और रात में धार्मिक और ऐतिहासिक नाटकों का मंचन किया जाता है। यहां दुर्गा जागरण के साथ ही स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते है। रामलीला में जिस दिन सीता स्वयंवर और राम सीता के विवाह का मंचन होता है उसी दिन गरीब कन्याओं की शादी कराई जाती है। मेरे में स्कूली बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान परीक्षा, दौड़, प्रदेश स्तरीय कबड्डी, खो खो, बैडमिंटल, कुश्ती के कार्यक्रमों का आयोजन होता है।

### 24 साल पहले बंद हो चुका था आयोजन

**निघासन** में करीब 24 साल पहले तक भव्य रामलीला मेले का आयोजन होता था। इसके बाद मेले का आयोजन नही कराया गया। अब वर्ष 2016 से एक बार फिर मेले का आयोजन शुरू हुआ है। इसमें सभी वर्गों के लोग सहयोग कर रहे हैं।

## मतदाता के रूप में पंजीकृत होने का मौका न गंवाएं, उठाएं लाभ: डीएम

**लखीमपुर-खीरी।** खीरी में अवस्थित सभी आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित है। अभियान के तहत आज विशेष अभियान तिथि एवं वोटर पंजीकरण कार्यक्रम है। सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त बीएलओ सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक निर्वाचक नामावली एवं आवश्यक संख्या में प्रपत्रों के साथ मौजूद रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मा. भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 के आधार पर जनपद में अवस्थित सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों ?137-पलिया, 138-निघासन, 139-गोला गोकरननाथ, 140-श्रीनगर (अ.जा.), 141-धौरहरा, 142-लखीमपुर, 143-कस्ता (अ.जा.) तथा 144-मोहम्मदी की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराने का निर्देश दिया है।

उन्होंने सभी जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि उपरोक्त दावे/आपत्तियां प्राप्त किये जाने की अवधि एवं विशेष अभियान दिवसों का लाभ उठाते हुए जिनकी आयु एक जनवरी, 2023 को 18 वर्ष पूरी हो रही है, अथवा पूरी हो चुकी है, वे अपना नाम निर्वाचक नामावली में शामिल कराने के लिए फार्म-छह भरकर जरूरी अभिलेखों सहित आवेदन कर सकते हैं। जिनका नाम निर्वाचक नामावली में शामिल है और उनके नाम/आयु/संबंध/पता/एक ही विधानसभा में एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण की दशा में परिवर्तन कराना चाहते है, वे प्रारूप-8 भरकर साक्ष्य के साथ आवेदन कर सकते हैं। जिनके परिवार में किसी की मृत्यु हो गई हो/विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कहीं शिफ्ट हो गये हों, अथवा डबल मतदाता पहचान-पत्र होने की दशा में प्रारूप-7 भरकर अपमार्जन के लिए आवेदन कर सकते है।

## पेज एक का शेष

### आबकारी नीति घोटाला...

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी सरकारी गवाह बने सिसोदिया के एक कथित करीबी दिनेश अरोड़ा की मदद से सारे गड़बड़झाले का पर्दाफाश करने में कामयाब रही। अरोड़ा ने मजिस्ट्रेट के सामने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अपना बयान दर्ज कराया और उसे विशेष अदालत ने जांच में सहयोग करने को लेकर क्षमादान दिया था। सीबीआई ने इस साल अगस्त में 15 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करने के बाद कई स्थानों की तलाशी ली थी। अधिकारियों के अनुसार आरोप है कि शराब कारोबारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति कुछ डीलरों के पक्ष में प्रभावित थी और बदले में उन्होंने इसके लिए कथित रूप से रिश्वत दी थी। दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने इस आरोप का जोरदार खंडन किया है। प्रवक्ता ने कहा कि यह आरोप भी है कि आबकारी नीति में बदलाव, लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ पहुंचाने, लाइसेंस शुल्क में माफी/कमी, बिना मंजूरी के एल-1 लाइसेंस देने समेत कई अनियमितताएं की गईं। साथ ही, यह आरोप भी है कि इन कृत्यों के एवज में निजी पक्षों ने अपने खाता-बही में झूठी प्रविष्टियां कर संबंधित जनसेवकों को अवैध लाभ पहुंचाया। सीबीआई ने 17 अगस्त को दर्ज की गई प्राथमिकी में आबकारी विभाग के प्रभारी सिसोदिया के अलावा, तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरावा गोपी कृष्णा, तत्कालीन उप आबकारी आयुक्त आनंद कुमार तिवारी, सहायक आबकारी आयुक्त पंकज भटनागर, नौ व्यापारियों एवं दो कंपनियों को भी बतौर आरोपी नामजद किया है।

### असम-मेघालय सीमा...

उसने बृहस्पतिवार को ईंधन की आपूर्ति अस्थाई रूप से रोक दी थी। मंगलवार तड़के अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों से लदे एक ट्रक को असम के वन कर्मियों द्वारा रोके जाने के बाद असम-मेघालय सीमा पर मुकरोह गांव में हिंसा हुई थी, जिसमें एक वन रक्षक समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की। शाह ने उन्हें आश्वासन दिया है कि सीमा पर हुई हिंसा की सीबीआई से जांच कराई जाएगी। प्रभावशाली खासी स्टूडेंट्स यूनियन (केएसयू) और फेडरेशन ऑफ खासी जैंतियां एंड गारो पीपुल समेत मेघालय के कई सामाजिक एवं छात्र संगठनों ने इस घटना के बाद असहयोग आंदोलन का ऐलान किया है। केएसयू महासचिव डोनाल्ड वी थाबाह ने कहा कि मुकरोह में असम पुलिस की न्यायेतर गोलीबारी में हताहत हुए लोगों के प्रति सम्मान के तौर पर हम केंद्र और राज्य सरकार में कार्यरत अपने भाइयों एवं बहनों से शुक्रवार को कार्यालय नहीं जाकर हमारा समर्थन करने की अपील करते हैं। असम पेट्रोलियम मजदूर यूनियन (एपीएमयू) ने आईओसी, एचपीसीएल, बीपीसीएल समेत सार्वजनिक क्षेत्र की सभी तेल विपणन कंपनियों को पत्र भेजकर टैंकरों में तेल नहीं लादने/भरने के अपने फैसले की सूचना दी थी, क्योंकि पिछले दो दिनों में गैर पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति कर रहे ट्रकों को मेघालय में निशाना बनाया गया था। हालांकि शुक्रवार को यह फैसला पलट दिया गया। एपीएमयू महासचिव रमन दास ने बताया कि हमें मेघालय के प्राधिकारियों से आश्वासन मिला है कि टैंकरों, हमारे चालकों और अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। हमने उनसे कहा है कि अगर कोई अप्रिय घटना होती है, तो हम वाहनों को फिर तुरंत रोक देंगे। मेघालय के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निदेशक प्रवीण बख्शी ने असम से सटे सात जिलों के उपायुक्तों को असम से आ रहे वाहनों के लिए पुलिस सुरक्षा का इंतजाम करने का निर्देश दिया है। असम और मेघालय के बीच 884.9 किलोमीटर लंबी अंतरराज्यीय सीमा से सटे 12 क्षेत्रों में लंबे समय से विवाद है और जिस स्थान पर हिंसा हुई, वह उन क्षेत्रों में से एक है।

### गणतंत्र दिवस पर...

दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों के बीच मिस्र को भारत-अफ्रीका रक्षा वार्ता और हिंद महासागर क्षेत्र (इुड्राक) के रक्षा मंत्रियों के कॉन्क्लेव में भी आमंत्रित किया गया था, जो अक्टूबर में गुजरात के गांधीनगर में 12वें डेफएक्सपो के मौके पर हुआ था। इसके अलावा, सितंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत द्वारा आमंत्रित नौ देशों में मिस्र भी शामिल है। दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को देखते हुए, अक्टूबर में गुजरात के गांधीनगर में 12वें डेफएक्सपो के मौके पर आयोजित भारत-अफ्रीका रक्षा वार्ता और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भी मिस्र को आमंत्रित किया गया था। इसके अलावा, सितंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत द्वारा आमंत्रित नौ देशों में मिस्र भी शामिल है। दोनों देशों की वायु सेना के बीच घनिष्ठ सहयोग और समन्वय की परंपरा रही है। भारत वायु सेना के पायलटों ने मिस्र के पायलटों को 1960 से 1984 तक प्रशिक्षित किया था। मिस्र नियमित रूप से भारतीय नौसेना के विमानों को रूस, यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका से आने-जाने के लिए पारगमन सुविधाएं प्रदान करता है। मिस्र अफ्रीकी महाद्वीप में भारत के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदारों में से एक है। महामारी के बावजूद, व्यापार के आकार में मामूली गिरावट दर्ज की गई। दोनों देशों के बीच व्यापार वर्ष 2019-20 में व्यापार 4.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 2020-21 में 4.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। रूस-यूक्रेन विवाद के बीच भारत ने मिस्र को गेहूं की खेप भेजी। संघर्ष से पहले, मिस्र अपने गेहूं की आपूर्ति का लगभग 80 प्रतिशत रूस और यूक्रेन से आयात करता था। इस साल अप्रैल में, मिस्र के मंत्रिमंडल ने मान्यता प्राप्त देशों की सूची में भारत को शामिल करने की घोषणा की, जो मिस्र को गेहूं की आपूर्ति कर सकता है, इस प्रकार एक लंबे समय से लंबित गैर-टैरिफ बाधा समाप्त हो गई। मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री के रूप में पद ग्रहण करने के बाद से गणतंत्र दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा (2015), फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रैंकोइस हॉलैंड (2016), संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) राज्य के प्रमुख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान (2017), सभी आसियान नेताओं को (2018), दक्षिण अफ्रीका के सिरिल रामाफोसा (2019) और ब्राजील के जायर बोल्सोनारो (2020) को आमंत्रित किया था। कोविड महामारी के कारण 2021 और 2022 में गणतंत्र दिवस परेड में कोई मुख्य अतिथि नहीं था। भारत इस वर्ष सभी मध्य एशियाई नेताओं को आमंत्रित करने का इच्छुक था, लेकिन कोविड के कारण ऐसा नहीं हो सका। 2021 में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। हालांकि, इंग्लैंड में उग्र महामारी के कारण उनकी यात्रा स्थगित हो गई थी। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस की अध्यक्षता भारत की नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। भारत ने गणतंत्र दिवस पर अभी तक मुख्य अतिथि के तौर पर सबसे अधिक 36 बार एशियाई देशों से, 24 बार यूरोप, 11 बार अफ्रीका (11), 6 बार दक्षिण अफ्रीका, 2 बार उत्तरी अमेरिका और 1 बार ओशिनिया से आमंत्रित किया है।

## शिव मंदिर की भूमि पर ही बन सकता है गोकर्ण कारिडोर

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** छोटी काशी विकास संघर्ष समिति ने खीरी सांसद केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को ज्ञापन देकर संस्था द्वारा प्रस्तावित गोकर्ण कॉरिडोर के निर्माण के लिए प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा नौ माह पूर्व लिखे पत्र के अनुसार आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के लिए डीएम और एसडीएम को निर्देशित करने की मांग की।

अजय मिश्र टेनी ने जमीन उपलब्ध करने के लिए डीएम को लिखा है और पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि वह शासन स्तर पर प्रयास कर जल्दी ही कारिडोर निर्माण कार्य शुरू करायेंगे। ज्ञापन में लिखा गया है कि गोकर्ण कारिडोर निर्माण के लिए प्रस्तावित मानचित्र के साथ उन्हें गत वर्ष 21 अगस्त को ज्ञापन दिया था जिस पर 22 अगस्त को अपने पत्र के साथ संस्था का ज्ञापन काशी वाराणसी के विधायक प्रदेश के तत्कालीन पर्यटन धर्मार्थ कार्य राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नीलकंठ तिवारी को भेज दिया था। जिस पर कार्यवाही शुरू हुई ,14 फरवरी 2022 को प्रदेश के तत्कालीन प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के निदेशक कार्यालय अनंत किशोर शरण को अर्ध शासकीय पत्रसंख्या 201/41-2022-18 (स) 2022 प्रेषित कर लिखा कि गोकर्ण कारिडोर विकसित किए जाने हेतु खीरी जिले के जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी गोला गोकर्णनाथ को आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने को लिखा गया है ,किंतु नौ माह बीत जाने के बावजूद कारिडोर के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है।

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस को झटका

## वरिष्ठ नेता नरेंद्र सलूजा भाजपा में शामिल

**भाषा।** भोपाल



**मध्य प्रदेश** में कांग्रेस को झटका देते हुए पार्टी के प्रदेश मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी नरेंद्र सलूजा शुक्रवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। यह घटनाक्रम उस वक्त हुआ, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो यात्रा राज्य से गुजर रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने सरकारी आवास पर सलूजा का भाजपा में स्वागत किया। इस अवसर पर वन मंत्री विजय शाह और प्रदेश भाजपा के मीडिया विभाग के प्रभारी लोकेंद्र पाराशर मौजूद रहे।

सलूजा ने कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के सिलसिले में आरोपों का सामना कर रहे मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को इस महीने की शुरुआत में इंदौर में सम्मानित किए जाने को लेकर सिख समुदाय के सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों के बाद वह भाजपा में शामिल हुए हैं। गौरतलब है कि इंदौर के खालसा स्टेडियम में गुरु नानक जयंती के अवसर पर आठ नवंबर को आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा कमलनाथ को सम्मानित किए जाने के बाद विवाद पैदा हो गया था। कमलनाथ के कार्यक्रम स्थल से जाने के बाद मशहूर कीर्तनकार मनप्रीत सिंह कानपुरी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों की ओर स्पष्ट इशारा किया था और कांग्रेस नेता को आमंत्रित करने के लिए आयोजकों पर तीखे शब्दों में मंच से नाराजगी जताई थी। वहीं, कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने कहा कि सलूजा को हाल ही में पार्टी से निष्कासित किया गया है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सलूजा भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होने के कारण भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने के सलूजा के फैसले से पार्टी मजबूत होगी। सलूजा ने कहा, वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों में कमलनाथ की भूमिका के मुद्दे पर आठ नवंबर को इंदौर में कमलनाथ के स्वागत-सम्मान के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर मैंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है। 1984 के दंगों में कमलनाथ की भूमिका के विरोध में मशहूर कीर्तनकार मनप्रीत सिंह कानपुरी के शब्द तब से मेरे कानों में गूंज रहे हैं। मैं ऐसे नेता के साथ नहीं रह सकता जिसके ऊपर मेरे धर्म के लोगों की हत्या का आरोप हो। इसलिए मैंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। कांग्रेस नेता मिश्रा ने दावा किया कि सलूजा को भाजपा के साथ उनके संबंधों के कारण पहले भी उनके पद से हटाया गया था, लेकिन कमलनाथ से माफी मांगने के बाद उन्हें बहाल कर दिया गया था।

## भाजपा में शामिल हुए तेलंगाना के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एम शशिधर रेड्डी

**नई दिल्ली।** अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एम. चेन्ना रेड्डी के बेटे और तेलंगाना कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम. शशिधर रेड्डी ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया।

भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, सर्बानंद सोनोवाल, तेलंगाना प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बी संजय कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा और राज्यसभा सदस्य के लक्ष्मण सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में शशिधर रेड्डी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। चार बार के विधायक व कांग्रेस की विभिन्न सरकारों में मंत्री रहे 73 वर्षीय रेड्डी ने पिछले दिनों कांग्रेस छोड़ दी थी। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के कार्यकाल में वह प्राकृति आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। लक्ष्मण ने शशिधर रेड्डी का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि उनके भाजपा में आने के बाद तेलंगाना में कांग्रेस लगभग समाप्त हो गई है। रेड्डी का साफ मानना है कि तेलंगाना राष्ट्र समिति को तेलंगाना की सत्ता से कोई पार्टी हटा सकती है तो वह भाजपा ही है। सोनोवाल ने कहा कि रेड्डी के भाजपा में शामिल होने से यह तय हो गया कि तेलंगाना में अगली सरकार भाजपा की ही बनेगी। एम. शशिधर रेड्डी अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एम. चन्ना रेड्डी के बेटे हैं। शशिधर रेड्डी, कई दशकों से एक निष्ठावान कांग्रेसी थे और उन्होंने तेलंगाना कांग्रेस के नेताओं के कांग्रेस लॉयलिस्ट्स फोरम का नेतृत्व भी किया। इस अवसर पर शशिधर रेड्डी ने कहा कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि यह दिन भी उनके जीवन में आएगा कि उन्हें कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होना होगा। उन्होंने इसके कारण बताते हुए कहा कि 2014 में जिन लक्ष्यों और आकांक्षाओं के साथ पृथक तेलंगाना प्रदेश का गठन हुआ था, उस दिशा में कछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा, इस दौरान तेलंगाना में जो कुछ भी हो रहा है, उसे रोकने में प्रमुख विपक्षी पार्टी के नाते कांग्रेस पूरी तरह विफल हुई है। के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में इतनी भ्रष्ट सरकार कहीं भी नहीं है। शशिधर रेड्डी ने कहा कि भाजपा को तेलंगाना प्रथम का आह्वान करते हुए आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि टीआरएस के लिए परिवार प्रथम है। उन्होंने कहा कि इसके जरिए टीआरएस को उसकी जगह दिखाई जा सकती है। उन्होंने कहा वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि तेलंगाना में सिर्फ भाजपा ही टीआएस को सत्ता से हटा सकती है और राज्य में भाजपा की अगली सरकार बनाने के लिए वह जी जान लगा देंगे।

## शिंदे का भविष्य फडणवीस के हाथों में है : राकांपा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक ज्योतिषी से कथित तौर पर मिलने को लेकर तंज किया और कहा कि अंधविश्वास उनकी मदद नहीं करेगा क्योंकि उनका भविष्य उनके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों में है। जून में शिंदे के विद्रोह के कारण शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी सरकार सत्ता से बाहर हो गई थी। बाद में शिंदे को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई थी, जिसमें उनके गुट की तुलना में विधायकों की संख्या कहीं अधिक है। राकांपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा कि खबरों के अनुसार, शिंदे अपने भविष्य के बारे में जानने के लिए एक ज्योतिषी से मिलने गए थे।

## कांग्रेस ने हिंसा में शामिल अपराधियों का समर्थन किया, लेकिन भाजपा ने गुजरात में स्थाई शांति कायम की: शाह

**भाषा।** अहमदाबाद



**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात में पहले असामाजिक तत्व हिंसा में लिप्त होते थे और कांग्रेस उनका समर्थन करती थी लेकिन 2002 में"सबक सिखाने" के बाद, अपराधियों ने ऐसी गतिविधियां बंद कर दीं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में"स्थाई शांति" कायम की। गुजरात में फरवरी, 2002 में गोधरा रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद राज्य के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। शाह ने राज्य में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले खेड़ा जिले के महुधा में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एक रैली की। उन्होंने आरोप लगाया, गुजरात में कांग्रेस के शासनकाल में (1995 से पहले), अक्सर साम्प्रदायिक दंगे होते थे। कांग्रेस विभिन्न समुदायों और जातियों के सदस्यों को एक-दूसरे के खिलाफ उकसाती थी। कांग्रेस ने ऐसे दंगों के जरिए अपने वोट बैंक को मजबूत किया और समाज के एक बड़े वर्ग के साथ अन्याय किया। शाह ने दावा किया कि गुजरात में 2002 में दंगे इसलिए हुए क्योंकि अपराधियों को लंबे समय तक कांग्रेस से समर्थन मिलने के कारण हिंसा में शामिल होने की आदत हो गई थी।वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, लेकिन 2002 में सबक सिखाए जाने के बाद ऐसे तत्वों ने वह रास्ता (हिंसा का) छोड़ दिया। वे लोग 2002 से 2022 तक हिंसा से दूर रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सांप्रदायिक हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई कर गुजरात में स्थाई शांति कायम की है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने"वोट बैंक" के कारण इसके खिलाफ थी।

## श्रद्धा वालकर हत्याकांड की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालत में होनी चाहिए : अजीत पवार

**भाषा।** पुणे

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के नेता अजीत पवार ने शुक्रवार को कहा कि श्रद्धा वालकर हत्याकांड की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालत द्वारा की जानी चाहिए और दोषियों को कठोरतम सजा दी जानी चाहिए। पवार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यदि कोई पुलिसकर्मी कर्तव्य में लापरवाही का दोषी पाया जाता है तो उसकी जांच होनी चाहिए।

इस साल मई में, 27 वर्षीय वालकर की दिल्ली में उसके सह जीवन साथी आफताब पूनावाला ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी। उसने कथित तौर पर वालकर का गला घोंट दिया। आफताब ने उसके शरीर को 35 टुकड़ों में काट दिया था, जिसे उसने कई दिनों तक आधी रात को शहर भर में फेंकने से पहले दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में अपने आवास पर लगभग तीन सप्ताह तक फ्रिज में रखा था। वालकर ने 2020 में महाराष्ट्र में पालघर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने पूनावाला पर उसे मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया था और कहा था कि उसे डर है कि वह उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वालकर ने महाराष्ट्र के एक पुलिस थाने में आफताब के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन उस समय कोई कार्वाई नहीं की गई और चूक की जांच शुरू की जाएगी। शाह के बयान के बारे में पूछे जाने पर राकांपा नेता ने कहा, एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय यदि कोई पुलिस अधिकारी या पुलिस कांस्टेबल कर्तव्य में लापरवाही का दोषी पाया जाता है तो जांच होनी चाहिए। पवार ने कहा कि मामले की सुनवाई के लिए एक फास्ट ट्रैक अदालत का गठन किया जाना चाहिए और दोषियों को सजा दी जानी चाहिए।उन्होंने कहा कि समाज में संदेश जाना चाहिए कि इस तरह के कृत्य की सजा मात्र मृत्युदंड है। राकांपा नेता ने कहा, दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई ऐसा अपराध करने की हिम्मत न करे।

## एएफटी में 23 सदस्यों की नियुक्ति की जानकारी के बाद न्यायालय ने स्वतः संज्ञान वाला मामला बंद किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को शुक्रवार को अवगत कराया कि इस माह के शुरू में सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) में 23 सदस्यों की नियुक्ति की जा चुकी हैं, जिनमें 11 न्यायिक सदस्य शामिल हैं। इसके बाद शीर्ष अदालत ने एएफटी में रिक्त पदों को भरने के लिए 2016 में स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई कार्यवाही बंद कर दी। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने 15 नवंबर को अधिकरण में 11 न्यायिक सदस्यों और 12 प्रशासनिक सदस्यों को नियुक्त करने वाली केंद्र की अधिसूचना को रिकॉर्ड पर ले लिया। पीठ ने कहा, इस अदालत ने न्यायिक सदस्यों की नियुक्ति न होने पर प्रासंगिक समय पर स्वतः संज्ञान लिया था। नियुक्ति न होने की वजह से न्यायिक सदस्यों की अनुपस्थिति में न्याय कार्य प्रभावित हुआ और एएफटी के आदेश लागू नहीं किए गए। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के जरिए 15 नवंबर, 2022 को जारी अधिसूचना के बारे में पीठ को सूचित किया है।पीठ ने कहा, हम 15 नवंबर, 2022 की अधिसूचना का संज्ञान लेते हैं और कार्यवाही बंद करते हैं। यदि प्रधान पीठ के बार एसोसिएशन को कोई शिकायत है, तो इसे उचित मंच के समक्ष उठाया जाना चाहिए, जिस पर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत को 20 सितंबर, 2016 को इंडियन एक्स-सर्विसेज लीग के अध्यक्ष और आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन, लखनऊके सचिव से एएफटी में अध्यक्ष और न्यायिक सदस्यों की अनुपलब्धता के बारे में दो पत्र प्राप्त हुए थे। इसने पत्रों को रिट याचिकाओं के रूप में मानने का आदेश दिया था और स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यवाही शुरू की थी।

## न्यायाधीश ने संजय राउत की जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग किया

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने शिवसेना नेता संजय राउत और उनके सहयोगी प्रवीण राउत को धन शोधन के एक मामले में दी गई जमानत रद्द करने का अनुरोध करने वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई से खुद को शुक्रवार को अलग कर लिया। ईडी ने उच्च न्यायालय का रुख कर राज्यसभा सदस्य और उनके सहयोगी को नौ नवंबर को एक विशेष अदालत से मिली जमानत रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। केंद्रीय एजेंसी ने जमानत आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया था, जिससे उच्च न्यायालय ने इनकार कर दिया था। शुक्रवार को, जब यह विषय सुनवाई के लिए आया, तब न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की एकल पीठ ने कहा, मैं इस विषय की सुनवाई के लिए उपयुक्त नहीं हूं...। विषय अब एक नई पीठ के समक्ष रखा जाए। राउत को विशेष पीएमएलए (धन शोधन रोकथाम अधिनियम) न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने जमानत दी थी। उन्हें उपनगर गोरेगांव में पात्रा चॉल के पुनर्विकास से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## सरकार ने जी20 की तैयारियों पर पांच दिसंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने जी20 समूह की भारत की मेजबानी में अगले एक वर्ष में होने वाली बैठकों की भारत की योजना एवं उसकी तैयारियों को लेकर नेताओं को जानकारी देने के लिए पांच दिसंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। एक पार्टी के वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर बताया कि संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 40 दलों के अध्यक्षों को आमंत्रित किया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति भवन में होने वाली इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर के हिस्सा लेने की संभावना है। गौरतलब है कि भारत आधिकारिक तौर पर एक दिसंबर को जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। भारत एक वर्ष के लिए जी20 का अध्यक्ष होगा और इस दौरान देश में 55 अलग-अलग जगहों पर संगठन की 200 से ज्यादा बैठकें होंगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने बृहपतिवार को कहा था कि वे जी20 शिखर बैठक की तैयारियों के बारे में जानकारी देने के लिए सरकार द्वारा पांच दिसंबर को बुलाई गई बैठक में हिस्सा लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी जाएंगी। वह इस बैठक में तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष की हैसियत से हिस्सा लेंगी। जी-20 में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

## आरएसएस सबसे बड़ा दुश्मन, चुनाव में तृणमूल व भाजपा दोनों को देंगे टक्करः माकपा नेता सलीम

**कोलकाता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की पश्चिम बंगाल इकाई के सचिव एवं पूर्व लोकसभा सदस्य मोहम्मद सलीम ने कहा कि पश्चिम बंगाल में फिर से अपना खोया आधार प्राप्त करने में जुटे मार्क्सवादी अपने मुख्य शत्रु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर ध्यान केंद्रित करेंगे। हालांकि माकपा का चुनावी मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजप) और तृणमूल कांग्रेस दोनों से होगा। सलीम ने कहा, हमने आरएसएस की पहचान देश के लिए सबसे बड़े खतरे के तौर पर की है, क्योंकि हमारा मानना है कि हमारा देश जिन दो सिद्धांतों पर खड़ा है, वे धर्मनिरपेक्षता व लोकतंत्र है। उसने (आरएसएस ने) नफरत के माहौल को बढ़ावा दिया है, छद्म विज्ञान और पौराणिक कथाओं के खतरनाक घालमेल को बढ़ावा दिया। हमारी लड़ाई इसी के खिलाफ है। सलीम ने कहा कि जहां तक चुनाव की बात है तो यह स्पष्ट है कि पार्टी भाजपा और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस दोनों को टक्कर देगी। हम केवल नाम का विपक्ष नहीं हैं। हम उन दोनों का विरोध करेंगे। राज्य में 2011 में तृणमूल कांग्रेस की सरकर बनने से पहले तक 34 साल तक माकपा का शासन था। माकपा के मत प्रतिशत में भी लगातार गिरावट आई है। 2011 विधानसभा चुनाव में 30.1 प्रतिशत, 2016 के विधानसभा चुनाव में 19.75 और 2019 के लोकसभा चुनाव में यह घटकर 6.34 प्रतिशत रह गया था।

## कांग्रेस के लिए गहलोत और पायलट दोनों जरूरी, संगठन को देखते हुए उचित हल निकालेंगे : रमेश

**भाषा।** सनावद (मध्य प्रदेश)

**पूर्व केंद्रीय** मंत्री जयराम रमेश ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा कांग्रेस नेता सचिन पायलट को गद्दार कहे जाने को शुक्रवार को अप्रत्याशित करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को दोनों नेताओं की जरूरत है और राजस्थान के मसले का उचित हल व्यक्तियों को देखते हुए नहीं, बल्कि पार्टी संगठन को प्राथमिकता देकर निकाला जाएगा।

कांग्रेस के संचार, प्रचार और मीडिया विभाग के प्रभारी महासचिव रमेश इन दिनों राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हैं। पायलट को गहलोत द्वारा गद्दार कहे जाने को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर उन्होंने सनावद में संवाददाताओं से कहा, गहलोत, कांग्रेस के वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं। लेकिन उनके द्वारा एक साक्षात्कार में (पायलट के लिए) जिस शब्द (गद्दार) का इस्तेमाल किया गया, वह अप्रत्याशित था और इससे मुझे भी आश्चर्य हुआ। रमेश ने कांग्रेस को एक परिवार बताया और कहा, पार्टी को गहलोत और पायलट, दोनों की जरूरत है। कुछ मतभेद हैं जिनसे हम भाग नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा राजस्थान से जुड़े मसले का उचित हल निकाला जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा, ...लेकिन यह हल कांग्रेस संगठन को प्राथमिकता देते हुए निकाला जाएगा। हम व्यक्तियों के आधार पर कोई हल नहीं निकालेंगे। रमेश ने पायलट की तारीफ करते हुए उन्हें कांग्रेस का युवा, ऊर्जावान, लोकप्रिय और चमत्कारी नेता करार दिया। गौरतलब है कि गहलोत ने एनडीटीवी को दिए साक्षात्कार में पायलट को गद्दार करार देते हुए कहा है कि उन्होंने वर्ष 2020 में कांग्रेस के खिलाफ बगावत की थी और गहलोत नीत सरकार गिराने की कोशिश की थी इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता। पायलट को लेकर गहलोत के इस बयान से राजस्थान में कांग्रेस की आंतरिक कलह बढ़ती नजर आ रही है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। यह बयान ऐसे वक्त दिया गया, जब राहुल गांधी नीत भारत जोड़ो यात्रा की राजस्थान में चार दिसंबर को दाखिल होने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। गहलोत की बयानबाजी से कांग्रेस की भारी फजीहत के बीच रमेश ने राजस्थान के मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर कहा, कांग्रेस के नेता बिना किसी डर के अपने मन की बात कहते हैं क्योंकि पार्टी आलाकमान तानाशाही के आधार पर कोई निर्णय नहीं लेता। कांग्रेस और भाजपा में यही फर्क है।




इंडोपेसिफिक रिजनल बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व नेवी चीफ हरि कुमार

## पूर्वोत्तर के एक ईसाई संगठन ने जबरन धर्मांतरण के आरोप को झूठा करार दिया, चिंता प्रकट की

**भाषा।** गुवाहाटी

**मिशनरी कार्य** में लगे रहने के आरोप के चलते 10 यूरोपीय पर्यटकों को असम से उनके अपने देशों में वापस भेज जाने के करीब एक महीने बाद पूर्वोत्तर के एक बड़े ईसाई संगठन ने शुक्रवार को धर्मांतरण के झूठे आरोपों को लेकर चिंता प्रकट की। इसे समुदाय को बदनाम करने की चेष्टा करार देते हुए यूनाईटेड क्रिश्चियन फोरम ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया (एनईआई) ने कहा कि उसने जाति, पंथ, नस्ल से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में सेवाएं दी है।

यूनाईटेड क्रिश्चियन फोरम, एनईआई के प्रवक्ता एलेन ब्रुक्स ने एक विज्ञप्ति में कहा कि धर्मांतरण के बारे में खबरों से हमें बहुत चिंता हुई है। काउंसिल ऑफ बैप्टिस्ट चर्च इन नॉर्थ ईस्ट इंडिया , चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया, प्रेस्बाइटेरियन चर्च ऑफ इंडिया, नॉर्थ ईस्ट क्रिश्चियन काउंसिल (सभी प्रोटेस्टैंट चर्च), एवैंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया (पेंटेकोस्टल चर्च) और क्षेत्रीय कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया (पूर्वोत्तर भारत के सभी कैथोलिक गिरजाघर) समेत क्षेत्र के सभी गिरजाघरों का प्रतिनिधित्व करने वाले ईसाई नेताओं ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए बृहस्पतिवार को यहां बैठक की। ब्रुक्स ने कहा, किसी भी प्रकार के बलात धर्मांतरण की सबसे पहले निंदा हमने की है लेकिन साथ ही हम हर नागरिक के अपनी मर्जी के अनुसार किसी भी धर्म को चुनने के अधिकार की भी अभिपुष्टि करते हैं जिसकी गारंटी संविधान के अनुच्छेद 25-28 के तहत दी गई है

उन्होंने कहा, हमारे समुदाय को बदनाम करने के इरादे से जबरन धर्मांतरण, धोखे या लालच देकर धर्मांतरण करने का आरोप लगाना सही नहीं है। हम महसूस करते हैं कि ऐसे आरोप हमारे समाज को बांटने की सोचीसमझी मंशा से लगाए जाते हैं। कई दक्षिणपंथी संगठनों ने अक्सर ईसाई मिशनरियों पर खासकर गरीब आदिवासियों का जबरन या लालच देकर धर्मांतरण करने का आरोप लगाया है। हाल में दस यूरोपीयों को असम से उनके अपने अपने देश भेज दिया गया था क्योंकि वे कथित रूप से मिशनरी गतिविधियों में लगे थे। उनमें से तीन स्वीडन के और सात जर्मनी के थे। अधिकारियों के अनुसार, उनके पास आवश्यक एम। वीजा नहीं था लेकिन वे पर्यटक वीजा पर देश में आए थे। कई राज्यों में धर्मांतरण रोधी कानून है लेकिन असम में ऐसा कोई कानून नहीं है।

## केवल ऑनलाइन जुए पर पाबंदी लगाई गई हैः तमिलनाडु सरकार का स्पष्टीकरण

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु सरकार** ने शुक्रवार को कहा कि ऑनलाइन गेम पर पूर्ण पाबंदी का कोई प्रस्ताव नहीं रखा गया है, बल्कि राज्य में ऑनलाइन जुए पर पाबंदी लगाई गई है। उसने राज्यपाल आर एन रवि से ऑनलाइन जुए पर पाबंदी तथा ऑनलाइन गेम के विनियमन से संबंधित विधेयक को मंजूरी देने का आग्रह किया। राज्य के कानून मंत्री एस रघुपति ने कहा कि अनुपात के सिद्धांत के अनुसार पूर्ण पाबंदी का प्रस्ताव नहीं किया गया है। मंत्री ने स्पष्ट किया , गेम पर पूर्ण पाबंदी नहीं लगाई गई है। उन्हें मौके के खेले और कौशल के खेल के रूप में भिन्न रखा गया है तथा केवल ऑनलाइन जुए पर ही पाबंदी लगाई गई है। इसलिए यह अनुपातिक पाबंदी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य में ऑनलाइन जुए पर पाबंदी लगाने के संबंध में राज्यपाल द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण पर सरकार ने अपना जवाब सौंप दिया है। सरकारी अध्यादेश को प्रभाव में लाने के लक्ष्य पर केंद्रित संबंधित विधेयक में जुए पर प्रतिबंध लगाने तथा ऑनलाइन गेम को विनियमित करने की कोशिश की गई है। इस विधेयक को हाल में विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया था और मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा गया था। रघुपति ने यहां संवाददाताओं से कहा, बृहस्पतिवार सुबह हमें राज्यपाल से पत्र मिला जिसमें कुछ स्पष्टीकरण मांगे गए हैं। हमने 24 घंटे के अंदर अपना जवाब सौंप दिया। यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के नेतृत्व में द्रमुक सरकार लोगों के हित में यह पाबंदी लगाने के लिए इच्छुक है। राज्यपाल ने मद्रास उच्च न्यायालय के इस फैसले के संबंध में मुद्दा उठाया था कि जिस विषय पर पहले से कानून है, उसपर नया कानून संवैधानिक नहीं है।

## विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में बनर्जी से शुभेंदु ने की शिष्टचार भेंट

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों के बाद पहली बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट हुई। विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री के कक्ष में हुई इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में अटकलबाजियां शुरू हो गई हैं। बाद में सदन में संविधान दिवस पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वह एक समय उन्हें (शुभेंदु को) भाई की तरह मानती थीं। दोनों के बीच 2020 के अंत से ही अनबन शुरू हो गई थी, जब अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से नाता तोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया था तथा विधानसभा चुनावों में नंदीग्राम में टीएमसी सुप्रीमो बनर्जी को हराया था। दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब अधिकारी ने शिकायत की कि उनका नाम विधानसभा में संविधान दिवस कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र में शामिल नहीं किया गया है। भाजपा नेता ने यह भी कहा था कि वह कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे।

दोपहर में भोजनवाकाश के लिए विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद नंदीग्राम के विधायक अधिकारी को भाजपा नेताओं मनोज तिग्गा और अग्निमित्रा पॉल के साथ मुख्यमंत्री के कक्ष में प्रवेश करते देखा गया। बैठक के बाद बनर्जी ने कहा, मैंने शुभेंदु को चाय के लिए आमंत्रित किया था। अधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, यह सिर्फ एक शिष्टाचार मुलाकात थी। इसका कोई और निष्कर्ष नहीं निकाला जाना चाहिए। मैंने चाय नहीं पी। कांग्रेस नेता कमुरजान चौधरी ने शिष्टाचार मुलाकात पर प्रतिक्रिया देते हुए दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए, दीदी-मोदी पैच-अप की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा, केंद्र ने कल प्रधानमंत्री ग्राम आवास योजना के लिए धन जारी किया और बनर्जी पांच दिसंबर को मोदी से मिलने वाली हैं।

आज मुख्यमंत्री ने शुभेंदु से मुलाकात की। ए सभी इस तथ्य की ओर इशारा करते हैं कि दीदी-मोदी पैच-अप की प्रक्रिया चल रही है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट माकपा नेता सुजन चक्रवर्ती ने भी इसी तरह की राय व्यक्त करते हुए कहा, आज की बैठक से यह साफ हो गया है कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच सहमति है।

# नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत की ओर, नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनी

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल** के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) नीत सत्तारूढ़ गठबंधन संसदीय चुनाव में स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़ रहा है। पांच दलों के इस गठबंधन ने शुक्रवार को अब तक घोषित 124 सीट के नतीजों में से 67 सीट पर जीत दर्ज कर ली है। संघीय संसद के कुल 275 सदस्यों में से 165 का चयन प्रत्यक्ष मतदान के जरिए होगा, जबकि बाकी 110 को आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से चुना जाएगा। किसी पार्टी या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत हासिल करने के लिए 138 सीट की आवश्यकता है। अकेले नेपाली कांग्रेस ने प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत अब तक 42 सीट पर जीत दर्ज कर ली है और वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वहीं, उसके गठबंधन सहयोगियों कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (सीपीएन)-माओइस्ट सेंटर ने 12, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट ने 10, लोकतांत्रिक समाजवादी ने दो और राष्ट्रीय जनमोर्चा ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। ए सभी दल सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले मुख्य विपक्षी दल सीपीएन-यूएमएल (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्ससिस्ट-लेनिनिस्ट) नीत गठबंधन ने अब तक 38 सीट पर जीत दर्ज की है। सीपीएन-यूएमएल ने 30 सीट, उसके सहयोगी दलों राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी ने क्रमश: पांच और तीन सीट पर जीत दर्ज की है। नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने सात सीट पर जीत हासिल की है।

नागरिक उन्मुक्ति पार्टी ने दो और जनमोर्चा एवं नेपाल मजदूर किसान पार्टी ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की है। पांच सीट निर्दलीय एवं अन्य ने जीती हैं। नेपाल में संघीय संसद की 275 सीट और सात प्रांतीय विधानसभाओं की 550 सीट के लिए रविवार को मतदान हुआ था। मतगणना सोमवार को शुरू की गई। संघीय संसद के कुल 275 सदस्यों में से 165 का चयन प्रत्यक्ष मतदान के जरिए होगा, जबकि बाकी 110 को आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से चुना जाएगा। इसी तरह, प्रांतीय विधानसभाओं के कुल 550 सदस्यों में से 330 का चयन प्रत्यक्ष मतदान, जबकि 220 का चयन आनुपातिक प्रणाली से होगा।

# वेनेजुएला की सरकार और विपक्ष फिर से शरू करेंगे बातचीत

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला की सरकार और विपक्ष ने देश को आर्थिक संकट से बाहर निकलने का रास्ता तलाश करने के लिए लंबे समय से रुकी वार्ता के सप्ताहांत में फिर से शुरू होने की घोषणा की है। दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के दो सप्ताह बाद मेक्सिको सिटी में बृहस्पतिवार को आगामी चर्चा के बारे में घोषणा हुई। पूर्व में सरकार और विपक्ष के बीच हुई वार्ता फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के प्रयासों का नतीजा थी। नार्वे के राजनयिक फिर से वार्ता का मार्गदर्शन करेंगे।

मेक्सिको में नॉर्वे के दूतावास ने ट्वीट किया, हम घोषणा करते हैं कि वेनेजुएला की सरकार और यूनिटरी प्लेटफॉर्म ऑफ वेनेजुएला (विपक्षी गठबंधन) ने 26 नवंबर को मेक्सिको में संवाद और वार्ता प्रक्रिया को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। दूतावास ने कहा, इस दौरान, दोनों पक्ष सामाजिक मामलों पर आंशिक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। बातचीत औपचारिक रूप से सितंबर 2021 में मेक्सिको में शुरू हुई थी लेकिन वार्ता अगले महीने उस समय निलंबित कर दी गई थी, जब राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अपने एक करीबी सहयोगी के अमेरिका प्रत्यर्पण के विरोध में बातचीत रोक दी थी।

उम्मीद की जा रही है कि इस सप्ताह के अंत में होने वाली बातचीत नकदी की तंगी से जूझ रहे दक्षिण अमेरिकी देश के लिए मानवीय सहायता कार्यक्रम के साथ-साथ 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की योजना से जुड़ी शर्तों पर केंद्रित होगी। मादुरो के मुख्य वार्ताकार एवं नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिग्ज ने एक बयान में कहा कि सरकार मेक्सिको में एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगी, जिसमें महत्वपूर्ण सामाजिक जरूरतों और सार्वजनिक सेवा समस्याओं को दूर करने के लिए एक तंत्र बनाने पर जोर रहेगा।

# पीएम बनने के बाद सुनक की लोकप्रियता बढ़ी: सर्वे

**भाषा।** लंदन



**ब्रिटेन** के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के एक महीने बाद ऋषि सुनक की लोकप्रियता ब्रिटेन के मतदाताओं के बीच बढ़ी है। हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार अपनी सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की अपेक्षा मतदाताओं के बीच सुनक की लोकप्रियता ज्यादा बढ़ी है। सुनक (42) ने ऐसे समय कार्यभार संभाला है जब कोविड महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जीवन लागत बढ़ गई है, जबकि अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

इप्सोस पॉलिटिकल मॉनिटरै के नवंबर अंक में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार यह सर्वेक्षण इसी महीने की शुरुआत में किया गया। सर्वेक्षण के अनुसार प्रधानमंत्री बनने के बाद सुनक की लोकप्रियता बढ़ गई और उन्होंने विपक्षी लेबर पार्टी के नेता कीर स्टारर को पीछे छोड़ दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि महंगाई पर काबू के लिए युद्धस्तर पर काम करने के उनके संदेश से लोगों में उनके नेतृत्व के प्रति भरोसा कायम हुआ है।

जनमत सर्वेक्षण में हालांकि यह भी पाया गया कि कंजर्वेटिव पार्टी को पसंद करने वाले लोगों की संख्या में खासी कमी आई है वहीं लेबर पार्टी को पसंद करने वालों का अनुपात थोड़ा बढ़ गया है। रिपोर्ट के अनुसार सर्वेक्षण में शामिल करीब आधे (47 प्रतिशत) प्रतिभागियों का कहना है कि वे ऋषि सुनक को पसंद करते हैं, जबकि पांच में से दो (41 प्रतिशत) लोगों ने कहा कि वे सुनक को पसंद नहीं करते हैं। इसका अर्थ है कि इस साल की शुरुआत में बोरिस जॉनसन की जो लोकप्रियता थी, सुनक उससे आगे हैं। सर्वेक्षण के अनुसार चार में से केवल एक (26 प्रतिशत) प्रतिभागी का ही कहना था कि वे कंजर्वेटिव पार्टी को पसंद करते हैं। यह जून 2007 के बाद से उनकी न्यूनतम रेटिंग है, जब पार्टी (तत्कालीन प्रधानमंत्री) डेविड कैमरन के समय 29 प्रतिशत लोगों की पसंद थी।

# मिस्र ने जेल में बंद 30 राजनीतिक कैदियों की रिहाई की घोषणा की

**काहिरा।** मिस्र ने 30 राजनीतिक कैदियों को जेल से रिहा करने की घोषणा की है। मिस्र ने अपने मानवाधिकार रिकॉर्ड को लेकर अंतरराष्ट्रीय निगरानी तेज होने के बीच हाल में कई कैदियों को रिहा किया है। मिस्र सरकार ने जिन 30 राजनीतिक कैदियों की रिहाई की घोषणा की है, उनकी पहचान अभी उजागर नहीं की गई है। साथ ही इस बात की भी पुष्टि नहीं हो पाई है कि उनमें से कितने लोगों को पहले ही रिहा किया जा चुका है।

मिस्र में राष्ट्रपति की क्षमादान समिति के सदस्य तारिक-अल-अवादी ने बृहस्पतिवार देर रात यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि 30 लोगों को उनके मुकदमों में सुनवाई से पहले हिरासत में रखा गया था। अल-अवादी ने बाद में कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें रिहा किए गए कैदी अपने परिवार के सदस्यों एवं मित्रों को गले लगाते नजर आ रहे हैं।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतेह अल-सीसी की सरकार ने 2013 के बाद से असंतुष्ट लोगों और आलोचकों पर कड़ी कार्वाई की है, हजारों लोगों को जेल भेजा गया है, प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा गए और सोशल मीडिया खातों पर नजर रखी जा रही है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने 2019 में अनुमान लगाया था कि मिस्र की जेलों में करीब 60,000 राजनीतिक कैदी बंद हैं, जिनमें से कई के खिलाफ तो मुकदमा ही नहीं चल रहा है। यह मामला इस महीने की शुरुआत में मिस्र की मेजबानी में शर्म अल-शेख में हुए अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन में भी चर्चा का विषय रहा था। सम्मेलन की शुरुआत में कार्यकर्ता अला अब्देल-फतह (40) ने पूर्ण भूख हड़ताल शुरू की थी और पानी पीना भी बंद कर दिया था। इसके जरिए उन्होंने अपने तथा अपने जैसे अन्य लोगों के मामलों की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की थी।

## अल्जीरिया : भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या मामले में 49 लोगों को मृत्युदंड

**अल्जीयर्स।** अल्जीयर्स की एक अदालत ने एक चित्रकार की भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में 49 दोषियों को बृहस्पतिवार को मौत की सजा सुनाई। मृतक पर जंगल में भीषण आग लगाने का संदेह था जबकि वास्तव में वह आग बुझाने के प्रयासों में मदद के लिए आगे आया था। पूर्वोत्तर अल्जीरिया के कबीलाई क्षेत्र में पिछले साल हुए इस हत्याकांड ने देश को झकझोर कर रख दिया था। यह घटना ऐसे समय में हुई थी, जब पहाड़ी क्षेत्र वाले बरबर प्रांत के जंगल में लगी भीषण आग के कारण 90 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में वे सैनिक भी शामिल थे जो आग बुझाने के अभियान में जुटे थे। चित्रकार जमील बेन इस्माइल की हत्या में 100 से अधिक संदिग्ध शामिल थे, जिनमें से अधिकतर को उनकी हत्या में भूमिका का दोषी पाया गया। बचाव पक्ष के वकील हकीम साहेब ने बताया कि अदालत ने 38 अन्य दोषियों को 2-12 साल की सजा सुनाई गई है।

# बीजिंग में बने नए पृथक्वास केंद्र : लोग कर रहे हैं हड़बड़ी में जरूरी सामानों की खरीदारी

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में कोविड-19 पृथकवास केंद्रों एवं क्षेत्रीय अस्पतालों के निर्माण में तेजी लाने के स्थानीय प्रशासन के आदेश के बाद लोगों ने शुक्रवार को हड़बड़ी में सुपरमार्केट से तथा ऑनलाइन मंचों पर जरूरी वस्तुओं की भारी खरीददारी की। बीजिंग के कुछ जिलों में लॉकडाउन को लेकर अनिश्चितता तथा छिटपुट अपुष्ट खबरों से खाद्य पदार्थों एवं अन्य जरूरी चीजों की मांग बढ़ गई है। पिछले कई महीनों से शहर में ऐसी स्थिति नहीं नजर आई थी। देश में कोविड-19 के रोजाना मामले रिकार्ड छू रहे हैं तथा शुक्रवार को इसके 32,695 नए मामले सामने आए। उनमें 1860 बीजिंग के हैं तथा ज्यादातर में इस महामारी के लक्षण नहीं हैं।

जल्दबाजी में पृथकवास केंद्रों में तब्दील किए गए जिम, प्रदर्शनी केंद्र तथा अन्य बड़ी खुली जगह भीडभाड़, गंदगी , खाद्य आपूर्ति में कमी आदि को लेकर बदनाम रहे हैं।

शहर के ज्यादातर निवासियों को उनके परिसरों से बाहर नहीं जाने की सलाह दी गई है। उनके परिसरों को घेरा जा रहा है। प्रवेश द्वार पर सर से पैर तक सफेद कपड़े में ढके कर्मी अनधिकृत लोगों को अंदर नहीं जाने दे रहे हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि निवासी प्रवेश पाने के लिए अपने सेलफोन हेल्थ एप से स्कैन करें। बीजिंग में कुछ किराना सेवा आपूर्ति मंचों पर मांग चरम पर पहुंच गई है। मांग में वृद्धि और कर्मचारियों की कमी के चलते कुछ ग्राहक शुक्रवार को अलीबाबाज फ्रेशिप्पो और मीचुअन मैकाई जैसे ऑनलाइन किराना सेवाओं के जरिए शुक्रवार को उसी दिन के लिए सामानों की बुकिंग नहीं कर पाए। कुछ चीनी उपयोगकर्ताओं ने कहा कि कुछ ऐसे डिलीवरी कर्मी हैं जिनके परिसर में लॉकडाउन है जिससे कर्मियों की कमी हो गई है। वैसे एसोसिएटेड प्रेस इस खबर की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करती है।

## चीनी-कनाडाई पॉप सितारे क्रिस वू को 13 साल की सजा

**बीजिंग।** चीन की एक अदालत ने चीनी-कनाडाई पॉप सितारे क्रिस वू को बलात्कार समेत अन्य आरोपों के मामले में शुक्रवार को दोषी करार देते हुए 13 साल कैद की सजा सुनाई। बीजिंग के चाओयांग जिला न्यायालय ने कहा कि क्रिस वू को 2020 के बलात्कार के मामले में 11 साल और छह महीने की सजा दी गई। जबकि यौन स्वच्छंदता में संलग्न होने के लिए भीड़ इकट्ठा करने के अपराध के लिए एक वर्ष और 10 महीने की सजा सुनाई गई। यह मामला 2018 का है, जिसमें क्रिस और अन्य लोगों ने कथित तौर पर दो महिलाओं का यौन शोषण किया। अदालत ने कहा कि बलात्कार के मामले में तीनों पीड़ितों ने भी शराब पी रखी थी और विरोध करने में असमर्थ थीं। संयुक्त रूप से 13 साल की सजा पर सहमति बनी है और क्रिस वू को जेल में सजा का अपना समय पूरा करने के बाद तुरंत निर्वासित कर दिया जाएगा।

# इमरान के हेलीकॉप्टर को परेड ग्राउंड पर उतरने की अनुमति नहीं दी गई

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि इस्लामाबाद प्रशासन ने शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ एक विरोध रैली को संबोधित करने के लिए शनिवार को रावलपिंडी के परेड ग्राउंड पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। खान के 26 नवंबर को रावलपिंडी में अपने समर्थकों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा है कि रावलपिंडी में उनकी पार्टी का विरोध पूरी तरह से शांतिपूर्ण होगा।

पीटीआई नेता असद उमर ने ट्विटर पर कहा कि इस्लामाबाद प्रशासन ने पार्टी अध्यक्ष के हेलीकॉप्टर को शनिवार को परेड ग्राउंड पर उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पीटीआई की वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिरीन मजारी ने भी परेड ग्राउंड पर खान के हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति नहीं देने के लिए इस्लामाबाद प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र (आईसीटी) प्रशासन के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, साजिशकर्ताओं के मन में इमरान खान का डर घुस गया है।

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Parmod Kumar is the owner of Built up Property bearing No. 236-B, area measuring 45.98 Sq., Mtrs., out of Khasra No.490/106, Situated in the area of Village Gharonda Neem Ka Banger @ Patpar Ganj, in the abadi of Lal Dora Deh of Village Patpar Ganj, Illaqa Shahdara, Delhi vide a Gift Deed dated 20.09.2021, Doc No. 7465. All persons are hereby informed that Mr. Parmod Kumar wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage /litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**
जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जाग्रेश, श्री तारा चंद नागर, और श्री हरेंद्र नागर, Plot, area measuring 75 Sq. Yds., i.e. 62.70 Sq. Mtrs., out of Khasra No- 163/654, situated at Panchkutir, in the area of Village Chipiyana Buzurg, Pargana & Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar, U.P., को श्रीमति शीतल चतुर्वेदी को बेच रहे है। उपरोक्त संपत्ति पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज बिक्री विलेख दिनांक 20.06.2005 क्रमांक संख्या 3942 कही खो गए है। इस सन्दर्भ में दिल्ली पुलिस को सूचना दिनांक 25.11.2022 को LR एप्लीकेशन नंबर 1018062/2022 में दर्ज करवाई गई है।
यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध मे दावा अमान्य माना जाएगा।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

## टीडीएन ग्रुप ने की लिस्टेड प्रापर्टीस की लांचिंग

**लखनऊ।** टीडीएन ग्रुप के द्वारा लिस्टेड प्रापर्टीस की धूमधाम से लांचिग की गई। जिसमें इस मौके पर मुख्य अतिथि दिव्य चिराग फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय, ऐश- नीट के फाउंडर्स आशुतोष श्रीवास्तव व नितिन श्रीवास्तव, रॉयल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र निषाद रहे। वहीं लिस्टेड प्रापर्टीस लांचिग के अवसर पर टीडीएन ग्रुप के फाउंडर व डायरेक्टर इं. वीरेंद्र कुमार निषाद ने बताया टीडीएन ग्रुप को लगभग 05 वर्ष हो चुके है। ग्रुप सक्सेजफुल सर्विस देते हुए लिस्टेड प्रापर्टीस के माध्यम से मार्केट साल्विंग कांसेप्ट ला रहे है। उन्होंने कहा कि टीडीएन यूपी लेवल पर 99 एकड़, मैजिकब्रिक्स जैसी कम्पनियों को टक्कर देने जा रही है जिसमे प्रॉपर्टीज के खरीदने, बेचने व रेंट से सम्बंधित सभी सेवाएं मात्र 4999 रुपए में प्राप्त कर सकते है। उन्होने बताया कि लिस्टेड प्रापर्टीज के माध्यम से पैकेज के आधार पर मार्केट की समस्या को खत्म करने का काम किया जाएगा। जिसमें वह मासिक किस्तो पर कम्पनियों की प्राब्लम खत्म कर रहे है। उन्होने दावा के साथ करके दिखाया है कि घर बनवाओ के माध्यम से वह भूमि भूजन से लेकर ग्रह प्रवेश तक की सुविधा दे रहे है और सबसे सस्ते रेट पर सर्विसेज दे रहे है।

# सेंसेक्स, निफ्टी अब तक के उच्च स्तर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज, विप्रो के शेयर चढ़े

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू शेयर बाजारों** में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी बनी रही और बीएसई सेंसेक्स 62,293.64 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, विप्रो और मारुति जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में जोरदार लिवाली से बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 20.96 अंक यानी 0.03 प्रतिशत बढ़कर 62,293.64 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 62,447.73 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 28.65 अंक यानी 0.15 प्रतिशत चढ़कर 18,512.75 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में पिछले चार दिन से जारी तेजी से निफ्टी में 2.29 प्रतिशत यानी 352 अंक तथा सेंसेक्स में ।,140 अंक यानी लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे अधिक 1.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विप्रो, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, मारुति, टाटा स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी तरफ नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के तकनीकी अनुसंधान उप उपाध्यक्ष अमोल अठावले ने कहा, सुस्त कारोबारी सत्र में बाजार लगभग सपाट बंद हुए। निवेशक अमेरिकी बाजारों से संकेतों की कमी के कारण बाजार से दूरी बनाए रखी। अमेरिकी शेयर बाजार बृहस्पतिवार को अवकाश के कारण बंद थे। उन्होंने कहा, एशिया के ज्यादातर शेयर बाजार गिरावट में बंद हुए जबकि स्थानीय बाजार बढ़त बनाय रखने में कामयाब रहे। वहीं, बीएसई मिडकैप 0.77 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में बंद हुआ। यूरोप के बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई जबकि अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट अवकाश के कारण बृहस्पतिवार को बंद रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.21 प्रतिशत की बढ़त लेकर 86.37 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को ।,231.98 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

# सेबी म्यूचुअल फंड की खरीद-बिक्री को भेदिया कारोबार नियम के दायरे में लाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूंजी बाजार** नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड यूनिट की खरीद-बिक्री को भेदिया कारोबार संबंधी नियमों के दायरे में लाने के लिए नियमों में बदलाव किया है। इस समय भेदिया कारोबार संबंधी नियम सूचीबद्ध कंपनियों की प्रतिभूतियों के मामले में लागू होते हैं। इसके अलावा सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित कंपनियों पर भी ए नियम लागू होते हैं। अभी तक म्युचुअल फंड इकाइयों को प्रतिभूतियों की परिभाषा से बाहर रखा गया था।

सेबी का ताजा फैसला फ्रैंकलिन टेम्पलटन प्रकरण के बाद आया है, जिसमें फंड हाउस के कुछ अधिकारियों पर यह आरोप है कि उन्होंने छह ऋण योजनाओं पर रोक लगाए जाने से पहले उन योजनाओं में अपनी हिस्सेदारी को भुनाया था। सेबी ने बृहस्पतिवार को जारी एक अधिसूचना में कहा, कोई भी अंदरूनी सूत्र किसी अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी से परिचित होने की स्थिति में म्यूचुअल फंड की ऐसी किसी योजना की इकाइयों में लेनदेन नहीं करेगा, जिसके शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य पर उस जानकारी के कारण प्रभाव पड़ सकता है।

नए नियमों के तहत परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) को अपनी म्यूचुअल फंड योजनाओं की इकाइयों में एएमसी, ट्रस्टियों और उनके करीबी रिश्तेदारों की हिस्सेदारी का खुलासा करना होगा। इसके अलावा एएमसी का अनुपालन अधिकारी समापन अवधि निर्धारित करेगा, जिस दौरान नामित व्यक्ति म्यूचुअल फंड की इकाइयों में लेनदेन नहीं कर सकता है। इसे प्रभावी बनाने के लिए सेबी ने भेदिया कारोबार के नियमों में संशोधन किया है, जो 24 नवंबर से प्रभावी है।

## लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ कर ढांचे को युक्तिसंगत बनाने पर विचार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर ढांचे को युक्तिसंगत बनाने पर विचार कर रहा है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि इसके लिए समान परिसंपत्ति वर्गों के बीच समानता लाने और सूचकांक लाभ की गणना के लिए आधार वर्ष में संशोधन करने की तैयारी है। इस समय एक वर्ष से अधिक समय के लिए रखे गए शेयरों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर 10 प्रतिशत कर लगता है। अचल संपत्ति और दो साल से अधिक समय के लिए रखे गए असूचीबद्ध शेयरों और तीन साल से अधिक के लिए रखे गए ऋण उपकरणों और आभूषणों की बिक्री पर 20 प्रतिशत दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर लगता है। राजस्व विभाग अब लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ की गणना के लिए कर दरों के साथ ही इन्हें रखे जाने की अवधि को युक्तिसंगत बनाने पर विचार कर रहा है। इसकी घोषणा एक फरवरी को संसद में पेश किए जाने वाले आम बजट 2023-24 में होने की संभावना है। अधिकारी ने कहा कि मुद्रास्फीति समायोजित पूंजीगत लाभ की गणना के लिए आधार वर्ष में बदलाव पर भी विचार किया जा रहा है। पूंजीगत लाभ कर की गणना के लिए सूचकांक वर्ष को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए समय-समय पर संशोधित किया जाता है। पिछला संशोधन 2017 में हुआ था, जब आधार वर्ष 2001 को बनाया गया था। अधिकारी ने कहा, सरकार की कोशिश है कि पूंजीगत लाभ कर ढांचे को सरल और करदाता के अनुकूल बनाया जाए और अनुपालन बोझ कम हो। कर दरों में समानता लाने की भी गुंजाइश है।

## कबाड़ में बदले जाएंगे 15 साल पुराने सरकारी वाहन: गडकरी

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार के 15 साल से अधिक पुराने सभी वाहनो को कबाड़ में बदला जाएगा और इससे संबंधित नीति राज्यों को भेजी गई है। गडकरी ने यहां वार्षिक कृषि प्रदर्शनी एग्रो-विजन के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। मैने कल प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में एक फाइल पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत भारत सरकार के सभी 15 साल से अधिक पुराने वाहनो को कबाड़ में बदल दिया जाएगा। मैंने भारत सरकार की इस नीति को सभी राज्यों को भेज दिया है। उन्हे भी राज्यो के स्तर पर इसे अपनाना चाहिए। गडकरी ने कहा कि पानीपत में इंडियन ऑयल के दो संयंत्र लगभग शुरू हो गए है, जिनमे से एक प्रतिदिन एक लाख लीटर एथनॉल का उत्पादन करेगा, जबकि दूसरा संयंत्र चावल के भूसे का उपयोग करके प्रतिदिन 150 टन बायो-बिटुमेन का निर्माण करेगा। इन संयंत्रो से पराली जलाने की समस्या में कमी आएगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि थे।

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी श्री बसंत कुमार, ने गांव नसरपुर, कॉलोनी गली नं. 03 के नाम से जाना जाता है, महावीर एन्क्लेव नई दिल्ली में स्थित बिना छत अधिकार के ऊपरी भूतल, प्लॉट नं. आरजेड-एफ-2/227ए पर निर्मित, खसरा नं. 458, नोटराइज्ड जनरल पावर अटॉर्नी दिनांक 05.01.2001 के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूनम अग्रवाल और श्री पंकज कुमार, फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ, उपरोक्त संपत्ति के पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी श्री बसंत कुमार से खरीद रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

**सार्वजनिक सूचना**
एतद्द्वारा सूचित करना है कि टाईप-6 फ्लैट संख्या एच-84 सेकेण्ड फ्लोर ब्लाक-एच, जलवायु विहार, सैक्टर-25, नौएडा, जिसका मूल आवंटी कैप्टन प्रदीप पाल पुत्र श्री प्रिया पाल गुप्ता निवासी फ्लैट संख्या 84, सेकेण्ड फ्लोर, ब्लाक-एच, जलवायु विहार, सैक्टर-25, नौएडा ने मुख्तारनामा आम के आधार पर डा0 अम्बिका प्रसाद दाश पुत्र स्व0 श्री लोकनाथ दाश निवासी पावर मेनेजमेंट इन्सटीट्यूट सैक्टर-16ए नौएडा को बेचा गया था मुख्तारनामा आम दिनांक 12.02.2004 को निष्पादित किया गया जो कि पंजीकृत है तथा एक विक्रय संविदा भी निष्पादित किया था जो कि पंजीकृत नहीं था। अतः इस सूचना के माध्यम से सभी व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि टाईप-6 फ्लैट संख्या एच-84, सेकेण्ड फ्लोर ब्लाक-एच, जलवायु विहार, सैक्टर-25, नौएडा, मुख्तारनामा आम के आधार पर श्रीमती दीप्ति दाश पत्नी डा0 अम्बिका प्रसाद दाश निवासी पावर मेनेजमेंट इन्सटीट्यूट, सैक्टर-16ए, नौएडा को विक्रय के लिए हस्तान्तरण आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण में ग्रुप हाउसिंग विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर दाखिल कर सकते है।
डा0 अम्बिका प्रसाद दाश

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

मैं नरेश मदान पुत्र श्री सुभाष चंद मदान,निवासी बी-13, अशोक नगर, गाजियाबाद ये घोषणा करता हूँ कि मैंने अपने पुत्र का नाम विवान मदान से बदलकर अनय मदान रख लिया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए।
PD(90205)C

I, Nikki D/O Anil Kumar Das R/O A-85, Laxmi Park, Nangloi, West Delhi-110041 Have Changed My Name From Nikki Kumari To Nikki For All Future Purposes.
PD(90206)A

# कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी संबंधी रिपोर्ट सौंपेगा जीओएम

**भाषा।** नई दिल्ली

**राज्यों** के वित्त मंत्रियों के समूह (जीओएम) अगले हफ्ते जीएसटी परिषद को कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर जीएसटी शुल्क लगाने से जुड़ी अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जीओएम के प्रमुख और मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने शुक्रवार को यह बात कही।

जीओएम ने इस सप्ताह की शुरुआत में इस मुद्दे पर अपनी अंतिम बैठक की। समझा जाता है कि ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने की सिफारिश की गई है और समिति की सिफारिशें सभी ऑनलाइन गेम के लिए होंगी, फिर चाहें उनमें कौशल का इस्तेमाल होता हो या सिर्फ संयोग के आधार पर जीत-हार होती हो।

यह पूछे जाने पर कि जीओएम परिषद को रिपोर्ट कब भेजेगी, संगमा ने कहा, हम अगले सप्ताह रिपोर्ट सौंपेंगे। इससे पहले सूत्रों ने बताया था कि जिस राशि पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाया जाएगा, उसकी गणना के लिए समिति एक संशोधित सूत्र का सुझाव दे सकती है।

फिलहाल ऑनलाइन गेमिंग पर 18 फीसदी जीएसटी लगता है। यह कर सकल आय पर लगाया जाता है, जो ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल द्वारा लिया जाने वाला शुल्क है। संगमा की अध्यक्षता में मंत्रियों के समूह ने इससे पहले जून में परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। हालांकि, परिषद ने जीओएम से अपनी रिपोर्ट पर दोबारा विचार करने को कहा था। इसके बाद जीओएम ने अटॉर्नी जनरल से सुझाव लिए और ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के हितधारकों से भी बात की।

# एनपीएस के तहत जमा राज्य कर्मचारियों के 17,240 करोड़ रुपए वापस करे सरकार: बघेल

**भाषा।** नई दिल्ली

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से नई पेंशन योजना (एनपीएस) के दायरे में आने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों के 17,000 करोड़ रुपए से अधिक राशि वापस करने का अनुरोध किया। बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया है। उन्होंने कहा कि नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) में 31 मार्च तक जमा 17,240 करोड़ रुपए लौटाए जाएं ताकि इसे कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि में डाला जा सके।

छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने राज्य के जीएसटी मुआवजे और कोयला ब्लॉक कंपनियों से अतिरिक्त शुल्क के रूप में एकत्र की गई राशि को स्थानांतरित करने की भी मांग की है। बघेल ने मानेकशॉ सेंटर में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई बजट पूर्व बैठक में ए मांगें रखीं। इस दौरान कई राज्यों के वित्त मंत्रियों ने 2023-24 के आम बजट को लेकर अपने प्रस्ताव और सुझाव भी दिए।

बघेल ने सीतारमण से यह भी कहा कि राज्य सरकार की हिस्सेदारी अलग पेंशन कोष में जमा की जाएगी। इस राशि का उपयोग भविष्य में पेंशन बाध्यताओं को पूरा करने में किया जाएगा। इसके साथ, राज्य ने भारत सरकार और राज्य की प्रतिभूतियों में निवेश किया है। उल्लेखनीय है कि सीतारमण ने हिमाचल प्रदेश चुनाव के दौरान संवाददाताओं से कहा था कि एनपीएस में जमा पैसा इसमें योगदान करने वाले व्यक्तियों का है और कानून के तहत राज्य सरकारें इसे नहीं ले सकतीं। सीतारमण ने पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने से जुड़े सवालों के जवाब में कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ सरकारें केंद्र से पैसा लौटाने के लिए कह रही हैं, कानून के तहत ऐसा नहीं हो सकता। बैठक के दौरान बघेल ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ ने जीएसटी क्षतिपूर्ति व्यवस्था को जून 2022 के बाद अगले पांच साल तक जारी रखने का अनुरोध किया था। लेकिन इसे बढ़ाया नहीं गया। उन्होंने जीएसटी मुआवजे के रूप में ।,875 करोड़ रुपए की राशि की मांग की। बघेल ने राज्य को 4,140 करोड़ रुपए की कोयला रॉयल्टी राशि जल्द से जल्द हस्तांतरित करने का भी अनुरोध किया।

In the Court of Addl. Principal Judge, Addl. Family Court 02, East Singhbhum at Jamshedpur.
**Matrimonial Suit No:-12/2022**
Chintu Kumar Poddar
.........Petitioner.
---Versus---
Smt. Kajal
.........Respondent.
To,
Smt. Kajal, D/O Sri Mahesh Gupta,
Residing at F-268, Sahyog Vihar,
Uttam Nagar, Delhi.
Whereas the applicant/petitioner Chintu Kumar Poddar, has filed the case in this Court U/S 13 (1), (1a) of Hindu Marriage Act 1955, and notice has been issued by the registered post but you have failed to appear before this Court.
You are directed to appear before this Court physically on dated 06/12/2022 at 10:30 AM, to answer the same failing which the case shall be heard Ex Part in your absence in according to law.
Give under my hand and seal of this Court 17th day Nov. of 2022.
Seal Sri G.K. Tiwary
Addl. Principal Judge,
Addl. Family Court 02
East Singhbhum, Jamshedpur

# फिरोजाबाद के कांच उद्योग को वैश्विक पहचान मिली है: योगी

भाषा। फिरोजाबाद

● मुख्यमंत्री ने किया 269 करोड़ रुपए की 248 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि फिरोजाबाद के कांच उद्योग के अन्तर्गत ग्लास, कांच की चूड़ियों व कलाकृतियों को वैश्विक पहचान मिली है। अकेले फिरोजाबाद ग्लास उद्योग से 1000 करोड़ रुपए सालाना का निर्यात कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें डिजाइनिंग के साथ पैकेजिंग इंस्टीट्यूट पर भी काम करना होगा। इससे जुड़ते ही यहां से पांच हजार करोड़ रुपए का निर्यात होने लगेगा। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद के ग्लास उद्योग के आगे दुनिया का उद्योग नहीं ठहरता। उन्होंने कहा कि जब भी किसी विदेशी अतिथि को उपहार देने की बात होती है तो वह यहां से चीजें मंगाकर भेंट करते हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सुहागनगरी फिरोजाबाद में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया और 269 करोड़ रुपए की 248 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। आदित्यनाथ ने कहा कि फिरोजाबाद नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि यहां के पूर्वजों ने ग्लास उद्योग में पहले भी पहचान बनाई थी, लेकिन समय के साथ यहां की पहचान मिटती गई। उन्होंने कहा कि आलू व ग्लास उद्योग को लोगों ने भुला दिया था पर यह उद्योग फिर नई पहचान बना रहा है। इसके निर्यात को बढ़ाने के लिए उप्र सरकार भरपूर सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि हमें भी खुले दिमाग से ग्लास उद्योग को सबसे अच्छे केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरागत पहचान को डबल इंजन की सरकार बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र में अपराधी पलायन कर गए हैं, लेकिन फिर भी कोई अपराधी फिरोजाबाद में व्यापारियों या बहन-बेटियों से दुर्व्यवहार करता है तो उसकी हर गतिविधि कैमरे में कैद होगी और वह अगले चौराहे तक ढेर हो चुका होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं में सभी को समान अधिकार के साथ उचित स्थान दिया जा रहा है, न तो केंद्र सरकार और न ही प्रदेश सरकार योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में पांचवी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरा है और इसने देश पर शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है।

## उपचुनावों में प्रचंड बहुमत से जीतेगी भाजपा: ब्रजेश पाठक

**आगरा (भाषा)।** आगरा आए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश में एक लोकसभा और दो विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होने जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सभी उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से विजई होगी। उन्होंने कहा कि जनता में मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजना को लेकर काफी उत्साह है और ए योजनाएं ही भाजपा को उपचुनावों में विजई दिलाएंगी। फतेहपुरसीकरी के सांसद राजकुमार चाहर के बेटे की शादी कार्यक्रम में आशीर्वाद देने आगरा आए उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में चल रही कानून व्यवस्था की जनता प्रशंसा कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता के उत्साह से लग रहा है कि तीनों उपचुनावों में भाजपा जीतेगी। उन्होंने कहा कि निकाय चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं की टोली बनाई गई है जो जनता के बीच में जाकर काम कर रही है और खासकर आगरा नगर निगम में तीन इंजन वाली सरकार है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण

# दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें पेश कीं

भाषा। मथुरा

**मथुरा** में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले में एक स्थानीय अदालत ने दो अलग-अलग याचिकाओं की सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई के लिए क्रमशः पांच दिसंबर और 22 दिसंबर की तारीख तय की है। मथुरा में सिविल न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत में चल रहे श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण के एक वाद में बृहस्पतिवार को मनीष यादव बनाम उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड आदि की सुनवाई में वाद की पोषणीयता विषय पर दोनों पक्षों में जमकर बहस हुई, जिसके बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच दिसंबर की तारीख तय की है। इसी प्रकरण में अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश पदाधिकारी दुष्यंत सारस्वत द्वारा पिछले दिनों दायर किए गए मामले में अदालत ने अन्य सभी पक्षों को नोटिस दिए जाने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 22 दिसंबर के लिए नियत की है। गौरतलब है कि नारायणी सेना के अध्यक्ष लखनऊ निवासी मनीष यादव ने दावा पेश कर श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में बनी ईदगाह को अवैध निर्माण बताते हुए उसे मंदिर की 13.37 एकड़ जमीन के दायरे से विस्थापित कर उक्त सम्पूर्ण भूमि उसके मालिक को लौटाने की याचिका दायर की है। उनका तर्क है कि जन्मस्थान के पदाधिकारी एवं शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी के मध्य 1967-68 में हुआ कथित समझौता पूरी तरह से अवैध है, इसलिए उसे निष्क्रिय घोषित कर ईदगाह को वहां से हटाया जाना चाहिए। इस पर ईदगाह कमेटी शुरू से ही विरोध दर्ज कराते हुए मामले की पोषणीयता का सवाल उठा रही है। कमेटी के सचिव एवं अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बृहस्पतिवार को भी सुनवाई के दौरान आपत्ति दर्ज कराई और कहा कि यह मामला सुनवाई योग्य ही नहीं है, क्योंकि मनीष यादव न तो मंदिर के कोई पदाधिकारी हैं और न ही उनके मंदिर से कोई संबंध हैं। वह मामले में पीड़ित पक्ष भी नहीं हैं। वादी पक्ष के अधिवक्ता सुरजीत यादव ने विरोध किया कि वादी भगवान कृष्ण का भक्त है एवं उनका वंशज होने के नाते उनकी ओर से आपत्ति दर्ज कराने के लिए पूर्णतः योग्य है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि अयोध्या स्थित राम मंदिर के मामले में जिस प्रकार उनके भक्तजनों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी, उसी प्रकार यहां भी मनीष यादव ऐसा कर सकते हैं। अदालत ने इस मामले में अब अगली सुनवाई पांच दिसंबर को तय की है। वहीं, दुष्यंत सारस्वत के वाद में पक्ष-विपक्ष के लोगों को चार सप्ताह का नोटिस देकर 22 दिसंबर को सुनवाई की तारीख तय की है।

## क्विक न्यूज

### प्रधानाध्यापक सहित तीन महिला सहकर्मियों पर दर्ज हुआ छेड़खानी का मुकदमा

**मौदहा हमीरपुर।** प्रधानाध्यापक सहित तीन अन्य महिला सहकर्मियों के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया और मामले की पड़ताल शुरू करने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है मामला कोतवाली मौदहा अंतर्गत एक गांव का है। पीड़िता ने कोतवाली मौदहा में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीते लगभग 4 माह पहले स्कूल के प्रधानाध्यापक फिरोज उद्दीन पुत्र सलाहुद्दीन द्वारा कमरा बंद कर छेड़खानी करते हुए बलात्कार करने का प्रयास किया गया था। जिसे महिला सहकर्मियों का भी समर्थन प्राप्त हुआ था। घटना के बाद से ही लगातार शिकायती पत्र देने के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिसके बाद पीडिताः ने पुलिस उपमहानिरीक्षक बांदा से न्याय की गुहार लगाई व उनके आदेश पर आज कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर प्रधानाध्यापक सहित तीन महिला सहकर्मियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### खण्ड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में संकुल बैठक सम्पन्न

**मुसाफिरखाना अमेठी।** स्थानीय विकास खण्ड के पूरे लोहारन में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम ललित वर्मा की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया। सुबह सबेरे लेकर तेरा नाम प्रभु प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसका संचालन उमेश विश्वकर्मा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर के सहायक अध्यापक हरि प्रसाद यादव तथा विशेष उपस्थित एआरपी अर्चना मौर्य राज कुमार यादव तथा मुख्य वक्ता के रूप में अमित यादव उमेश और विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में सम्पूर्ण विद्यालय को निपुण बनानेएनिर्धारित समय अवधि के अनुसार लक्ष्य प्राप्त करनेएशैक्षिक वातावरण का माहौल पैदा करनेएनिर्धारित नीतियों नियमो का ससमय पालन करनेएपाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य करने विद्यालयों में स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के अंत मे प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार द्वारा सभी उपस्थित अध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से राजेन्द्र कुमार यादवए एसालिक राम मौर्यएशरद कान्तए वृजेश यादव विवेक कक्कड़ भुनेश यादव नीलम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अधिवक्ता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**हमीरपुर।** हमीरपुर शहर निवासी एक अधिवक्ता ने आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक पुराना यमुना घाट निवासी धर्मेंद्र यादव एडवोकेट(32) आज अज्ञात कारणों केक चलते सूनसान घर पाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुचकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### ई रिक्शा की टक्कर से छात्रा की मृत्यु

**हमीरपुर।** हमीरपुर कोतवाली क्षेत्र के बदनपुर गांव के पास स्कूल से पैदल वापस जा रही कक्षा छह की छात्रा को ई रिक्शा की टक्कर से मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक देवलाल की पुत्री प्राची शीतलपुर गांव के जूनियर हाई स्कूल में कक्षा छह की छात्रा थी वह अवकाश होने के बाद शीतलपुर से बदनपुर अपने गांव पैदल जा रही थी तभी पीछे से आ रहे ई रिक्शा ने टक्कर मार दी जिससे मौक पर ही छात्रा की मृत्यु हो गयी। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुच कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने ई रिक्शा चाल को गिरफ्तार कर लिया है।

### फर्जी बैनामा करा कब्जे का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर।** फर्जी बैनामा कराकर भूमि पर कब्जे के प्रयास में दलित महिला को जान से मारने की धमकी और अभद्रता के मामले में कोर्ट के आदेश पर होटल संचालक समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के हरिहरगंज मोहल्ला निवासी जगतपाल पासवान कांग्रेसी नेता हैं। उनकी पत्नी सुमित्रा देवी ने बताया कि राधानगर थाने के मलाका गांव में उसकी जमीन है। जिसका कुछ लोगों ने फर्जी बैनामा कराया है। होटल संचालक राधारमण द्विवेदी, विजेंद्र द्विवेदी लाइसेंसी हथियार लेकर अपने सहयोगी दक्षिणी गौतम नगर निवासी नागेंद्र सिंह, राधानगर निवासी नरेंद्र गुप्ता, राधेश्याम मलाका गांव निवासी कमलेश के साथ पहुंचे। सुमित्रा देवी अपनी बहू उमा के साथ खेत की रखवाली कर रही थी। तभी उक्त लोगों ने जमीन पर कब्जे का प्रयास किया। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबा सुन लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना स्थानीय थाने में दी गई लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। इसपर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### वृद्ध सहित दो की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत वृद्ध सहित दो लोगों की टेऊन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के सनगांव निवासी स्व0 रामस्वरूप का 65 वर्षीय पुत्र सतीश अपने खेत जा रहा था। तभी रेलवे लाइन पार करते समय टेऊन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इसी तरह सदर कोतवाली क्षेत्र के जयराम का पुरवा निवासी संतलाल लोधी का 20 वर्षीय पुत्र रवी गुरूवार की देर शाम अपने खेतों की ओर जा रहा था तभी हरिहरगंज से मात्र दो सौ मीटर दूरी पर रेलवे लाइन पार करते समय टेऊन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।

### संदिग्ध अवस्था में विवाहिता ने लगाई फांसी, हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोडइयनपुर गांव निवासी दिलीप की पत्नी रेशमा देवी ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका का पिता कालीदीन निवासी बरीपाल थाना सजेती कानपुर नगर ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी चार वर्ष पूर्व किया था। कुछ दिन तो सब कुछ ठीक रहा लेकिन बाद में दामाद व उसके परिवार वाले उसकी पुत्री को दहेज को लेकर आए दिन प्रताडित करते थे। मांग पूरी न होते देख ससुरालीजनों ने उसकी पुत्री की हत्या करने के बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी पर लटका दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सच्चाई का पता चल सकेगा।

### जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र राजेपुर प्रथम हमीरपुर सोमवंशी का औचक किया, निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने धान क्रय केन्द्र राजेपुर प्रथम, हमीरपुर सोमवंशी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरिता शुक्ला द्वारा बताया कि आज दो किसानों से 49 कुन्टल धान खरीदा गया है। अब तक लक्ष्य 10000 कुन्टल के सापेक्ष 1300 कुन्टल की खरीद की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने ग्रामों स्वयं भ्रमण कर एवं किसानों सें सम्पर्क कर अच्छी मात्रा में धान खरीदने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री आवास के सर्वे से राजापुर विस्तारित क्षेत्र के गरीबों के खिले चेहरे

संवाददाता। राजापुर,चित्रकूट

**जहाँ केन्द्र** सरकार और प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना लागू करके शहरी क्षेत्रों में हर गरीब के झोपड़े को पक्का आवास देने के लिए प्रयासरत है। वहीं राजापुर नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र के चारों गाँवों के लोगों को 1891आवेदकों का सर्वे का कार्य की पात्रता सूची जारी कर डूडा विभाग एवं नगर पंचायत कर्मचारियों की संयुक्त टीमों के सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है। डूडा विभाग के अवर अभियंता नन्द किशोर व सारांश ने बताया कि बिगत माह नगर पंचायत के प्राँगण में प्रधानमंत्री आवास के लिए विशाल कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमें नगर पंचायत के विस्तारित गाँव पराकों, खटवारा, चिल्लीराकस तथा मझगवाँ के लोगों ने 1891 आवेदन दिए थे। जिनका सर्वे किया जा रहा है। जिसमें दो टीमें बनाईं गई हैं। प्रथम टीम के इंचार्ज अवर अभियंता डूडा नन्दकिशोर और नगर पंचायत के कर्मचारी राहुल चौरसिया व राजस्व विभाग के लेखपाल रामखेलावन यादव तथा दूसरी टीम में अवर अभियंता डूडा सारांश व नगर पंचायत कर्मचारी विपिन मोदनवाल, लेखपाल अवधेश द्विवेदी व संग्रह अमीन की टीमों के द्वारा खटवारा में प्राप्त आवेदन 550, चिल्लीराकस 394, मझगवाँ व पराकों में 1150 का सर्वे किया जा चुका है। टीम ने बताया कि विस्तारित क्षेत्र के चारों गाँव में कुछ आवेदक घरों में नहीं मिल पाए जिनका सर्वे बाद में किया जाएगा। नगर पंचायत विस्तारित क्षेत्र खटवारा के निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत जो सर्वे किया जा रहा था उसमें पूरी तरह से पारदर्शिता अपनाया गया है और कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना में पात्रों को ही लाभ दिया जाए।

# किसानों को चने की निशुल्क मिनी किट बांटी



संवाददाता। घाटमपुर

● वक्ताओं ने पराली प्रबन्धन व अन्य योजनाओं की भी दी जानकारी

**उप संभागीय** कृषि प्रसार अधिकारी घाटमपुर के कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें किसानों को निःशुल्क चने के मिनी किट बांटे गये, इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में पधारे ब्लाक प्रमुख इन्द्रजीत सिंह ने शासन स्तर से किसानों के हित में चलाई जा रही अन्य योजनाओं का लाभ उठाने तथा अधुनिक तरीके से खेती करने पर बल दिया। जबकि कृषि बैज्ञानिक सुनील त्रिपाठी व राजकीय बीज भंण्डर के प्रभारी विवेक सिंह ने फसल अवशेष ( पराली ) प्रबन्धन व सामाजिक फसलों के बारे में बिस्तर से जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि बिाग के प्रा0 सहायक अर्पित शुक्ला, कृषि बिभाग के हरिशचंद्र सचान, पुष्पेंन्द्र सिंह, राकेश सिंह, अशोक कुमार, योगेंन्द्र कुमार व सचिन कुमार आदि ने भी किसानों को संवोधित किया।

## माफिया अतीक की 6.60 करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क

**प्रयागराज।** पूर्व सांसद और कथित माफिया अतीक अहमद की अपराध जगत से अर्जित संपत्ति के खिलाफ कार्वाई के तहत शुक्रवार को कसारी मसारी में 0.1320 हेक्टेयर भूमि जिला प्रशासन ने कुर्क की जिसकी अनुमानित कीमत करीब छह करोड़ 60 लाख रुपए है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संतोष कुमार मीणा ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के 21 नवंबर के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को माफिया और आईएस-227 गिरोह के सरगना अतीक अहमद की छह करोड़ 60 लाख रुपए मूल्य की अचल संपत्ति कुर्क की गई। उन्होंने बताया कि अतीक अहमद द्वारा अपराध जगत से अर्जित संपत्ति के खिलाफ कार्वाई जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को कसारी मसारी में अतीक की 0.1320 हेक्टेयर जमीन कुर्क की गई। अतीक की अन्य संपत्तियों का भी पता लगाया जा रहा है। इससे पूर्व, बुधवार को अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के तहत अतीक अहमद की अपराध जगत से अर्जित धन से उसके दिवंगत पिता हाजी फिरोज और चाचा उस्मान अहमद के नाम पर खरीदी गई।

# शीघ्र दूर होगी किसानों के भुगतान की समस्या: यूनिट हेड

● बजाज कुन्दुरखी चीनी मिल में पेराई सत्र का हुआ शुभारम्भ

● अफसरों ने डोंगे में गन्ना डालकर किया शुभारम्भ

संवाददाता। गोंडा



**बजाज** हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुन्दुरखी में मुख्य अतिथि जिला गन्ना अधिकारी ओ0पी0 सिंह की मौजूदगी में पेराई सत्र 2022-23 का शुभारम्भ शुक्रवार, 25 नवम्बर 2022 को विधि-विधानपूर्वक व हर्षोल्लास से किया गया। इस दौरान इकाई प्रमुख मनोज कुमार सिंह, महाप्रबन्धक गन्ना एन0के0 दूबे एवं जोनल एच0आर0 हेड एन0के0 शुक्ला ने चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नारियल फेड़कर, कांटें पर बैलगाडी व टैऊक्टर ट्रॉली की पूजा करने के उपरान्त डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारम्भ कराया। इकाई प्रमुख ने उपस्थित गन्ना किसानों से कहा कि बजाज चीनी मिल किसानहितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान शीघ्र ही कराया जायेगा। कारखाना प्रबंधक व जोनल एच0आर0 हेड एन0के0 शुक्ला ने आये हुए समस्त अतिथियों व किसानों का आभार प्रकट करते हुए कृषकों से अपील किया कि यह मिल आपकी है। अतः मिल संचालन में आप सभी का सहयोग आवश्यक है। यह भी कहा कि चीनी मिल प्रबन्धन किसानों के सुख दुःख में सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि पेराई के दौरान कृषकों को गन्ना बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या आने नहीं दी जायेगी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पयागपुर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, इण्डियन बैंक के सहायक महाप्रबन्धक हेमन्त मिश्रा, सीनियर सी0डी0आई0 इन्द्रमणि पाण्डेय, गन्ना समिति मनकापुर के चेयरमैन फौजदार शुक्ला, प्रतिष्ठित व्यवसायी कमल शाह, प्रधान पप्पू तिवारी, प्रधान कोदई सिंह, प्रधान नत्थेराम तिवारी, पूर्व प्रधान सदानन्द मिश्रा, राम कुमार सिंह, चीनी मिल महाप्रबन्धक (यांत्रिकी) पी.के. पाण्डेय, महाप्रबन्धक (उत्पादन) राजेश गोयल, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक (आई.टी.), यू.के. पाण्डेय, उप महाप्रबन्धक (वित्त व लेखा) एस.एन. शुक्ला, वरि0 प्रबन्धक (वित्त व लेखा) विनोद सिंह, सहायक महाप्रबन्धक (क्यू0सी0) ओ0पी0 गुप्ता, सहायक महाप्रबन्धक (विधि) सुशील शुक्ला, उप प्रबन्धक (विधि) फूलचन्द शुक्ला, वरि0 प्रशासनिक अधिकारी श्रवण पाण्डेय, मेडिकल आफीसर डा0 आर0के0 मौर्य सहित चीनी मिल परिक्षेत्र के सैकड़ों कृषकगण मौजूद रहे।

# शराब ने ली एक नवयुवक की जान, परिजनों में मचा कोहराम

**राजापुर,चित्रकूट।** राजापुर थानान्तर्गत चौकी गनींवा क्षेत्र के मोहरवां पुल के पास शराब के नशे में धुत्त एक युवक अपने ममेरे भाई से मिलने अपनी बाइक से आया था। बाइक अनियंत्रित हो जाने के कारण गड्ढे में जा गिरा जिसके कारण गंभीर चोटें आईं।मौजूद ग्रामीणों ने एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार कराते हुए परिजनों को सूचना दी। जिसे परिजनों ने प्रथम उपचार कराकर अपने घर ले गए और सुबह करीब 4बजे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक राजापुर थानान्तर्गत चौकी गनींवा क्षेत्र के मोहरवां पुल के पास शराब के नशे में धुत्त बबली (35वर्ष) निवासी अनीपुर की बाइक अनियत्रित होकर गढढे में गिर गई थी।जिसे इलाज के लिए राजापुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद परिजन उसे घर ले गये थे।सुबह तडके करीब चार बजे बेहोशी हालत को उसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर ले गये।जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित करते ही परिजनों में कोहराम मच गया और आनन फानन में थाना राजापुर को सूचना दी। मौके पर प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर शव विच्छेदन के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं घटनास्थल में मौजूद मृतक का ममेरा भाई जयरकन पुत्र गुलगुच्चू निवासी कमासिन ने बताया कि घटना होने के पहले बताया कि मैं अपनी बहन के ससुराल अशोह (पहाड़ी) अपनी बाइक से जा रहा था कि मोहरवाँ पुल के पास पहले से इंतजार में बैठा मृतक करन पहले से शराब की बोतल अपने पास रखे था। वहीं हम दोनों लोगों ने जमकर शराब पीकर अपनी अपनी बाइक से अशोह (पहाड़ी) के लिए जा ही रहे थे कि शराब के नशे में करन की बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। जिससे सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गई है।

# पैसों को न देखें, ईमानदारी से कर्तव्य निष्ठा से कार्य करें तभी सफल होंगे: भानु

संवाददाता। कालपी (जालौन)




**गुरुवार को** बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कस्बा कालपी में स्थित आईटीआई कॉलेज में 213.40 लाख से तैयार आईटी लैब, स्मार्ट क्लास का शुभारंभ भारत सरकार में राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसी को कम-ज्यादा पैसे की बात नहीं करनी चाहिए जो शुरुआत में कम पाता है वही बाद में ज्यादा का हकदार होता है उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि जब मैं पहली बार विधायक बना तो मुझे डेढ़ हजार रुपए तनख्वाह मिलती थी और सारे खर्च मिलाकर 5 हजार और जब मैं सांसद पहली बार बना तब भी मुझे 5 हजार ही मिलते थे। परंतु मैंने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य किया मुझे जनता ने आशीर्वाद दिया आज मैं पांचवी बार सांसद बनकर मंत्री के रूप में जनता की सेवा कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि आईटीआई कॉलेजों में बेहतर करने के लिए मैं उद्यमिता विकास विभाग में बात कर वहां के अधिकारियों का यहां विजिट करवाऊंगा ताकि यहां के बच्चों का कुछ ज्यादा भला हो सके भारत सरकार ने जो कौशल विकास मिशन की शुरुआत की उसका मकसद ही कक्षा 10 व 12 पास बच्चों को रोजगार उपलब्ध कराना ही तभी देश के प्रधानमंत्री का आत्म निर्भर भारत बनाने का संकल्प पूरा होगा जब हम लोग पढ़ा करते थे तो स्मार्टफोन भी नहीं हुआ करते थे। आजकल के बच्चों के पास तो सरकार ने मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप, टेबलेट सभी की व्यवस्था करा रखी है। इसके पूर्व कालपी क्षेत्र के पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान ने कहा कि उरई के बच्चों को एनसीसी आसानी से मिल जाती है यहां भी कुछ ऐसी व्यवस्था हो जाए जिससे यहां के बच्चों को भी एनसीसी के लिए भटकना न पड़े। इसके पूर्व मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि यहां के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आईटीआई करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता होगा। क्योंकि अब धीमे धीमे एक-एक करके जो चीजें बाहर मिलती थी सरकार अब क्षेत्र में ही उपलब्ध कराती जा रही है। उन्होंने बहुत ही सारगर्भित बात कही कि किसी को भी पढ़ाई केवल क्लासरूम तक नहीं स्किल डेवलपमेंट के जरिए अपना हुनर बाहर भी दिखाए स्वावलंबी बने और अपने पैरों खड़े होकर लोगों की मदद करें केवल डिग्री मात्र से काम चलने वाला नहीं है। डिग्री तो लाखों लोगों को मिलती है परंतु रोजगार सभी को नहीं मिल पाता। मंचासीन वक्ताओं में सर्वप्रथम शुरुआत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस अभिषेक कुमार ने बहुत ही कम शब्दों में गागर में सागर भरते हुए कहा कि मैं 2020 के बैच का आईएएस ऑफिसर हूं छोटे-छोटे अचीवमेंट के बाद ही व्यक्ति शिखर पर पहुंच पाता है। हमें छोटे-बड़े के बीच नहीं पडना है जिसे पहले जो मिल जाए वही जॉब करनी शुरू कर देनी चाहिए। क्योंकि जब हम अपने पैरों खड़े हो जाएंगे तो आगे बढ़ने के लिए स्वतंत्र हो जाते हैं। कोई भी कार्य छोटा बड़ा नहीं होता। फाइनेंशियल इंडिपेंडेंट होकर हम आगे बढ़ सकते हैं छात्राएं भी पार्लर हो या सिलाई इत्यादि क्षेत्र में अपना कौशल दिखाएं यह ऐसे कार्य हैं कि जीवन भर काम आते हैं अपने पैरों खड़े होने के बाद आप मनचाही लाइन पकड़ सकते हैं। आगे बढ़ने के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. नूपुर कश्यप, मीरा यादव, राघवेंद्र प्रताप, संतोष भारती, भोला प्रसाद ,जीतेंद्र कुमार,मोहम्मद शफीक,रंजीत कुमार इत्यादि ने मंचासीन अतिथियों में केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, युवा आईएएस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार अवध बबा, नदीगाँव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डिंपल, रमेश तिवारी आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया जबकि संचालन ब्रजेश कुमार ने किया।

### जब मंत्री जी बोल उठे कि यह भी बताओ कैसे होता है आवेदन?

कालपी। हुआ यह कि आईटीआई कॉलेज कालपी में स्मार्ट क्लास में मंत्री जी एवं उनके साथ आए हुए लोगों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया जा रहा था परंतु उसमें केवल बताने वाला अध्यापक महिमा मंडन ही किए जा रहा था उसने न तो यह बताया कि एडमिशन कैसे मिलता है कौन सी ट्रेड से क्या बन सकते हैं कितने बच्चों को प्लेसमेंट मिला जब इन बिंदुओं को नजरअंदाज किया गया तो मंत्री जी को आखिर बीच में बोलना ही पड़ा तब कहीं जाकर प्रधानाचार्य जिन्होंने अपनी वाक पटुता से कुशलता का परिचय देते हुए बताया कि हर माह की 21 तारीख को रोजगार मेला लगता है हर माह की 30 तारीख को अपरेंटिस मेला लगता है।

## न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में वार्षिक क्रीडा-प्रतियोगिताओं का विधिवत भव्य तरीके से उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह जी ने क्रीड़ा-ध्वज चढ़ा और मशाल प्रज्ज्वलित कर बच्चों के खेलों का शुभारम्भ किया। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य जी ने कहा कि पढ़ाई करने के साथ-साथ खेलना भी जरूरी है, क्यांकि खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है। जब शरीर स्वस्थ होता है, तो पढने-लिखने में भी मन लगता है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

आज खेले गये खेलो में कक्षा 1 व 2 से सिम्पल रेस में इरशाद प्रथम तथा कुनाल द्वितीय रहे। चेयर रेस में जतिन कश्यप प्रथम तथा कुनाल द्वितीय रहे। फ्राग रेस में रूद्र सिंह ने प्रथम तथा नैतिक यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रिंग टास में राजवीर सिंह प्रथम तथा उदित नारायन द्वितीय रहे।

# नेमार का टखना चोटिल, ब्राजील की जीत

● रिचर्लिसन के दो गोल, सर्बिया पर 2-0 से जीत

भाषा। दोहा



विश्व कप में सर्बिया पर ब्राजील की 2-0 की जीत के दौरान मैच के आखिरी क्षणों में नेमार के दाहिने टखने में चोट लग गई और टेस्ट के बाद टीम होटल में उनका इलाज चल रहा है। टीम ने उनकी चोट के बारे में तफ्सील से कोई जानकारी नहीं दी।

सर्बिया के खिलाफ मैच के दौरान दूसरे हाफ में उन्हें चोट लगी। उन्हें बेंच पर रोते हुए देखा गया और बाद में वह लॉकर रूम में चले गए। बाद में नेमार ने सोशल मीडिया पर लिखा, कठिन मैच लेकिन जीत महत्वपूर्ण थी। टीम को बधाई। पहला कदम उठा लिया है। छह और बाकी है। उन्होंने बाद में इंस्टाग्राम पर लिखा, विश्वास रखें। विश्वास रखना जरूरी है कि सब ठीक होगा। अभी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बाकी है। ब्राजील के कोच टिटे ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नेमार विश्व कप में खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, नेमार इस विश्व कप में आगे और खेलेगा। मुझे यकीन है। ब्राजील टीम के चिकित्सक रोड्रिगो लैसमर ने कहा कि नेमार के दाहिने टखने में मोच आ गई है।

उन्होंने हालांकि इस बारे में कुछ नहीं बताया कि वह सोमवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ टीम के अगले मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं। नेमार 2014 विश्व कप में भी चोटिल हुए थे। ब्राजील में खेले गए इस विश्व कप में कोलंबिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में पीठ की चोट दर्द के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। इसके बाद ब्राजील को सेमीफाइनल में जर्मनी ने 7-1 से हराया था। सर्बिया के खिलाफ मैच में नौ बार फाउल करने वाले नेमार दूसरे हाफ में चोटिल हो गए और 79वें मिनट में उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को मैदान पर उतारा गया। टिटे ने कहा कि चोटिल होने के बाद भी नेमार 11 मिनट तक मैदान पर डटे रहे।

टिटे ने कहा, वह दर्द के साथ खेलता रहा क्योंकि टीम को उसकी जरूरत थी। मुझे उस समय उसके चोटिल होने का पता भी नहीं चला। लुसैल स्टेडियम में खेल के अंतिम मिनटों में जब चिकित्सकों ने नेमार का इलाज शुरू किया तो उनकी आंखों में आंसू थे। जब डॉक्टरों ने उसके पैर के चारों ओर बर्फ लपेट दी तब उन्होंने अपनी कमीज सिर की ओर खींच ली। वह लंगड़ाते हुए लॉकर रूम गए। वह स्टेडियम से बाहर निकलते समय भी लंगड़ा कर चल रहे थे। इस मैच में ब्राजील के लिए दोनों गोल करने वाले रिचर्लिसन कहा, हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अगले मैच के लिए वह शत प्रतिशत फिट हो। मैं होटल पहुंचकर देखूंगा कि वह कैसा है। तीस साल के नेमार ने ब्राजील को 2013 में कन्फेडरेशन कप का खिताब और 2016 रियो डी जनेरियो खेलों में ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अपना पहला विश्व कप खिताब का इंतजार कर रहे इस दिग्गज के नाम ब्राजील के लिए 75 गोल है जो इस खेल के महानतम खिलाड़ियों में शामिल पेले के रिकॉर्ड से दो कम है।

## चेश्मी और रजाइयां के गोल, ईरान ने वेल्स को 2 0 से हराया

अल रेयान (कतर)। राउजबेह चेश्मी ने स्टॉपेज टाइम के आठवें मिनट में गोल करके ईरान को विश्व कप फुटबॉल में शुक्रवार को वेल्स पर 2-0 से जीत दिलाई। चेश्मी के शॉट को वेल्स के बैकअप गोलकीपर डैनी वार्ड डाइव लगाकर भी नहीं बचा सके। नियमित गोलकीपर वेन हेनेसी को 86वें मिनट में बाहर किए जाने पर डैनी गोलकीपिंग कर रहे थे। रामिन रजाइयां ने कुछ पल बाद ही दूसरा गोल दागा और ईरान के खिलाड़ी जश्न मनाने लगे जबकि वेल्स के खिलाड़ी इस पर भरोसा ही नहीं कर पा रहे थे। हेनेसी को ईरान के स्ट्राइकर मेहदी तारेमी को पैर से खतरनाक तरीके से बॉक्स के बाहर रोकने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया। वेल्स के लिए जेरेथ बेल का यह 110वां मैच था जो राष्ट्रीय टीम के लिए सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। ग्रुप बी में अपने पहले मैच में वेल्स को अमेरिका ने 1-1 से ड्रॉ पर रोका था। ईरान को अपने शुरूआती मैच में इंग्लैंड से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने वेल्स के खिलाफ काफी बेहतर खेल दिखाया। मैच से पहले स्टेडियम के बाहर सरकार के समर्थक प्रशंसकों ने सरकार विरोधी फुटबॉलप्रेमियों को परेशान किया। वेल्स की टीम विश्व कप में दूसरी बार जगह बनाई है, पहली बार वह 1958 में फीफा महासमर में खेली थी। बेल राष्ट्रीय टीम के लिए अब भी 41 गोल पर बरकरार हैं जबकि वह साथी क्रिस गंटर (109) को पछाड़कर टीम के लिए सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। ईरान के गोलकीपर अली बेरानवाद इंग्लैंड के खिलाफ मैच में कनकशन (सिर में चोट) के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए।



हुसैन होसेनी को उनकी जगह इस मैच में खिलाया गया। पिछले दो विश्व कप में क्वालीफाई करने वाली ईरान की टीम कभी भी नॉकआउट चरण तक नहीं पहुंच पाई है। इस जीत से ईरान के दो मैचों में तीन अंक हो गए हैं जबकि वेल्स का केवल एक ही अंक है। ईरान की टीम कतर में पहुंचने के बाद से ही देश में चल रही अशांति संबंधित सवालों से घिरी हुई है। खिलाड़ियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ एकजुटता दिखने के लिए पहले मैच में राष्ट्रगान भी नहीं गाया था। लेकिन शुक्रवार को उन्होंने एक दूसरे के कंधों पर हाथ रखकर राष्ट्रगान गाया। दोनों टीमें कभी भी विश्व कप में एक दूसरे के आमने सामने नहीं हुई हैं। वेल्स ने 1978 में उसके खिलाफ एकमात्र मैत्री मैच में 1-0 से जीत हासिल की थी।

### क्तर विश्व क्प में अभी तक हुए चार गोलरहित ड्रॉ

दोहा। फुटबॉल विश्व क्प इतिहास में एक टूर्नामेंट में गोलरहित (0-0) ड्रा का रिकॉर्ड सात है और ऐसा चार दफा (1982, 2006, 2010, 2014) हो चुका है। लेकिन क्तर में चल रहे विश्व क्प में गुरुवार को समाप्त हुए 16 मैचों में चार गोलरहित ड्रा हो चुके हैं जो टूर्नामेंट के रिकॉर्ड के आधे से ज्यादा है। अभी तक दोहा में मेक्सिको-पोलैंड, डेनमार्क-ट्यूनीशिया, क्रोएशिया-मोरक्को और दक्षिण कोरिया-उरुग्वे के मैचों में एक भी गोल नही हुए। रूस में हुए 2018 विश्व क्प में केवल एक ही मैच गोलरहित ड्रा हुआ था जो डेनमार्क और फ्रांस के बीच था।

### डेनमार्क के खिलाफ गोल की झड़ी लगाना चाहेंगे फ्रांस के गिरौड और एमबापे

दोहा। ओलिवियर गिरौड अगर शनिवार को विश्व क्प फुटबॉल में डेनमार्क के खिलाफ गोल दागने में सफल रहे तो वह थियरी हेनरी को पछाड़कर 52 गोल के साथ फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। टीम यहां के स्टेडियम 974 में डेनमार्क के खिलाफ जीत दर्ज कर के नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी। शनिवार को इस ग्रुप में अगर ट्यूनीशिया और ऑस्ट्रेलिया का मैच ड्रॉ रहा तो मौजूदा चैम्पियन फ्रांस ग्रुप विजेता के तौर पर अगले चरण में क्वालीफाई कर जाएगा। इस मैच में काफी कुछ दांव पर लगा है लेकिन फ्रांस के कप्तान ह्यूगो लोरिस कोई कोताही नहीं बरतना चाहते है। अगर आप किसी प्रतियोगिता में ज्यादा दूर की सोचेंगे तो फिसल सकते है। हमारे सामने एक बड़ा लक्ष्य है। ट्यूनीशिया के ड्रॉ खेलने के बाद डेनमार्क की टीम हर हाल में यह मुकाबला जीतना चाहेगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम के पिछले मुकाबले में गिरौड और एमबापे ने शानदार खेल दिखा कर 4-1 से जीत दर्ज की थी। फ्रांस की अग्रिम पंक्ति मजबूत दिख रही है लेकिन लुकास हर्नांडेज के साथ कुछ और खिलाड़ियों के चोटिल होने से टीम की रक्षा पंक्ति कमजोर हुई है। सेंटर डिफेंडर राफेल वर्ने 11 अक्टूबर को मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद से नहीं खेले है। फ्रांस के कोच डेसचैम्प्स ने संकेत दिया कि वर्ने शनिवार को मैदान पर दिखेंगे। उन्होंने कहा, वह पहला मैच (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) खेल सकता था क्योंकि वह फिट था। महत्वपूर्ण बात यह है कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार महसूस करे। वह पूरी तरह से तैयार है फ्रांस की टीम डेनमार्क को इसलिए भी हलके में नही ले रही है क्योंकि नेशन्स लीग में उसे इस टीम के खिलाफ दो बार शिकस्त का सामना करना पड़ा है। डेनमार्क जहां फ्रांस की कमजोर रक्षा पंक्ति का फायदा उठाना चाहेगे वही यह देखना भी दिलचस्प होगा की टीम गिरौड और एमबापे की अगुवाई वाली नई अग्रिम पंक्ति से कैसे निपटेगी।

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ ट्यूनीशिया के लिए अहम होगा अरब देशों के प्रशंसकों का समर्थन

दोहा। डेनमार्क को गोलरहित ड्रा पर रोकने के बाद आत्मविश्वास से भरी ट्यूनीशियाई टीम शनिवार को यहां फीफा विश्व क्प ग्रुप डी के दूसरे मैच में आस्ट्रेलिया के सामने होगी जिसमें उसे दर्शकों से घर जैसा समर्थन मिलेगा। विश्व क्प में जगह बनाने वाली अरब देशों की चार टीमों में से एक ट्यूनीशिया ने यूरोपीय चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली डेनमार्क को ड्रा पर रोकने के बाद प्रशंसकों को अपना मुरीद बना लिया। उसके समर्थक सिर्फ ट्यूनीशिया के ही नही है बल्कि फलस्तीन का झंडा लेने वाले प्रशंसक भी उसकी जीत की उम्मीद कर रहे है। मिस्र और अल्जीरिया टीम के समर्थक भी उसकी जीत की दुआ कर रहे है। कोच जलेल कादरी ने कहा, दोहा में ट्यूनीशिया के और अन्य प्रशंसकों के समर्थन से हमारा मनोबल बढ़ेगा। आस्ट्रेलिया को ग्रुप डी में अपने शुरूआती मैच में गत चैम्पियन फ्रांस से 1-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी। आस्ट्रेलियाई मिडफील्डर जैक्सन इर्विन ने कहा, हमने फ्रांस के खिलाफ मैच से सबक सीखा, जिसमें हमने दूर से तीन गोल गंवाए। फ्रांस तीन अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है जबकि ट्यूनीशिया और डेनमार्क के एक एक अंक है। आस्ट्रेलिया का खाता नही खुला है। ट्यूनीशिया की निगाहें अपने छठे विश्व क्प में पहली बार ग्रुप चरण से आगे बढ़ने पर लगी है।

### मेक्सिको के खिलाफ दबाव में होंगे मेस्सी और अर्जेंटीना

दोहा। सऊदी अरब से फीफा विश्व क्प के शुरूआती मैच मे मिली 1-2 की शर्मनाक हार के बाद लियोनल मेस्सी और अर्जेंटीना का काफी मजाक बनाया जा रहा है जिससे टीम शनिवार को मेक्सिको के खिलाफ होने मुकाबले में वापसी करने के लिए काफी दबाव में होगी। पहले ही मैच में मिली हार से अर्जेंटीना के टूर्नामेंट मे बने रहने पर खतरा मंडरा रहा है और अगर उसे अपनी उम्मीदों को बरकरार रखना है तो मेक्सिको के खिलाफ तुरंत वापसी करनी ही होगी। वर्ना उसे शर्मसार होकर टूर्नामेंट से बाहर होना होगा। दोहा में फैन पार्क और सड़कों पर सऊदी अरबी मे कह रहे है, मेस्सी कहां है, हमने उसकी आंख फोड़ दी। जिसका स्थानीय भाषा मे अर्थ है किसी आदमी को शर्मसार करना। मेस्सी ने कहा, हमने हमेशा कहा है कि हम प्रत्एक मैच मे जीतने की कोशिश करेंगे। और अब तो यह पहले से कहीं अधिक होगी। अर्जेंटीना के पूर्व खिलाड़ी और पूर्व कोच गेरार्डो मार्टिनो अब मेक्सिको के कोच है और वे प्रतिद्वंद्वी टीम को करारा झटका देने के लिए रणनीति तैयार कर रहे है। मार्टिनो ने 2014 से 2016 तक अपने देश अर्जेंटीना की अगुआई की, उन्हे लगातार कोपा अमेरिका के फाइनल में हार मिली जिसके बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। अब वह कोच के तौर पर मेक्सिको को अंतिम 16 में पहुंचाने की कोशिश मे जुटे है जिसके लिए वह अर्जेंटीना के खिलाफ कोई कोर कसर नही छोड़ना चाहेगे। मेक्सिको पिछले सात विश्व क्प मे से प्रत्एक मे नॉकआउट चरण का अपना पहला मैच गंवाता रहा है जिसमे से 2006 और 2010 में दो बार उसे अर्जेंटीना से हार मिली है। पर इस बार दोनो टीमों की भिड़ंत ग्रुप चरण मे हो रही है लेकिन टूर्नामेंट मे अभी सात ही दिन हुए है और यह मुकाबला करो या मरो का महसूस हो रहा है। और ऐसा विशेषकर अर्जेंटीना के लिए है। मार्टिनो ने कहा, मुझे नही लगता कि उनके (सऊदी अरब के खिलाफ) परिणाम से उनके खेलने के तरीके मे बदलाव होगा। मेक्सिको ने ग्रुप सी मे अपने पहले मैच मे पोलैंड से 1-1 से ड्रा खेला था। अर्जेंटीना को निश्चित रूप से अपने खेलने के तरीके मे कुछ बदलाव करना होगा। अर्जेंटीना के कोच के तौर पर लियोनेल स्कालोनी का यह पहला संकट होगा क्योंकि उन्हें मंगलवार को सऊदी अरब से मिली हार से पहले एक भी मैच में हार का सामना नही करना पड़ा था। यह देखना होगा कि वह किस तरह से प्रतिक्रिया करते है। क्या वह पिछले मैच मे खेलने उतरे उन्ही खिलाड़ियों को सुधार करने का मौका देंगे? या क्या उन्हें शुरूआती मैच में अपने लाइन अप में कुछ बदलाव की जरूरत होगी? सेंटर बैक क्रिस्टियन रोमेरो, फुल बैक नाहुएल मोलिना और निकोलास टैगेलियाफिको और मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल और लिएंड्रो पारेडेस ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हे बाहर किया जा सकता है।

### रोनाल्डो के रिकॉर्ड गोल के बाद घाना के कोच ने अमेरिकी रैफरी की आलोचना की

दोहा। घाना के कोच ओटो एडो ने पेनल्टी देने के लिए अमेरिकी रैफरी की आलोचना की जिस पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने विश्व क्प में रिकॉर्ड गोल दागकर पुर्तगाल को 3-2 से जीत दिलाई। एडो ने इस पेनल्टी को एक विशेष तोहफा करार दिया। रोनाल्डो ने गुरुवार को मैच के दूसरे हाफ में पेनल्टी हासिल कर इसे गोल मे तब्दील किया जिससे वह पांच विश्व क्प में गोल करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। एडो ने कहा, अगर कोई एक गोल करता है तो उसे बधाई। लेकिन यह तो वास्तव में एक तोहफा ही था। वास्तव में एक भेंट। उन्होंने कहा, मैं और क्या कह सकता हूं? यह विशेष तोहफा रैफरी की ओर से था। एडो ने बिना किसी इशारे के सीधे ही अमेरिकी रैफरी इस्माइल एलफाथ की आलोचना की जिससे वह फीफा द्वारा मुश्किल में पड़ सकते हैं।

### वेस्टइंडीज को अभ्यास मैच में जीत के लिए मिला 39 रन का लक्ष्य

कैनबरा। मैथ्यू रेनशॉ ने शुक्रवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ गुलाबी गेंद के अभ्यास मैच के तीसरे दिन नाबाद शतक जड़कर आस्ट्रेलियाई क्रिकेट चयनकर्ताओं के सामने मजबूत दावेदारी पेश की। कप्तान जोश इंगलिस ने आस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री एकादश की दूसरी पारी चार विकेट पर 221 रन पर घोषित की। रेनशॉ के शतक पूरा करने के चार गेंद बाद उन्होंने पारी घोषित की। रेनशॉ ने 218 गेंद में नाबाद 101 रन बनाए।

### टीमें पहले आस्ट्रेलिया का अनुकरण करना चाहती थी : मोईन

अबुधाबी। स्टार आल राउंडर मोईन अली को इस चलन में कुछ बुराई नही लगती कि प्रतिद्वंद्वी टीमें सफेद गेंद के क्रिकेट में उनके तरीके को अपनाने की कोशिश कर रही है जो वैश्विक टूर्नामेंट में उनकी अपार सफलता हासिल करने के बाद हुआ है। आस्ट्रेलिया में हाल मे टी20 विश्व क्प जीतने के साथ ही इंग्लैंड की टीम एक ही चक्र मे टी20 और वनडे विश्व क्प ट्राफी जीतने वाली पहली टीम बन गई।

### दिल्ली बुल्स ने नॉर्दन वॉरियर्स को हराया

अबू धाबी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शिराज अहमद ने आखिरी ओवर में महज दो रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे दिल्ली बुल्स ने अबु धाबी टी10 मैच मे नॉर्दर्न वॉरियर्स को चार रन से हराया। नॉर्दर्न वॉरियर्स को आखिरी ओवर में मैच जीतने के लिए सिर्फ सात रनो की जरूरत थी, लेकिन शिराज ने शेरफेन रदरफोर्ड को 26, उस्मान खान को 47 और मार्क डेयल को खाता खोले बगैर आउट कर टीम को जीत दिला दी। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर दिल्ली बुल्स ने 10 ओवर में 4 विकेट पर 119 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टिम डेविड ने टीम के लिए 42 रन का का योगदान दिया।

अक्षत भटनागर ने जीता सेंट्रल अकादमी इंटर स्कूल शतरंज टूर्नामेंट का खिताब

लखनऊ। शिवानी पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 के छात्र अक्षत भटनागर ने सेंट्रल अकादमी इंटर स्कूल शतरंज टूर्नामेंट-2022 में अंडर-14 बालक आयु वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। सेंट्रल अकादमी इंदिरानगर में गत 21 से 23 नवंबरए 2022 तक आयोजित इस टूर्नामेंट में अक्षत ने 15 स्कूलों के खिलाड़ियों के बीच शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अंडर.14 बालक आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले में मोहरो का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इस आयु वर्ग में सेंट्रल अकादमी जानकीपुरम दूसरे व डीपीएस इंदिरा नगर तीसरे स्थान पर रहा। अक्षत की इस सफलता पर शिवानी ग्रुप ऑफ़ स्कूल एंड कॉलेज की संस्थापक चेयरपर्सन श्रीमती सत्यभामा दुबे प्रबंधक मार्कण्डेय दुबे और सीईओ सुधीर दुबे ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पहले वनडे में सात विकेट से हारा भारत

भाषा। ऑकलैंड

● लेथम की आक्रमक शतकीय पारी से न्यूजीलैंड जीता



टॉम लेथम की 104 गेंद में नाबद 145 रन की आक्रामक पारी और चौथे विकेट के लिए कप्तान केन विलियमसन (नाबाद 94) के साथ 221 रन की अटूट साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में भारत को 17 गेंद बाकी रहते सात विकेट से करारी शिकस्त दी। मैन ऑफ द मैच लेथम ने 104 गेंद की नाबाद पारी में 19 चौके और पांच छक्के जड़े जबकि विलियमसन ने 98 गेंद की नाबाद पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 306 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड ने 47.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की ओर से पदार्पण करने वाले उमरान मलिक ने 10 ओवर में 66 रन देकर दो विकेट लिए जबकि एक सफलता शारदुल ठाकुर (नौ ओवर में 63 रन) को मिली। श्रेयस अय्यर (80), कप्तान शिखर धवन (72) और शुभमन गिल (50) के अर्धशतकों के बाद वाशिंगटन सुंदर की आखिरी ओवरों में 16 गेंद में 37 रन की नाबाद परी के बूते भारत ने 300 से ज्यादा रन बनाए। वाशिंगटन ने इस दौरान तीन चौके और इतने ही छक्के जड़े। अय्यर ने 76 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के लगाए तो वही धवन ने 77 गेंद में 13 चौके जड़े। उन्होंने गिल के साथ पहले विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी की। गिल ने 65 गेंद की पारी में एक चौका और तीन छक्का लगाया।

न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन (10 ओवर में 59 रन) और टिम साउदी (10 ओवर में 73 रन) ने तीन-तीन विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवन कॉन्वे (24) और फिन एलेन (22) ने न्यूजीलैंड के लिए सधी शुरुआत की। इस दौरान पदार्पण कर रहे अर्शदीप ने पारी के तीसरे और पाचंवे ओवर में तीन चौके और एक छक्का खाया।शारदुल ठाकुर ने छठा ओवर मेडन फेंका और आठवें ओवर में एलेन को विकेट के पीछे पंत के हाथों कैच कराकर टीम को पहली सफलता दिलाई। विलियमसन ने 15वें ओवर में चहल के खिलाफ लगातार गेंदों में चौके जड़ खुद से दबाव कम किया। उमरान ने अगले ओवर की शुरुआती गेंद पर कॉन्वे के रूप में अपना पहला विकेट लिया। क्रीज पर आए डेरिल मिशेल (11) ने चहल के खिलाफ छक्का लगाकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए लेकिन उमरान के खिलाफ ऐसी ही कोशिश में आउट हो गए। न्यूजीलैंड की टीम पर जरूरी रनगति के दबाव बढ़ रहा था लेकिन लेथम ने 23वें ओवर में उमरान के खिलाफ दो चौके जड़े। विलियमसन ने 29वें ओवर की पहली गेंद में शारदुल के खिलाफ चौका जड़कर अपना और लेथम के साथ साझेदारी का अर्धशतक पूरा किया। न्यूजीलैंड को अब लगभग आठ रन प्रतिओवर के हिसाब से जरूरी रन बनाने थे। विलियमसन और लेथम ने अब जोखिम लेना शुरू किया और लगातार अंतराल पर गेंद को सीमा रेखा के पार भेजते रहे।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी:** धवन का एलेन बो साउदी 72,गिल का कॉन्वे बो फर्ग्यूसन 50, अय्यर का कॉन्वे बो साउदी 80,पंत बो फर्ग्यूसन 15, सूर्यकुमार का एलेन बो फर्ग्यूसन 04, सैमसन का फिलिप्स बो मिल्ने 36, सुंदर नाबाद 37, ठाकुर का लैथम बो साउदी 07,अतिरिक्त: (बाई: 02, लेग बाई: 01, वाइड: 08) 11,**कुल योग:** (50 ओवर में सात विकेट पर) 306 रन,**विकेट पतन** :1-124, 2-124, 3-156, 4-160 , 5-254 , 6-300, 7-306 **गेंदबाजी:** साउदी 10-0-73-3,हेनरी 10-1-48-0, फर्ग्यूसन10-1-59-3,सैटनर 10-0-56-0,मिल्ने 10-0-67-1

**न्यूजीलैंड पारी:** एलेन का पंत बो शारदुल 22, कॉन्वे का पंत बो उमरान 24, विलियमसन नाबाद 94, मिशेल का स्थान्नापन (हुड्डा) बो उमरान 11, लेथम नाबाद 145, **अतिरिक्त:** (लेग बाई: 03, नोबॉल: 02, वाइड: 08) 13, **कुल योग:** (47.1 ओवर में तीन विकेट पर) 309 रन, **विकेट पतन:** 1-35, 2-68, 3-88, **गेंदबाजी:** अर्शदीप 8.1-0-68-0,शारदुल 9-0-63-1,वाशिंगटन10-0-42-0,उमरान 10-0-66-2,चहल 10-0-67-0

# भारतीय हॉकी टीम के सामने विश्व क्प से पहले ऑस्ट्रेलिया की चुनौती

भाषा। एडीलेड



**भारतीय पुरुष** हॉकी टीम शनिवार को यहां जब दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में मैदान में उतरेगी तो विश्व कप से पहले अपनी ताकत और कमजोरी का आकलन करने का उसके पास शानदार मौका होगा। हॉकी की दुनिया में लंबे समय से अपना दबदबा कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देना भारत के लिए हमेशा से मुश्किल रहा है। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया से 0-7 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद पहली बार दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार नहीं होगी लेकिन तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद टीम ने कुछ मैचों को छोड़कर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया आने से पहले भारतीय टीम ने भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो जीत और स्पेन के खिलाफ एक जीत और एक हार का सामना किया है। स्पेन और न्यूजीलैंड दोनों रैंकिंग में भारत से नीचे क्रमश: आठवें और नौवें स्थान पर है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया का उसके घरेलू मैदान में सामना करना भारतीय टीम के लिए पूरी तरह से अलग चुनौती होगी। भारतीय कोच रीड ने इस श्रृंखला के बारे में कहा, विश्व कप की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया से बेहतर कोई और जगह नहीं हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया के खेलने का तरीके को भारत में पसंद किया जाता है। इस श्रृंखला की सबसे अच्छी बात यह है कि दोनों टीमों को एक-दूसरे के अलग-अलग कौशल के बारे में सीखने को मिलेगा।

### न्यूजीलैंड से हारने के बावजूद भारत क्रिकेट विश्व क्प सुपर लीग तालिका में शीर्ष पर कायम

**दुबई।** मेजबान भारत शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती वनडे में सात विकेट की हार के बावजूद आईसीसी पुरूष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम इस जीत की बदौलत दो पायदान की छलांग से चौथे स्थान पर पहुंच गई है। भारत 19 मैचों में 129 अंक लेकर शीर्ष पर है जिसके बाद इंग्लैंड (18 मैचों में 125 अंक), आस्ट्रेलिया (18 मैचों में 120 अंक), न्यूजीलैंड (16 मैचों में 120 अंक) काबिज हैं।

# विश्व टीम शतरंज: भारत सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान से हारा

भाषा। यरूसलम

**भारत फिडे** विश्व टीम शतरंज चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां उज्बेकिस्तान से 1-3 से हार गया। दोनों टीमें पहले दौर के बाद 2-2 की बराबरी पर थी। एसएल नारायणन ने काले मोहरों के साथ खेलते हुए शमसीदीन वोखिडोव पर शानदार जीत के साथ भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन एस पी सेथुरमन को जाखोंगिर वोखिडोव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। विदित संतोष गुजराती और नोर्डिरबेक याकूबबोएव के अलावा निहाल सरीन और जावोखिर सिंधारोव के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। गुजराती और सरीन दूसरे दौर में क्रमश: याकूबबोएव और सिंधारोव से हार गए। नारायणन ने वोखिडोव को 44 चालों में हराया लेकिन सेथुरमन की जगह खेल रहे शशिकिरण ने सिंधारोव के साथ ड्रॉ खेला जिससे इस साल के शुरू में शतरंज ओलंपियाड में ओपन खिताब के विजेता उज्बेकिस्तान ने 2.5-1.5 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह पक्की की। एक अन्य सेमीफाइनल में चीन ने स्पेन को 3-1 से हराया। भारतीय टीम तीसरे स्थान के लिए स्पेन का सामना करेगी।

# धवन जिस तारीफ के हकदार हैं, उन्हें वो नहीं मिलती: शास्त्री

भाषा। ऑकलैंड

**पूर्व भारतीय** कोच रवि शास्त्री को लगता है कि अधिकतर विराट कोहली जैसे खिलाड़ी ही सुर्खियों में बने रहते हैं जबकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह तारीफ नहीं मिलती जिसके वह हकदार हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज धवन की पारी से प्रभावित शास्त्री ने प्रसारक प्राइम वीडियो पर कहा, वह बहुत अनुभवी खिलाड़ी है। वह जिस प्रशंसा का हकदार है, उसे नहीं मिलती। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो स्पॉटलाइट (आकर्षक का केंद्र) विराट कोहली और रोहित शर्मा पर ही रहती है। लेकिन अगर आप उसके वनडे क्रिकेट के रिकॉर्ड को देखो तो आपको कुछ पारियां ऐसी मिलेंगी जिसमें उसने शीर्ष टीमों के खिलाफ बड़े मुकाबले खेले हैं जो शानदार रिकॉर्ड है। शास्त्री ने कहा कि इस 36 साल के सलामी बल्लेबाज के पास बेहतरीन तेज गेंदबाजों के खिलाफ सफलता हासिल करने के लिए सभी तरह के शॉट्स हैं। उन्होंने कहा, शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाज की मौजूदगी से काफी अंतर पैदा होता है। वह नैसर्गिक रूप से स्ट्रोक्स खेलने वाला खिलाड़ी है, उसके पास शीर्ष स्तरीय तेज गेंदबाजी का सामना करने के लिए सभी तरह के शॉट्स हैं जैसे पुल शॉट, कट शॉट और ड्राइव शॉट। जब गेंद बल्ले पर आती है तो वह इन्हें खेलना पसंद करता है और मुझे लगता है कि यहां उसका अनुभव काफी फायदेमंद होगा। शास्त्री ने धवन को उनके शुरूआती वर्षों में गन प्लेयर करार दिया था। उन्होंने कहा, काफी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी मौजूद हैं, लेकिन मुझे लगता है कि खेल के इस प्रारूप में उनका (धवन का) अनुभव काफी महत्वपूर्ण होगा।

### हमने लेथम को शॉट गेंदें ज्यादा डाली: धवन

ऑक्लैंड। भारतीय कप्तान शिखर धवन का मानना है कि उनके गेंदबाज अपनी योजनाओं को अंजाम देने में विफल रहे और उन्होंने टॉम लेथम जैसे आक्रमक बल्लेबाज को काफी शॉर्ट गेंदबाजी की। श्रृंखला का दूसरा मैच रविवार को हैमिल्टन में खेला जाएगा। धवन ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, हम अपने स्कोर के साथ अच्छा महसूस कर रहे थे। शुरुआती 15 ओवर मे तेज गेंदबाजो की गेंद स्विंग हो रही थी। यह मैदान दूसरे मैदानो से अलग है। हमने आज शॉर्ट ऑफ लेथ गेंदे अधिक की जिस वजह से लेथम को बड़े शॉट खेलने में आसानी हुई। हमने क्षेत्ररक्षण भी खराब किया। लेथम ने हमारी शॉट गेंदबाजी का फायदा उठाया और मैच को हमारी पकड़ से दूर ले गए। उन्होंने 40 ओवर में चार बाउंड्री (पांच) लगाकर मैच का रूख अपनी ओर कर लिए। इस ओवर से पहले हम मैच मे बने हुए थे। न्यूजीलैड के कप्तान विलियमसन ने कहा कि लेथम ने ईडन पार्क मे विशेष पारी खेली। यह मैदान चौकोर है ऐसे मे किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता था। यह प्रतिस्पर्धी लक्ष्य था। अगर आप ईडन पार्क पर अच्छी साझेदारी करते है तो कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकते है। लेथम ने कमाल की पारी खेली। एकदिवसीय मे मैने जो बेहतरीन पारियां देखी है उससे मे यह एक है।

